दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — ये इश्क नहीं आसां बस इतना समझ...
4 अभिव्यक्ति — दिल्ली के बाद क्या बिहार की बारी है? ...
9 मनोरंजन/खेल — रोडीज़ रियल्टी टीवी में एक बेंचमार्क बन...
11 व्यापार — पर्यावरण संरक्षण के साथ सुनिश्चित...

www.navpradesh.com
बिलासपुर, शुक्रवार 14 फरवरी, 2020, फाल्गुन कृष्ण पक्ष-षष्ठी, विक्रम संवत-2076 वर्ष-05 अंक-304 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

हमारे माननीय हर साल 40 लाख लीटर मुफ्त पानी और 50 हजार यूनिट तक निःशुल्क बिजली पाते हैं। संसद की कैंटीन में लगभग मुफ्त खाना खाते हैं, तो दिल्ली के लोगों ने मुफ्त पानी और बिजली के लिए आम आदमी पार्टी को फिर से सत्ता सौंप कर कौन सा गुनाह कर दिया है? मतदाताओं को लालची बनाने वाले राजनीतिक दल ही हैं, जो किसनों की कर्ज माफी से लेकर एक-दो रूपए किलो में अनाज देने जैसी योजनाएं चलाते हैं और सत्ता की मलाई चाटते हैं। ये तो वहीं बात हुई - नेता करें तो रासलीला और जनता करें तो कैरेक्टर ढीला।

सूचना

बिहार चुनाव को लेकर नव प्रदेश में आज से खास कंटेंट

राजनीति के महान गुरु चाणक्य की धरती बिहार के लोग शिक्षा-रोजगार के लिए भले ही देश-विदेश के किसी भी हिस्से में चले गए हों, लेकिन उनकी राजनीतिक जागरूकता यथावत है। यहां भी भारी तादाद में बिहार के लोग हैं। ऐसे में 'नव प्रदेश' इसी साल सितंबर-अक्टूबर में संभावित बिहार विधानसभा चुनाव पर अपने पाठकों को बिहार के चुनावी महाभारत पर आज 14 फरवरी से विशेष सामग्री दे रहा है।

-संपादक

सुप्रीम कोर्ट का राजनीतिक पार्टियों को निर्देश

उम्मीदवारों का क्रिमिनल रिकॉर्ड जनता से साझा करें

नई दिल्ली। राजनीति को अपराधियों के चंगुल से मुक्त कराने की दिशा में सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक अहम आदेश देते हुए राजनीतिक दलों से कहा कि वह चुनाव मैदान में उतरने वाले प्रत्याशियों का क्रिमिनल रेकॉर्ड को जनता के सामने रखे। कोर्ट ने कहा कि वह प्रत्याशियों के आपराधिक रेकॉर्ड को साइट पर अपलोड करे। देश के सर्वोच्च न्यायालय ने साथ ही आगाह किया है कि इस आदेश का पालन नहीं किया गया, तो अवमानना की कार्रवाई की जा सकती है।



आपराधिक रिकार्ड को अखबारों, वेबसाइट और सोशल साइटस पर डालें

बीजेपी नेता और सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय की ओर से दायर अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने राजनीतिक दलों से कहा कि वे अपने प्रत्याशियों के आपराधिक रेकॉर्ड को अखबारों, बेवसाइट्स और सोशल साइट्स पर प्रकाशित करें। जस्टिस आरएफनरीमन और एस रविंद्र भट की बेंच ने कहा कि राजनीतिक ■ शेष पृष्ठ 8 पर

72 घंटे में पेश करें रिपोर्ट

इसके साथ ही पार्टियों से सवाल किया कि आखिर उनकी ऐसी क्या मजबूरी है कि वह आपराधिक पृष्ठभूमि के प्रत्याशियों को टिकट देती हैं। सियासी दलों को ऐसे उम्मीदवार को चुनने के 72 घंटे के भीतर चुनाव आयोग को अनुपालन रिपोर्ट देनी होगी जिसके खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं। जिन उम्मीदवारों के खिलाफ आपराधिक मामले लंबित हैं उनके बारे में अगर राजनीतिक दल कोर्ट की व्यवस्था का पालन करने में असफल रहते हैं तो चुनाव आयोग इसे शीर्ष अदालत के संज्ञान में लाएगा।

43% सांसदों पर केस

542 सांसदों में से 233 यानि 43 फीसदी सांसदों के खिलाफ आपराधिक मुकदमे लंबित हैं। हलफनामों के हिसाब से 159 यानि 29 प्रतिशत सांसदों के खिलाफ हत्या, बलात्कार और अपहरण जैसे गंभीर मामले लंबित है।

116 निर्वाचित भाजपा सांसद दागी

भाजपा के 303 में से 301 सांसदों के हलफनामे के विश्लेषण में पाया गया कि साध्वी प्रज्ञा सिंह सहित 116 सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले चल रहे हैं।

204 मुकदमे कांग्रेसी सांसद कुरियाकोस पर

204 लंबित मामलों वाले केरल से नवनिर्वाचित कांग्रेसी सांसद डीन कुरियाकोस हैं सूची में प्रथम। कांग्रेस के 52 में से 29 सांसद आपराधिक मामलों में घिरे हैं

सेन फ्रांसिस्कों में सीएम भूपेश ने ऐसे दिया निवेशकों को राज्य का न्यौता

बोले आप सभी आइए, राज्य को इज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए देश में मिला है शीर्ष स्थान

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अमेरिका प्रवास के दूसरे दिन सेन फ्रांसिस्को के इंडिया कम्युनिटी सेंटर, सेनजोस में टाई (द इंडयूस आन्टप्रिन्योर) सिलिकॉन वैली द्वारा आयोजित सम्मेलन में भारतीय समुदाय के लोगों के साथ चर्चा की। यहाँ भारतीय-अमेरिकी निवेशकों ने मुख्यमंत्री बघेल से बातचीत के दौरान छत्तीसगढ़ के कई क्षेत्रों में निवेश करने में गहरी दिलचस्पी दिखाई है।

औद्योगिक नीति निवेशकों के लिए काफी अनुकूल

सीएम बघेल ने यहाँ लगभग 250 निवेशकों को संबोधित करते हुये प्रदेश में निवेश की संभावनाओं और अवसरों की जानकारी देते हुये उन्हें आमंत्रित किया। इन दौरान उन्होंने चाना (छत्तीसगढ़ एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका)के सदस्यों से भी मुलाकात की। इंडिया कम्युनिटी सेंटर में चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विनिर्माण इकाइयों और उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थानों के बारे में बताया। उन्होंने जानकारी दी कि छत्तीसगढ़ को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए भारत में शीर्ष राज्यों में स्थान दिया गया है और कहा कि छत्तीसगढ़ निवेश करने के लिए सबसे अच्छी जगह है क्योंकि यह केंद्र में स्थित है और यहाँ बेहतर कनेक्टिविटी है। उन्होंने कहा कि राज्य की नई औद्योगिक नीति निवेशकों के लिए काफी अनुकूल है।

उन्होंने यह भी बताया कि रोजगार सृजन, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

खास खबर

फिक्सिंग: संजीव चावला के भारत प्रत्यर्पण से मुश्किल में फंसेंगे कई पूर्व क्रिकेटर्स

नई दिल्ली। सट्टेबाज संजीव चावला के भारत प्रत्यर्पण से कुछ पूर्व भारतीय क्रिकेट सितारे मुश्किल में पड़ सकते हैं। दिल्ली पुलिस साउथ अफ्रीका के पूर्व कप्तान दिवंगत हैंसी क्रोनिया से जुड़े मैच फिक्सिंग मामले के कथित मास्टरमाइंड को गुरुवार को लंदन से भारत ले आई है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच के सूत्रों ने आरोप पत्र के हवाले से कहा कि मैच फिक्सिंग मामले में अभी तक फरार चल रहा ब्रिटिश नागरिक चावला भारतीय खिलाड़ियों सहित कई अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों के साथ जुड़ा हुआ था।

नारायण मूर्ति के दामाद ऋषि सुनक बने ब्रिटेन के नए वित्त मंत्री

नई दिल्ली। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने भारतीय मूल के राजनेता ऋषि सुनक को गुरुवार को नया वित्तमंत्री बनाया। सुनक इंफोसिस के सह-संस्थापक नारायण मूर्ति के दामाद हैं।

दिल्ली विधान सभा हार: अब भूपेंद्र हुड्डा और ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी उठाए सवाल

कांग्रेस में शुरू हुई सिर फुटौव्वल

■ पूर्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दी रणनीति बदलने की नसीहत

नई दिल्ली ए.। कांग्रेस पार्टी दिल्ली के अलावा देशभर की सत्ता में लंबे समय तक काबिज रही है। अब उसकी हालत यह हो गई है कि वह दिल्ली में लगातार दो बार से शून्य सीटों पर बरकरार है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी कभी पार्टी की रणनीति पर सवाल उठा रहे हैं तो कभी एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं। ताजा मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जयराम रमेश और वीरप्पा मोइली ने की बदलाव की बात

दिल्ली के अलावा यूपी और बिहार में कांग्रेस की स्थिति पर चिंता जताते हुए वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने कहा कि पार्टी को खुद में बड़ा बदलाव करना होगा, नहीं तो वह अप्रासंगिक हो जाएगी। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरप्पा मोइली ने भी कहा कि पार्टी को जिंदा करने के लिए 'सर्जिकल ऐक्शन' की जरूरत है।

निर्भया के दोषी विनय शर्मा का कोर्ट में नया पैंतरा

मानसिक स्थिति ठीक नहीं

नई दिल्ली ए.। निर्भया गैंगरेप और मर्डर के दोषी फांसी की सजा टालने के लिए लगातार पैंतरेबाजी कर रहे हैं। दोषी विनय शर्मा ने राष्ट्रपति की ओर से दया याचिका खारिज किए जाने की प्रक्रिया पर सवाल उठाने के साथ ही मानसिक स्थिति खराब होने की दलील देकर फांसी से माफी की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति की ओर से दया याचिका खारिज करने के खिलाफ दोषी विनय शर्मा की याचिका पर फैसला शुक्रवार के लिए सुरक्षित रख लिया है। निर्भया केस में दोषी विनय के वकील ने फांसी टालने के लिए पैंतरा इस्तेमाल करते हुए कहा, 'विनय शर्मा की मानसिक स्थिति सही नहीं है, मानसिक रूप से प्रताड़ित होने की वजह से विनय मेंटल ट्रॉमा से गुजर रहा है, इसलिए उसको फांसी नही दी जा सकती है।' वकील एपी सिंह ने कहा, 'मेरे क्लाइंट को जेल प्रशासन द्वारा कई बार मानसिक अस्पताल में भेजा गया उसको दवाइयां दी गई किसी को मानसिक अस्पताल तब भेजा जाता है जब उसकी मानसिक स्थिति सही नहीं हो।

केम छो ट्रंप

210 मिनट, 1 लाख की भीड़

'हाउडी मोदी' की तर्ज पर अहमदबाद में पीएम मोदी ट्रंप और उनकी पत्नी का स्वागत करेंगे

अहमदाबाद ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के न्यौते पर भारत की पहली यात्रा पर आ रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप 'केम छो' कहते नजर आएंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप 24 फरवरी से शुरू हो रही अपनी भारत यात्रा की शुरुआत गुजरात से करने जा रहे हैं। अमेरिका में हुए 'हाउडी मोदी' की तर्ज पर गुजरात के अहमदबाद शहर में बने दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम में एक लाख लोगों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया का भव्य स्वागत करेंगे।

मैं भारत जाने के इंतजार में हूं

'केम छो ट्रंप' कार्यक्रम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप सीधे अहमदाबाद पहुंचेंगे और करीब 210 मिनट तक यहां रहेंगे। ट्रंप के स्वागत के लिए मोदी के एयरपोर्ट पहुंचने की खबरें भी हैं। मोदी के गृह राज्य गुजरात आ रहे ट्रंप अपने दौरे को लेकर बेहद उत्सुक हैं। पीएम मोदी की प्रशंसा करते हुए पिछले दिनों ट्रंप ने कहा था, 'वह (प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी) मेरे दोस्त हैं, वह बेहद शानदार इंसान हैं। मैं भारत जाने के इंतजार में हूं, हम लोग इस महीने के अंत में भारत जा रहे हैं।

समुंद्र सिंह की जमानत याचिका खारिज

■ सुप्रीम कोर्ट ने भी जमानत देने से किया इंकार

■ शराब ठेकेदारों को लाभ तो सरकार को पहुंचा था नुकसान

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। आबकारी विभाग के सर्वेसर्वा बताए जाने वाले और ओएसडी रहे समुंद्र सिंह की अग्रिम ज़मानत याचिका सुप्रीम कोर्ट से ख़ारिज हो गई है। सुप्रीम कोर्ट ने समुंद्र सिंह की अग्रिम जमानत याचिका को ख़ारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस के एम जोसेफ और जस्टिस कौल ने अग्रिम ज़मानत याचिका पर सुनवाई की। समुंद्र सिंह की ईओडब्ल्यू को अपराध क्रमांक 12/2019 में तलाश है। ईओडब्ल्यू के इस एफआईआर में समुंद्र सिंह के विरुद्ध धारा 420,467, 468,471, 120बी, 409, और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 (3) प्रभावी है। समुंद्र सिंह पर आरोप है कि वर्ष 2006 से 2017 के बीच उन्होंने शराब मूल्य निर्धारण में अहम भुमिका निभाई, जिससे शराब ठेकेदारों को फ़ायदा हुआ जबकि राज्य सरकार को करोड़ों का नुक़सान हुआ।

एनजीओ घोटाला: आरोपित अफसरों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

■ पूर्व सीएस ढांड की याचिका पर सुनवाई, सीबीआई जांच पर लगी रोक

नवप्रदेश संवादाता

रायपुर। समाज कल्याण विभाग और एनजीओ की मिलीभगत से हुए करोड़ों के घोटाले के मामले में आरोपित अफसरों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। छत्तीसगढ़ सरकार और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांढ़ की तरफ से पेश की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच पर रोक लगा दी है।

हाईकोर्ट के निर्देश को सुप्रीम कोर्ट में दी गयी चुनौती पर कोर्ट ने फिलहाल जांच पर रोक लगायी है। समाज कल्याण विभाग में हुए सैंकड़ों करोड़ के घोटाले में हाईकोर्ट ने सीबीआई जांच के आदेश दिये थे। इस आदेश के बाद भोपाल में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। इस मामले में कई आईएएस अधिकारी समेत समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

ग्राम सरकार — अधिकांश जनपद पंचायतों में तैनात अध्यक्ष पदों पर हुई तैनाती, कुछ जिलों के जनपद पंचायतों में निर्वाचन जारी

कहीं कांग्रेस को बढ़त तो कहीं भाजपा ने मारी बाजी

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। प्रदेश के जनपद पंचायतों में अध्यक्षों के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया जारी है। कई जिलों के रिजल्ट आ चुके हैं। कुछ जिलों के जनपद पंचायतों में प्रक्रिया अभी भी जारी है। अब तक आई खबरों के अनुसार नतीजे इस प्रकार हैं -

बलौदाबाजार- बलौदाबाजार जिले में 6 जनपद पंचायतों के अध्यक्ष पद के लिये आज मतदान हुआ। जिसमें से 2 में कांग्रेस का वहीं 1 में बीजेपी का कब्जा रहा। सिमगा जनपद में कांग्रेस समर्पित वीणा आडिल, पलारी जनपद में कांग्रेस के खिलेन्द्र वर्मा, बिलाईगढ जनपद में कांग्रेस समर्थित भूमिका कथाकर, भाटापारा जनपद में कांग्रेस की संगीता साहु, कसडोल जनपद में बीजेपी की गौरीदेवी, बलौदाबाजार में बीजेपी समर्थित सुमन योगेश वर्मा अध्यक्ष बनीं। कुल मिलाकर बलौदाबाजार जिले के 6 जनपद पंचायतों में से 4 पर कांग्रेस और 2 पर बीजेपी का कब्जा हो गया।

कोरिया-मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत में कांग्रेस का कब्जा हो गया है। कांग्रेस ने 15 साल बाद जनपद में वापसी की है। कांग्रेस के डॉक्टर विनय शंकर सिंह निर्विरोध जनपद अध्यक्ष बने। कांग्रेस के ही राजेश साहू निर्विरोध जनपद उपाध्यक्ष बने।

कोंडागाँव- कोंडागाँव जनपद पंचायत से कांग्रेस समर्थित शिवलाल मंडावी जनपद अध्यक्ष बने।

धमतरी-मगरलोड जनपद मे कांग्रेस का कब्जा हो गया है। कांग्रेस की ज्योति ठाकुर अध्यक्ष बन गई हैं। ज्योति को 23 में से 13 वोट हासिल हुए । भाजपा के प्रत्याशी को मात्र 10 वोट मिले। नगरी जनपद में भाजपा का फिर कब्जा हो गया है। बीती रात ही कांग्रेस से भाजपा में गई दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष बन गई हैं। दिनेश्वरी को 25 में से 13 वोट मिले हैं।

बेमेतरा- जनपद पंचायत बेमेतरा से कांग्रेस की कुमारी बाई झाड़ूराम जायसवाल अध्यक्ष बनी हैं। उन्हें 19 मत मिले। कुल 23 मतों में से भाजपा की कुलवंतीन बाई साहू को सिर्फ 4 मत मिले। जनपद पंचायत साजा से कांग्रेस के दिनेश वर्मा निर्विरोध अध्यक्ष बने।

दन्तेवाड़ा- दन्तेवाड़ा जनपद से भाजपा समर्थित प्रत्याशी सुनीता भास्कर जनपद अध्यक्ष बनीं हैं। 6 वोट पक्ष में पड़े 4 वोट विपक्ष में पड़े। 1 मत रिजेक्ट रहा। 1 जनपद सदस्य नही पहुँचा। गीदम और दन्तेवाड़ा दोनों जनपदों में भाजपा का अध्यक्ष पद पर कब्जा हुआ है। उपाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया जारी है।

जांजगीर चाम्पा- डभरा जनपद पंचायत में कांग्रेस की पत्रिका दयाल सोनी निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए। कांग्रेस पूर्ण बहुमत में थी। जनपद पंचायत के 25 ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बिहारी महाभारत | जनादेश के अपमान का गड़ा मुर्दा उखाड़ जनता के बीच नीतीश के खिलाफ माहौल बनाएगा विपक्ष, झारखंड के बाद दिल्ली चुनाव से भाजपा को नुकसान

नीतीश के महागठबंधन छोड़ने का वाकया याद दिलाएंगे तेजस्वी

■ तापमान के साथ बिहार में बढ़ेगी राजनीतिक सरगर्मी

शिशिर सिन्हा/ नव प्रदेश

पटना। 'यू-टर्न' यह टर्म एक बार फिर बिहार की राजनीति में गूंजेगी। किसी बड़े नेता के यू-टर्न लेने की उम्मीद अब नहीं बची है, लेकिन विपक्ष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पिछले विधानसभा चुनाव में मिले जनादेश का अपमान करने के दोषी के रूप में प्रचारित करने की तैयारी में है।

2015 के विधानसभा चुनाव में नीतीश की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने लालू प्रसाद यादव के राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को करारी शिकस्त देने के साथ महागठबंधन के विधायकों ने पहले से तय नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया था, लेकिन जुलाई 2017 में उन्होंने राजग में वापसी करते हुए अपनी कुर्सी तो कायम रखी, लेकिन एक झटके में सत्तापक्ष से विपक्ष में गए महागठबंधन को बैठे-बिठाए जनादेश के अपमान का मुद्दा दे दिया। झटके के बाद कुछ महीनों तक महागठबंधन के प्रमुख दलों- राजद और कांग्रेस ने नीतीश को इस मुद्दे पर जमकर घेरा।

धोखेबाज, यू-टर्न मास्टर जैसे विशेषण सजाए, लेकिन फिर धीरे-धीरे यह मुद्दा शांत पड़ गया। अब चुनाव की आहट के साथ ही माना जा रहा है कि नीतीश को आहत करने के लिए विपक्ष ने उसी गड़े मुर्दे को जिंदा करने की तैयारी कर ली है। ऐसी तैयारी, जिसमें जनता को हर जगह याद दिलाया जाएगा कि नीतीश कुमार ने पिछले विधानसभा चुनाव में महागठबंधन के लिए जनादेश लिया और बीच में राजग के साथ जाकर जन-मन का अपमान किया।

गतिरोध के बावजूद कायम रही सरकार

243 सदस्यों वाली बिहार विधानसभा में राजद अब भी सबसे बड़ा दल है, लेकिन सरकार से बाहर है। जुलाई 2017 में नीतीश राजग में गए तो उनके पास कुर्सी बचाने के लिए जादुई आंकड़े 122 का जुगाड़ था। तब जदयू के 71 के साथ भाजपा के 53 विधायकों का साथ मिलते ही संख्या पूरी हो गई। रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के पास राजग के हिस्से के दो विधायक थे ही। विश्वासमत हासिल करने के बाद से कई बार नीतीश कुमार के राजग में गतिरोध की खबर आई। खासकर, लोकसभा चुनाव के पहले सीट बंटवारे और फिर जीत के बाद केंद्र में एक मंत्रीपद मिलने को लेकर। लेकिन, तमाम गतिरोधों के बीच राज्य में राजग की सरकार कायम रही। विधानसभा चुनाव की आहट के साथ रणनीतिकार से जदयू के दूसरे नंबर के पदाधिकारी बने प्रशांत किशोर राजग को डगमगाने की कोशिश में खुद पार्टी से बाहर हो गए।

...अब जुलाई 2017 की घटना याद दिलाएंगे तेजस्वी

जदयू से बाहर होने के बाद दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) के लिए कैंपेन करने गए प्रशांत किशोर अब दिल्ली की जीत के साथ बिहार में विपक्ष को नीतीश-भाजपा के खिलाफ कुछ खास मंत्र दें तो आश्चर्य नहीं होगा। लेकिन, अभी सबसे खास बात यही निकल कर सामने आ रही है कि बिहार के मुख्य विपक्षी दल राजद के प्रमुख लालू प्रसाद के जेल में रहने के कारण पूरी तरह कमान संभाल रहे तेजस्वी यादव जुलाई 2017 के नीतीश के स्टैंड को लेकर जनता के बीच जाने की तैयारी कर रहे हैं। बड़े भाई तेज प्रताप यादव भी तेजस्वी की इस मुहिम में साथ देने के लिए एक बार फिर राजनीति में सक्रिय हो गए हैं।

प्रशांत किशोर के जाते ही सीटों का बवाल हो गया शांत

प्रशांत किशोर जब तक जदयू में रहे, भाजपा के लिए परेशानी का सबब बने रहे। लोकसभा चुनाव में भाजपा-जदयू को बराबरी की 17-17 सीटें बांटने और छह सीटें लोजपा को देने का फॉर्मूला भी प्रशांत किशोर के कारण ही तय हुआ था। भाजपा और लोजपा की सारी सीटों पर जीत के साथ ही नमो की लहर में जदयू ने भी 17 में से 16 सीटें जीत ली थीं। जदयू ने लोकसभा चुनाव में अपने कई

विधायकों और सांसद उम्मीदवार से काफी नीचे के प्रोफाइल के नेताओं को उतारा, लेकिन नमो लहर में एक को छोड़ सारे निकल गए। तब भी प्रशांत किशोर ने जदयू को बड़ा भाई बताने का शिगूफा छोड़ भाजपा को परेशान किया था और पिछले दिनों हटाए जाने तक इसी नाम पर देश की सरकार चला रही पार्टी को परेशान किए रखा था। अब सीटों का बवाल शांत है। दिल्ली चुनाव में भाजपा ने तीन से बढ़कर आठ सीटें जीती हैं, इसे वह अच्छा परफॉर्मेंस बताने से नहीं चूक रही। जबकि दूसरी ओर जदयू-लोजपा भी आप के सामने दिल्ली में राजग के लिए ताकत आजमाकर शांत है। दिल्ली के हालात के बाद राजग का कोई भी दल बड़बोलापन की स्थिति में नहीं है। ऐसे में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए सीटों पर औपचारिक हल्के गतिरोध से ज्यादा बवाल की स्थिति फिलहाल नहीं बची दिख रही है।

वजीरगंज कोर्ट में फेंके गए देसी बम, तीन वकील घायल

लखनऊ (ए.)। उत्तर प्रदेश के लखनऊ में वजीरगंज स्थित कचहरी के गेट नम्बर चार के पास गुरुवार सुबह कुछ वकीलों ने अपने साथियों के साथ लखनऊ बार एसोसिएशन के संयुक्त मंत्री संजीव लोधी पर बम से हमला कर दिया।

इन हमलावरों ने ताबड़तोड़ सात-आठ बम फेंके जिसमें दो बम फट गए। इससे सिर पर चोट लगने से संजीव लोधी घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दो अन्य वकील भी मामूली चोटिल हुए है। इस घटना से नाराज वकीलों ने हंगामा किया और कोर्ट के अंदर सुरक्षा में लापरवाही का आरोप लगाया। पुलिस का कहना है कि मौके पर तीन सुतली बम मिले हैं। पीड़ित वकील के साथियों ने दो हमलावरों के नाम बताये है। इस बारे में पड़ताल की जा रही है।

एडीसीपी विकास चंद्र त्रिपाठी का कहना है कि कोर्ट नम्बर चार के पास संजीव लोधी अपने चैम्बर पर थे। उनके साथी वकील श्याम सुन्दर के मुताबिक करीब 11 बजे गेट नम्बर आठ और चार से एक दर्जन लोग आये। इनमें चार वकील भी थे। इन लोगों ने वहां पहुंचते ही संजीव लोधी के चैम्बर गेट पर तीन चार बम फेंके। इससे संजीव चोटिल हुए। इस बीच उनके साथी उन्हें बचाने पहुंचे। तभी हमलावरों ने श्याम सुन्दर को पिस्टल दिखाते हुए पकड़ लिया। फिर इन लोगों ने कुछ और बम से हमला किया। इसके बाद हवा में फायरिंग करते हुए फरार हो गए।

वकील से विवाद के बाद दी थी धमकी

इस घटना की सूचना मिलते ही कई वकील वहां पहुंच गए और सुरक्षा को लेकर नारेबाजी करने लगे। इस बीच संजीव लोधी को उनके साथी अस्पताल ले गए। उनकी हालत खतरे से बाहर बतायी जा रही है। साथी वकील श्याम सुन्दर का आरोप है कि दो दिन पहले संजीव लोधी का एक वकील से विवाद हुआ था। उसने जान से मारने की धमकी दी थी। इसके अलावा अन्य बिन्दुओं पर पुलिस पड़ताल कर रही है। श्याम ने पुलिस को दो हमलावर वकीलों के नाम बताये हैं। सीसी फुटेज के आधार पर पुलिस हमलावरों की तलाश कर रही है।

प्रदूषण पर प्रति सेकंड 3.39 लाख खर्च करता है भारत

जीडीपी को 5.4% का नुकसानः रिपोर्ट

नई दिल्ली (ए.)। भारत अपने सकल घरेलू उत्पाद यानि जीडीपी का 5.4त्न वायु प्रदूषण में खर्च करता है जबकि देश सेहत पर सकल घरेलू उत्पाद का करीब 1.28त्न खर्च करता है। CREA और Green Peace South Asia की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार वायु प्रदूषण से विश्व को होने वाली सालाना क्षति 2.9 ट्रिलियन डॉलर के करीब आंकी गई है, जो विश्व की कुल जीडीपी का 3.3 फीसदी है वहीं देश में प्रति वर्ष 10.7 लाख करोड़ (150 बिलियन अमेरिकी डॉलर) की क्षति होती है, जो देश की जीडीपी का 5.4 फीसदी के करीब है। यानि भारत हर सेकंड 3.39 लाख रुपये वायु प्रदूषण पर खर्च करता है।

10.7 लाख करोड़ की क्षति

इससे चीन को 900 बिलियन यूएस डॉलर और अमेरिका को 600 बिलियन अमेरिकी डॉलर की क्षति पहुंच रही है। जीवाश्म ईंधन के इस्तेमाल के कारण हर साल लाखों लोगों की मौत होती है और भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ती है। रिपोर्ट के अनुसार, इसके चलते भारत में प्रतिवर्ष करीब दस लाख मौतें होती हैं और 10.7 लाख करोड़ की क्षति होती है। मामले में भारत, चीन और अमेरिका के बाद तीसरे नंबर पर है।

49 करोड़ दिन लोगों ने काम से ली छुट्टी

आर्थिक लागत का एक अन्य स्रोत यह है कि हर साल बच्चे के अस्थमा के लगभग 350,000 नए मामले जीवाश्म ईंधन से जुड़े हैं। भारत में लगभग 1,285,000 बच्चे जीवाश्म ईंधन से होने वाले प्रदूषण की वजह से अस्थमा के शिकार हैं। रिपोर्ट के अनुसार जीवाश्म ईंधन से प्रदूषण के संपर्क में आने से होने वाली बीमारी के कारण लगभग 49 करोड़ दिन लोगों ने काम से छुट्टी ली है।

2.3 मिलियन लोगों की मौत

एक पूर्व अध्ययन ने 2017 में गणना की थी कि भारत में प्रति मिनट 4 लोग - या वर्ष में 2.3 मिलियन लोगों की मृत्यु हुई, जो दुनिया में सबसे अधिक थी। छ्त्रॠ- लहद्वद्वट्ट क्व्द्धइड्ढ की रिपोर्ट के अनुसार 2018 में वायु प्रदूषण के कारण होने वाली मौतों की कुल संख्या 4.5 मिलियन है। जिसका अर्थ है कि वायु प्रदूषण के कारण हर दो मिनट में 17 लोगों की मौत हुई। प्रत्येक मौत के कारण औसतन 19 साल की उम्र का नुकसान हुआ, यानि दुनिया ने सामूहिक रूप से 85.5 मिलियन साल खो दिए। वैश्विक रूप से, जीवाश्म ईंधन के जलने से होने वाले वायु प्रदूषण के कारण 2018 में आर्थिक नुकसान 2.86 ट्रिलियन डॉलर के करीब था - जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार से थोड़ा अधिक है, जो कि 2018-19 में 2.8 ट्रिलियन डॉलर थी।

घर में किया कीटनाशक का छिड़काव, दम घुटने से पति-पत्नी की मौत

पुणे (ए.)। पुणे में एक घर के अंदर कीटनाशकों का छिड़काव एक दंपति के लिए मौत का सबब बन गया। मंगलवार को घर के अंदर कीटनाशकों के छिड़काव की वजह से एक पति-पत्नी की दम घुटने से मौत हो गई। गणेश विहार सोसाइटी में रह रहे इस मृतक पति-पत्नी की पहचान अपर्णा मजली (54) और उसके पति अविनाश (64) के रूप में हुई है। पुलिस ने इस बात की जानकारी दी। जांचकर्ताओं ने बताया कि उनके फ्लैट को 11 फरवरी की सुबह कीट नियंत्रण सेवा के रूप में कीटाणनाशक का छिड़काव किया गया था। उस दिन दंपति अपने रिश्तेदारों के घर गए थे और शाम को अपने फ्लैट में लौट आए। घर आते ही उन्हें थोड़ा एहसास हुआ कि हानिकारक गैसें अभी भी हवा में हैं, क्योंकि खिड़कियां बंद थीं और हवा बाहर निकलने के लिए कोई जगह नहीं थी। जहरीली गैसों का असर इतना हो गया कि दम घुटने से अविनाश जमीन पर गिर गया। सांस लेने में पत्नी को भी परेशानी होने लगी। उनकी बेटी शाम करीब 7 बजे घर आई और अपने माता-पिता को गंभीर हालत में देखकर हैरान रह गई। इसके बाद तुरंत उसने मदद की गुहार लगाई। उसकी आवाज सुन पड़ोसी आए और उन्हें 45 मिनट की दूरी पर स्थित चिंतामणी अस्ताल लेकर गए, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस अधिकारी आर एस उसगांवकर ने कहा कि मृतक दंपति ने आवश्यक सावधानियां नहीं बरती, जिसकी वजह से यह हादसा हुआ।

गैस सिलेंडर में विस्फोट, 19 घायल, 9 की हालत नाजुक

जयपुर। राजस्थान के सीकर जिले में गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। गैस सिलेंडर का यह विस्फोट इतना खतरनाक था कि इसमें करीब 13 लोग घायल हो गए। घायलो में 9 की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें जयपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विस्फोट के बाद की कुछ तस्वीरें भी जारी की है। बताया जा रहा है कि विस्फोट की वजह से आग लग गई, जिसमें ये लोग झुलस गए। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

गार्गी कॉलेज छेड़खानी मामला

कोर्ट ने सभी आरोपियों को 14 दिन के लिए भेजा हिरासत में

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में 'फेस्ट' के दौरान छह फरवरी को छात्राओं के साथ हुई कथित छेड़खानी के मामले में गिरफ्तार किए गए सभी 10 आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली की एक कोर्ट ने गार्गी कॉलेज मामले में गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने सभी को कोर्ट में पेश किया था। बता दें कि दिल्ली पुलिस ने इस घटना के सिलसिले में 10 फरवरी को प्राथमिकी दर्ज की थी। गार्गी कॉलेज में छह फरवरी को आयोजित 'रेविएरा फेस्ट' में पुरुषों का एक समूह घुस आया और छात्राओं के साथ बदसलूकी की। शर्मा से पीठ ने कहा, 'आप दिल्ली उच्च न्यायालय क्यों नहीं जाते।

अगर वह याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दें तब यहां आएं।' शीर्ष अदालत ने कहा कि वह इस मामले पर दिल्ली उच्च न्यायालय का दृष्टिकोण जानना चाहते हैं। शर्मा ने मामले से जुड़े इलेक्ट्रॉनिक सबूतों को नष्ट किए जाने का संदेह जाहिर किया था। इस पर शीर्ष अदालत ने कहा, 'दिल्ली उच्च न्यायालय इस पर तेलंगाना उच्च न्यायालय जैसा फैसला दे सकता है, जिसमें उसने पुलिस मुठभेड़ मामले के इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य को सुरक्षित रखने को कहा था।

सीबीआई जांच की मांग पर कोर्ट

उच्चतम न्यायालय ने गार्गी महिला कॉलेज में सांस्कृतिक उत्सव के दौरान छात्राओं के साथ कथित छेड़छाड़ की घटना की शीर्ष अदालत की निगरानी में सीबीआई से जांच कराने के लिये दायर जनहित याचिका पर बृहस्पतिवार को विकार करने से इंकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश एस. ए. बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ ने याचिकाकर्ता वकील मनोहर लाल शर्मा से कहा कि उन्हें इसके लिये दिल्ली उच्च न्यायालय जाना चाहिए। शर्मा ने इस याचिका का उल्लेखन करते हुये पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया था।

एलपीजी सिलेंडर की कीमत में वृद्धि

राहुल ने किया पोस्ट, स्मृति की गैस वाली तस्वीर वायरल

नई दिल्ली (ए.)। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रसोई गैस की कीमत में बड़ी वृद्धि को लेकर बीजेपी पर निशाना साधा है। राहुल ने यूपीए सरकार के समय की एक तस्वीर शेयर की है जिसमें स्मृति इरानी सिलेंडर लेकर सड़क पर प्रदर्शन करती दिख रही हैं। राहुल ने लिखा, 'मैं बीजेपी के इन सदस्यों से सहमत हूं जो एलपीजी सिलेंडर की कीमत में 150 रुपये की बड़ी वृद्धि का विरोध कर रहे हैं।' #RollBackHike के जरिए राहुल ने बढ़ी हुई कीमतें वापस लेने की मांग की।

गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव समाप्त होते ही पेट्रोलियम कंपनियों ने बुधवार को देश में उपभोक्ताओं को बड़ा झटका देते हुए रसोई गैस सिलेंडर के दाम में भारी इजाफा किया है। बिना सब्सिडी के 14.2 किलोग्राम वाला सिलेंडर देश के विभिन्न हिस्सों में 149 रुपये तक महंगा हो गया है। देश की राजधानी दिल्ली में बिना सब्सिडी वाले एलपीजी सिलेंडर का दाम 144.50 रुपये बढ़ गया है।

केजरीवाल के शपथ ग्रहण में बाहरी को न्योता नहीं, दिल्ली के लोग होंगे शामिल

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल के शपथ ग्रहण समारोह में किसी मुख्यमंत्री या अन्य राज्यों के नेताओं को आमंत्रित नहीं किया जाएगा, बल्कि सिर्फदिल्ली के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। पार्टी नेता गोपाल राय ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

अरविंद केजरीवाल 16 फरवरी को दिल्ली के रामलीला मैदान में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बता दें कि इससे पहले ऐसी रिपोर्ट आई थी कि आम आदमी पार्टी की सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में दूसरे राज्यों के मुख्यमंत्री या अन्य दलों के नेताओं को आमंत्रित करने से परहेज कर रही है। इस शपथ ग्रहण समारोह में सिर्फ दिल्ली के लोगों और आम आदमी पार्टी के नेताओं को ही आमंत्रित किया जाएगा।

16 फरवरी को लेंगे सीएम पद शपथ

आम आदमी पार्टी की दिल्ली इकाई के संयोजक राय ने बताया कि केजरीवाल दिल्ली केन्द्रित समारोह में तीसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। उन्होंने कहा, 'कोई मुख्यमंत्री या अन्य राज्यों के किसी नेता को इस समारोह में आमंत्रित नहीं किया जाएगा, यह केवल दिल्ली तक सीमित रहेगा।' दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज कर दिल्ली की सत्ता में वापसी करने वाले अरविंद केजरीवाल लगातार तीसरी बार 16 फरवरी को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

कांग्रेस के 63 प्रत्याशियों की जमानत जब्त

उन्होंने कहा कि केजरीवाल दिल्ली के लोगों के बीच शपथ लेंगे, जिन्होंने उनके नेतृत्व में एक बार फिर विश्वास दिखाया है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनावों में एक बार फिर आम आदमी पार्टी ने बंपर जीत हासिल की है। मंगलवार को आए नतीजों में आम आदमी पार्टी ने पचास फीसदी से ज्यादा वोट लेकर 62 सीटों पर जीत हासिल की है। मुख्य विपक्षी दल भाजपा के विधायकों की संख्या तीन से बढ़कर आठ हो गई है।

विदेश मंत्री का दावा, पटेल को कैबिनेट में शामिल नहीं करना चाहते थे नेहरू

■ वीपी मेनन की जीवनी पर लिखी किताब के हवाले से जयशंकर ने किया है यह दावा

■ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने ट्वीट कर दिखाई माउंटबेटन को भेजी नेहरू की चिट्ठी

नई दिल्ली (ए.)। तो क्या भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू सरदार वल्लभभाई पटेल को अपने कैबिनेट में शामिल नहीं करना चाहते थे? दरअसल, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक किताब के हवाले से ट्वीट किया था कि नेहरू 1947 में अपनी कैबिनेट में पटेल को शामिल नहीं करना चाहते थे और कैबिनेट की पहली लिस्ट से उन्हें बाहर भी कर दिया था। हालांकि कांग्रेस ने किताब में किए गए इस दावे को गलत बताते हुए नेहरू का माउंटबेटन को लिखी चिट्ठी शेयर की है, जिसमें पटेल का नाम कैबिनेट लिस्ट में टॉप पर है।

जयशंकर ने सिलसिलेवार ट्वीट में लिखा कि निश्चित तौर पर इस मुद्दे पर बहस की जरूरत है। मैंने पाया कि लेखक इस खुलासे पर कायम थीं। बता दें कि भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले वीपी मेनन की जीवनी पर नारायणी बसु द्वारा लिखी किताब 'वीपी मेनन' का

जयशंकर ने विमोचन किया था। जयशंकर ने एक ट्वीट में लिखा है कि राजनीति का इतिहास लिखने के लिए ईमानदार होना होता है। उन्होंने इसी ट्वीट में किताब में मेनन के शब्दों को ट्वीट करते हुए लिखा है, 'जब सरदार का निधन हुआ, तो उनकी स्मृतियों को मिटाने का बड़ा अभियान शुरू हुआ। मुझे यह पता था, क्योंकि मैंने यह देखा था और मैं उस समय खुद को पीड़ित महसूस करता था।'

जयशंकर के ट्वीट पर गुहा भिड़े

हालांकि जयशंकर के इस ट्वीट पर प्रसिद्ध इतिहासकार राहचंद्र गुहा ने निशाना साधा और उन्हें इसकी चिंता छोड़ने की सलाह दे डाली। उन्होंने एक ट्वीट कर लिखा, 'यह एक मिथ है, प्रोफेसर श्रीनाथ राघवन ने अपने लेख में इस दावे को गलत ठहरा चुके हैं। इस बारे में झूठ का प्रचार करना विदेश मंत्री का काम नहीं है। उन्हें यह काम बीजेपी के आईटी सेल के लिए छोड़ देना चाहिए।' गुहा के इस ट्वीट पर जयशंकर ने जवाब भी दिया। उन्होंने ट्वीट में लिखा, 'कुछ विदेश मंत्री किताबें भी पढ़ते हैं। यह कुछ प्रफेसर के लिए भी अच्छी बात हो सकती है। इस मामले में मैं आपको मेरे द्वारा कल रिलीज की गई किताब पढ़ने की सलाह देता हूं।' नेहरू पर किताब लिख चुके वरिष्ठ पत्रकार पीयूष बेबले ने नई किताब में नेहरू पर किए दावे को खारिज किया है। उन्होंने 'वीपी मेनन' किताब में किए गए दावे पर सवाल उठाते हुए 30 जुलाई 1947 की एक चिट्ठी जारी की है। नेहरू द्वारा लिखी गई इस चिट्ठी में वल्लभभाई पटेल को कैबिनेट में शामिल किए जाने का निमंत्रण है।

कांग्रेस ने जयशंकर के दावे पर उठाए सवाल

किताब में नेहरू पर किए गए दावे पर कांग्रेस सवाल खड़े किए हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कई ट्वीट कर वीपी मेनन की जीवनी में किए गए दावे को झूठा ठहराया है। रमेश ने 14 अगस्त 1947 का एक लेटर ट्वीट करते हुए लिखा है कि पटेल नेहरू के बाद कैबिनेट में नंबर दो थे। रमेश ने कई ट्वीट करते हुए लिखा कि नेहरू द्वारा पटेल को कैबिनेट में शामिल नहीं किए जाने की झूठी खबरों के बीच मैं कई लेटर और कागजात साक्ष्य के तौर पर पेश कर रहा हूं। यही सच है।

ये इश्क नहीं आसां बस इतना समझ लीजिए इक आग का दरिया है और डूब कर जाना है... प्यार के हैं कई रंग

शुभ्रा नंदी

रायपुर। ये इश्क नहीं आसां बस इतना समझ लीजेए इक आग का दरिया है और डूब कर जाना है। इस पंक्ति का आशय यह है कि जीवन में कितनी भी परेशानियां और बाधाएं आएं, जहीं सच्ची मोहब्बत हो वहां प्यार के फूल खिल ही जाते हैं। आज 'वेलेंटाइन डे' यानी प्रेम दिवस पर 'नवप्रदेश' ने कुछ ऐसी ही प्रेम कहानियों की गाथा सुधी पाठकों के लिए लेकर आया है, जो आज समाज के लिए मिसाल हैं। हीर-रांझा, लैला-मजनू और रोमियो-जूलियट की कहानियां तो किताबों में खूब पढ़ा होगा लेकिन यहां हम जिन प्रेम कहानियों की बात करने जा रहे हैं वह भी कुछ हटकर और खास है।

प्यार करने की कोई उम्र तय नहीं है: उषा राजेश मिश्रा

राजेश व उषा मिश्रा की शादी यूं तो 30 वर्ष बीत गए, लेकिन उनमें आज भी पहली मुलाकात वाली फिलिंग बरकरार है। इस जोडे के लिए प्रेम दिवस के यानी 14 फरवरी बहुत स्पेशल है, क्योंकि उनकी शादी इसी दिन हुई थी। यहीं कारण है कि जब उनसे उनके अनुभव के बारे में जानना चाहा, तो दोनों ही मंद मुस्कारा पड़े। उनकी हंसी में छुपी शरारत छिपे नहीं छिप सकी। उषा बताती है कि वेलेंटाइन डे अब केवल युवा नहीं बल्कि हर वर्ग मनाता हैं, क्योंकि प्यार करने की कोई उम्र तय नहीं है। बकौल उषा मिश्रा, जीवन में असल प्यार तो शादी के बाद ही शुरू होती है। ताउम्र एक अनजान घर की ओर रूख करना और वहां कई रिश्ते जुड़ने की अनुभूति बेहद दिलचस्प होता है। कभी-कभी हर रिश्ते को खुश कर पाना संभव नहीं होता, स्पेशली संयुक्त परिवार में। ऐसे मौके पर कुछ कड़वे एहसास दे जाती है जो सही मायनों में जीवन के मकसद समझाती है। पति-पत्नी के बीच प्यार, रूठना-मनाना तो रहता है, लेकिन सबसे अहम विश्वास व धैर्य है, जो रिश्तों में मिठास की गरिमा बनाए रखती है।

20वां बसंत जैसा प्यार और रोमांस में जीते है: पूजा विनोद छेतीजा

वैसे तो विनोद व पूजा छेतीजा के विवाह को 20 वर्ष बीत चुके है लेकिन इनके बीज आज भी 20वां बसंत जैसा प्यार और रोमांस है। बकौल विनोद, मैं हर विकेंड को परिवार के साथ इंजॉय करता हूं। स्पेशली पति-पत्नी में विश्वास एक बहुत बड़ा मुद्दा हो, जो आज कम होने लगा है। आप अपने पत्नी, परिवार के प्रति ईमानदार हैं तो जीवन सरल हो जाता है। बेशक शुरूवाती दौर काफी संघर्षों से भरा था, लेकिन पत्नी और परिवार का साथ मिलने से रिश्तों में मजबूती आई। परिवार चलाने के लिए सिर्फ अकेले पत्नी समर्पित करें, ऐसा मैं नहीं मानता, बल्कि दोनों के योगदान से चलता है।

लंबी डेट के बाद मिला बेहतर साथी: रोहिणी विजय कोठारी

विजय व रोहिणी कोठारी एक-दूसरे को 5 वर्ष तक डेट करते रहे, फिर उसके बाद 2009 में वे शादी के बंधन में बंधे। रोहिणी कहती है कि हम दोनों आज सिर्फ पति-पत्नी ही नहीं बल्कि एक बेहतरीन दोस्त भी है। हम एक-दूसरे को दोस्त इसलिए मानते है कि हमने साथ स्कूल की पढ़ाई की, फिर कॉलेज भी किया। दोनों एक-दूसरे को बहुत समय दिया था। आज रोहिणी की दो बच्चे है, लेकिन उनका मानना है कि सुखमय जीवन के लिए एक-दूसरे पर विश्वास, समर्पण और बहुत धैर्य की आवश्यकता है। उनका मानना है कि इसके बिना गृहस्थ जीवन हंसी-खुशी नहीं चल सकता। विजय का मानना है कि पति-पत्नी अगर एक-दूसरे का सम्मान करें तो नि:संदेह उनके बीच तकरार का मौका नहीं आएगा।

आड़े नहीं आया जाति का बंधन: शुभा आकाश मनहरे

न्यू मैरिड कपल शुभा व आकाश मनहरे शादी से पूर्व दोनों लंबे समय तक लव अफेयर में रही, कारण जाति अलग। एक सतनामी समाज से तो एक ब्राम्हण से है। शुभा ब्राम्हण परिवार की बेटी है तो आकाश का सतनामी समाज से नाता है। इन दोनों चाहने वालों के बीच जाति आड़े आ रही थी, लिहाजा दोनों ने मन बनाया कि वे अपने परिवार को शादी के लिए तैयार करेंगे। परिवारों को मनाने में पांच वर्ष का लंबा समय तो बीत चुका पर शुभा के माता-पिता आज तक नहीं माने, हालांकि आकाश के घरवाले मान गए। शुभा के मामा व भाई भी मान गए। खेर, अंतत: इनकी शादी बीते वर्ष दिसंबर हुई। शुभा कहती है दरअसल, पाप ने बचपन से कभी किसी भी धर्म के खिलाफ गलत धारणा रखना नहीं सिखाया, इसलिए सिर्फ जाती को लेकर आकाश जैसे व्यक्ति से दूर जाना मेरे बस में नहीं था। पापा बहुत नाराज हुए। उन्होंने प्रलोभन भी दिया कि तुम उसे छोड़कर आ जाओ, हम अपने बिरादरी में शादी करवा देंगे। तब मैं उन्हें, उन्हीं की बात दोहराई। पापा को बोली, जब मैं रोजा रखा करती थी, तब आपने क्यों नहीं रोका, जब गुरुद्वारे में सेवा करने जाया करती तब आपने क्यों नहीं रोका, जब चर्च जाया करती तब आपने क्यों नहीं रोका। क्योंकि ये सब सुनकर तो बड़ी हुई और आज जब अन्य धर्म के लड़के से प्यार कर बैठी तो आज भेदभाव क्यों सीखा रहे हैं। शुभ आज भी अपने पैरेंट्स का इंतजार कर रही है और उम्मीद है कि वे जल्द ही मान जाएंगे और हमें अपना आशीर्वाद देंगे।

बेसब्री से करते है इस दिन का इंतेजार: गरिमा विशु नेगी

गरिमा व विशु नेगी दोनों को इस दिन का बेसब्री से इंतेजार रहता है। उनका मानना है कि प्यार वे अहसास है जो हो गया तो ईश्वर की इबादत और मिल गया तो जिंदगी जन्नत। नेगी दंपत्ति को इस दिन का इंतेजार इसलिए रहता है, क्योंकि 5 वर्ष पूर्व इसी दिन उनकी शादी हुई थी। कई महीने पहले इस दिन को मनाने के लिए प्लाइंनिंग भी करते हैं। वेलेंटाइन वाले दिन यह दोनों एक दूसरे को तोहफा भी देने से नही चूकते। विशु कहते हैं कि यह दिन हर कोई मना सकता है। युवा ही नही शादीशुदा स्त्री पुरुष भी इसे मना सकते हैं। मेरी पत्नी मेरे लिए सब कुछ है। वे मेरा हर छोटे-बड़े चीजों का ख्याल रखती है। यह दिन हम दोनों के लिए खास महत्व रखता है। विवाह से पहले भी हम इस दिन को मनाते थे और आज भी इस दिन का यादगार बनाने के लिए कुछ न कुछ करते हैं। इस दिन की सुबह एक दूसरे को फूल देकर करते है। इसके बाद मैं अपनी पत्नी को तोहफा देता हूं। वह भी मुझे तोहफा देती है। शाम तक सैर सपाटे पर निकल जाते हैं। इसके बाद रात को हम एक दूसरे की पंसदीदा चीजें बनाते हैं। टेबल पर बैठकर वेलेंटाइन डे का लुत्फ उठाते हैं।

डाकिया आया 'चिट्ठी' ले लो का रोमांस: लीना दीपेश वाढेर

सिलवर जुबली मना चुके लीना व दीपेश वाढेर के जीवन में भी कभी खुशी आया तो कभी गम, मजाल है जो एक-दूसरे से एक पल के लिए यकीन छोड़ा। लीना कहनी है ननद की शादी में दीपेश से मेरी मुलाकात हुई। पहले दोनों एक-दूसरे को पसंद किए उसके बाद दो परिवार एक सूत्र में बंधे। सगाई के दो वर्ष बाद हमारी शादी हुई थी, हालांकि उस दौर में मोबाइल का चलन नहीं था, लिहाजा सिर्फ चिट्ठी के सहारे हम जी रहे थे। हम दोनों को ही बेसब्री से इंतजार रहता था, कि कब पोस्टमैन 'चिट्ठी' कहकर पुकारे और मैं दौड़कर दरवाजा खोलू। उस दौर का मजा ही कुछ ओर था। आज इतने वर्षों के बाद जब पीछे मुड़कर देखती हूं तो लगता है, जीवन बहुत भागदौड़ भरी हो गई है। हमें लगता है हमारे पास कम है और काम अधिक, इसलिए अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने बहुत संर्षष करना पड़ता है। पति-पत्नि के बीच बेहतरीन तारतम्य तभी संभव है, जब हम दोनों ही एक-दूसरे के कामों को सम्मान करना सीखे। बकौल नीना, संयुक्त परिवार में ब्याही गई थी। सास, ससुर, ननद, देवर देवरारियों से भरा-पूरा घर है। हरेक ने अपनी हिस्से की रिश्तों को बखूबी निभाया, यहीं कारण है आज हमारा परिवार सुखी है।

प्रेमदिवस के दिन किया था प्रपोज: नंदिनी विनोद ढगे

नंदिनी व विनोद ढगे को प्रेमदिवस यानि वेलेंटाइन डे का खास इंतेजार रहता है, क्योंकि करीब 30 वर्ष पूर्व इसी दिन विनोद ने प्यार का इजेहार किया था। नंदिनी कहती है कि हम दोनों एक-दूसरे को पसंद करते हैं लेकिन सबसे पहले मैंने उसे अप्रोच किया और सीधे उससे जाकर कहा कि मैं जानती हूं कि तुम मुझे प्यार करते हो और मैं भी तुम्हें प्यार करती हूं। मुझे नहीं लगता कि अब हमें ऐसे रहना चाहिए चलो इस ऑकवर्डनेस को खत्म करते हैं। उस दौर में लड़कियों का प्रेम-ए-इजहार करना बहुत साहसी काम था, जिसे मैंने ही किया। आज तीन दशक बीत जाने के बाद भी हमारे बीच प्यार की मिठास यथावत है। हम दोनों ने ही बहुत धैर्य और विश्वास से परिवार को सींचा है।

फिर बढ़ी किमत गैस सिलेण्डर के दाम बढ़ने पर बोले छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया

महिलाओं का घर चलाना मुश्किल हो गया है

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर । छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी पीएल पुनिया ने गैस सिलेण्डरों में हुई वृद्धि पर कहा कि महिलाओं का घर चलाना मुश्किल हो गया है।

श्री पुनिया प्रदेश प्रवास पर आज रायपुर पहुंचे। यहां मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने गैस सिलेंडर के बढ़ें दम पर कहा कि पिछ्ले 6 महीने में 6 बार गैस सिलेंडर के दाम बढ़े हैं, लेकिन पहली बार 150 रुपए बड़ा है। उन्होंने कहा कि अभी नजदीक कोई चुनाव नहीं है, इसलिए केन्द्र ने दाम बढ़ा दिए है, वहीं 2021 में बिहार का चुनाव आएगा उससे पहले दाम फिर कम कर देंगे। श्री पुनिया ने कहा कि गैस सिलेण्डर के लगातार दाम में वृद्धि से महिलाओं का घर चलाना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार का बजट फेल हो गया है। हालांकि बाकी प्रदेशों की तुलना में छत्तीसगढ़ में थोड़ी सी बचत है, क्योंकि यहां किसानों को कर्ज माफी हुई और ढाई हजार रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी हुई। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में बुरी हालत है। देश में ना पैसा है ना रोजगार, जबकि महंगाई लगातार बढ़ रही है।

शराबबंदी को लेकर बनी कमेटी में विपक्षी पार्टियों के विधायकों के शामिल नहीं होने के प्रश्न के जवाब में श्री पुनिया ने कहा कि भाजपा का एजेंडा विरोध करना है और वे करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि शराबबंदी को लेकर कमेटी बनी है जो अपना काम कर रही है। उन्होंने कहा कि अध्ययन एवं परीक्षण में समय तो लगता ही है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को अनावश्यक रूप से तूल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पांच साल में सरकार अपने घोषणा पत्र के वादों को पूरा करेगी। दिल्ली चुनाव के परिणाम को लेकर श्री पुनिया ने कहा कि उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं आए, जिसे हम स्वीकार करते हैं। बैठक कर इसकी समीक्षा की जाएगी।

संगठन विस्तार और निगम मंडल में नियुक्ति पर श्री पुनिया ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश के विदेश दौरे से लौटने के बाद सभी लोग आपस में मिल बैठकर चर्चा करेंगे, उसके बाद ही तय होगा।

गैस सिलेण्डर के दाम में वृद्धि के लिए केन्द्र सरकार जिम्मेदार : कांग्रेस

गैस सिलेण्डर के दाम में हुई वृद्धि के लिए सीधे केन्द्र की मोदी सरकार जिम्मेदासर है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मोदी-शाह दिल्ली की गरीब जनता को दो रुपये प्रति किलो के भाव से अच्छा आटा देने वाले थे अब चुनाव हारते ही रसोई गैस के दाम बढ़ाकर प्रति सिलेंडर 150 रुपया ज्यादा वसूलेंगे। मोदी और भाजपा की ना तो नियत ठीक है और ना ही नीति। चुनाव जीतने के अरमान से गरीब जनता को झूठे सुनहरे सपने दिखाने वाले मोदी सरकार महंगाई को नियंत्रित करने में असफल, नकारा ही साबित हुई है। झूठ के सहारे राजनीति करने वाली भाजपा को महंगाई की मार झेल रही गरीब, मजदूर, किसान, गृहणियों के परेशानियों से कोई लेना देना नही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने रसोई गैस के दाम में वृद्धि पर मौन मोदी सरकार के महिला मंत्रियों, सांसदों पर तंज कसते हुए कहा कि मंत्री निर्मला सीतारमन, स्मृति ईरानी, रेणुका सिंह, सांसद सरोज पांडेय रसोई में खाना पकाती तो पता चलता दाल आटे का भाव, रसोई गैस की बढ़ी हुई कीमत वैसे इन्हें अब क्या फर्क पड़ना है? जब ये विपक्ष में थे तो महंगाई भाजपा के लिए डायन हुआ करती थी और यही भाजपा की नेत्रियां सिलेंडर के ऊपर लकड़ी रखकर आलू-प्याज का माला पहनकर विरोध करती थी। अब बढ़ती महंगाई भाजपा के लिए राष्ट्रवाद बन गई है। श्री ठाकुर ने कहा कि बीते 6 साल में गैस के दामों में कई बार बेतहाशा वृद्धि हुआ है और मोदी सरकार आम जनता को मिलने वाली सब्सिडी में भारी कटौती कर महंगाई की मार झेल रही जनता के ऊपर कुठाराघात किया है।

दाम में बढ़ोत्तरी से गृहणियों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा: फूलोदेवी



रसोई गैस के दामो में वृद्धि को पहले से मंहगाई से त्रस्त गृहणियों पर कुठाराघात करार देते हुए महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने मांग की है कि रसोई गैस सिलिंडर के दाम में वृद्धि वापस ली जाये। झूठे वादों झूठे नारों के साथ बनी केन्द्र की मोदी सरकार ने महंगाई बढ़ाकर गरीबो के ऊपर अत्याचार कर रही है गरीबो मजदूरों के मुंह से निवाला छीनने का काम किया जा रहा है। रसोई गैस सिलेंडर के दामों में लगातार हो रही वृद्धि से लोगों की जेब पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। सरकार महंगाई दूर करने के बजाय दामों मे निंरतर वृद्धि कर रही है। एफ्डीएन ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार गैस सिलिंडर के दाम बढ़ाने का पहले ही फैसला ले चुकी थी और दिल्ली चुनाव परिणाम आते ही गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर कहर बरसाने का काम किया है। मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण खाद्य सामग्री रसोई गैस के सिंलेडर के दाम बेलगाम हो चुके हैं। कांग्रेस के कार्यकाल में मामूली से दाम बढने पर सिर पर सिंलेडर रख कर मंहगाई का ढोंग करने वाले भाजपा नेता आज मौन क्यों है। मंहगाई कम करने का वादा करके बनी मोदी सरकार ने देश की भोली भाली जनता के साथ झूठ बोला व वादा खिलाफी की है।

विभागों में होगी सशक्त और प्रभावी आंतरिक शिकायत निवारण प्रणाली

मुख्य सचिव ने सभी विभागों को लिखा पत्र

नागरिक सेवाओं की आपूर्ति में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित हो

अधिकारी आम नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लें: अधिनस्थ कार्यालयों की करें आकस्मिक जांच

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। आम जनता की शिकायतों के समय पर निवारण के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप प्रदेश के सभी विभागों और अधीनस्थ कार्यालयों में सशक्त और प्रभावी आंतरिक शिकायत निवारण प्रणाली सुनिश्चित की जाएगी। अधिकारियों को आम नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लेने और अधिनस्थ कार्यालयों की आकस्मिक जांच करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव आर.पी. मंडल ने सभी विभागों को इस संबंध में परिपत्र जारी कर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी कार्यालयों में नागरिक केन्द्रित प्रशासन की बेहतर संस्कृति व्यवहार में विकसित होनी चाहिए। इसके लिए शासन के प्रत्येक संगठन में एक सशक्त और प्रभावी आंतरिक शिकायत निवारण प्रणाली की आवश्यकता है। जो नागरिक सेवाओं की आपूर्ति में विलंब, लापरवाही और गैर-जवाबदेही से उठने वाली शिकायतों का त्वरित निराकरण कर सके। शिकायत निवारण प्रणाली को सरल, तत्काल, उत्तरदेय और प्रभावी भी होना चाहिए। इस प्रणाली में ग्रामों में रहने वाली जनता तक सेवा प्रदान करने में उठने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए। सिर्फ कम्प्यूटरीकृत प्रणाली के भरोसे ही इस विषय को न छोड़ा जाए।

लोक शिकायत निवारण प्रणाली में प्रत्येक कार्यालय के दैनंदिनी काम-काज पर आम नागरिकों से प्राप्त फीडबैक आधारभूत मानक की तरह हैं। मुख्य सचिव ने लिखा है कि लोगों को बार-बार कार्यालयों में जाना न पड़े उनके समय की बर्बादी न हो। कार्यालय प्रमुख और अन्य अधिकारी, किसी आवश्यक कार्य का बहाना करके जनता के लिए उपलब्ध न होना, अधिकारी कार्यालय समय का अनुपालन नहीं करना और कार्य के घंटों में कार्यालय में उपलब्ध नहीं होना, मोबाईल फोन रिसिव्ह नहीं करना, लोक कर्त्तव्यों का निष्पादन करते समय सरकारी कर्मचारी रूखा व्यवहार करते हैं और लोक सेवक के रूप में कार्य करने के स्थान पर वे प्रायः अधिकारों का प्रदर्शन जैसी शिकायतें नहीं होनी चाहिए।

शासन के संगठनों में कार्य सम्पादन में विलंब, काम की गुणवत्ता में कमी एवं गैर-जवाबदेही को बदलना होगा। इसके लिए चुस्त मानीटरिंग की व्यवस्था, सभी कार्यालयों के काम-काज में होनी चाहिए। ये मानीटरिंग डाटा-बेस नहीं, अपितु वास्तविक धरातल पर होनी चाहिए। लोकसेवा गारंटी की सेवाएं हो अथवा अन्य सेवा सुपूर्दगी की सेवाएं हों, नागरिकों तक इनकी पहुंच सहज और सुगम्य ढंग से पहुंचने में अगर शिकायतें हैं, तो प्रभावी मानीटरिंग में शिथिलता को परिलक्षित करती हैं। इसके लिए सभी वरिष्ठ अधिकारी, सचिव, विभागाध्यक्ष, संभागायुक्त, कलेक्टर मानिटरिंग व्यवस्था उपयुक्त प्रभावी और परिणाममूलक ढंग से करें। आम नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से लें, इसके लिए अधिनस्थ कार्यालयों की आकस्मिक जांच करें। सूचना क्रांति के युग में प्रशासन के प्रतिमानों में व्यापक बदलाव हुआ है। बदलते प्रतिमानों के अनुरूप शासन की अनेक लोक-सुपुर्दगी सेवाएं राज्य में डिजिटल हैं।

संपादकीय

कांग्रेस में सिर फुटौव्वल

नई दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी के शर्मनाक प्रदर्शन के बाद अब कांग्रेस में सिर फुटौव्वल की स्थिति निर्मित हो रही है। इस नई दिल्ली में कांग्रेस ने लगातार 15 सालों तक एकछत्र राज किया था और वहां की तात्कालीन मुख्यमंत्री शीला दिक्षित के नेतृत्व में नई दिल्ली के विकास को नया आयाम दिया था उसी नई दिल्ली में आज कांग्रेस की हालत इस कदर खराब हो चंकी है कि इस बार भी उसे विधानसभा चुनाव में एक अदद सीट भी नसीब नहीं हुई। पिछले विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस का खाता नहीं खुला था और इस बार भी उसे अंडा ही मिला। लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस एक भी सीट हासिल नहीं कर पाई थी। इस विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन इतना खराब था कि उसके 67 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरे उम्मीवारों ने अपनी जमानत तक जब्त करवा दी, कांग्रेस को मात्र चार 4.26 प्रतिशत वोट ही मिले। ऐसा लगता है कि कांग्रेस ने यह चुनाव जीतने के लिए नहीं बल्कि भाजपा को हराने के लिए लड़ा था और वह वोट कटवा पार्टी बन कर रह गई। कांग्रेस के प्रभारी टी सी चाको ने कांग्रेस की इस दुर्गती के लिए दिवंगत नेत्री शीला दिक्षित को जिम्मेदार ठहराकर नया बवाल खड़ा कर दिया। जिसकी पार्टी के भीतर आलोचना हुई तो उन्होनें प्रभारी पद से इस्तीफा दे दिया। इधन पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी चिदंबरम द्वारा आम आमदी पार्टी की जीत पर खुशी का इजहार करने से नाराज होकर कांग्रेस की प्रवक्ता शरमिष्ठा मुखर्जी ने उन्हे आड़े हाथों लेकर कड़ी टिप्पणी की है कि क्या कांग्रेस ने भाजपा को हराने का ही ठेका ले लिया है। यदि ऐसा है तो कांग्रेस पार्टी के दफ्तर बंद दिए जाने चाहिए। जाहिर है कांग्रेस पार्टी की इस करारी हार के पार्टी के भीतर ही कई सवाल उठने लगे है। गौरतलब है कि कांग्रेस के नेता अधिरंजन चौधरी ने भी आम आदमी पार्टी की प्रचंड जीत के बाद बयान दिया था कि हम सबको मालूम था कि आम आदमी पार्टी ही फिर से सत्ता में आएगी। इसी तरह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी नई दिल्ली के चुनावी नतीजों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि हमें अपने बारे में पहले से पता था। कहने का आशय यह है कि कांग्रेस के वरिष्ट नेता जब पहले से ही यह जानते थे कि नई दिल्ली में कांग्रेस की हालत खराब है तो उन्होने वहां अपनी स्थिति सुधारने की कोशिश क्यो नहीं की। हर राजनीतिक पार्टी चुनाव जीतने के लिए ही मैदान में उतरती है लेकिन कांग्रेस ने तो चुनाव हारने के लिए चुनाव लड़ा था। कांग्रेस को इस पर चिंतन करना चाहिए अन्यथा आगे अन्य चुनावों में भी उसे इसी तरह की पराजय के कड़वे घूंट पीने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

विचार

अमेरिकी झटका

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप इसी महीने भारत आ रहे हैं, लेकिन उनकी इस बहुप्रतीक्षित यात्रा से ठीक पहले अमेरिकी प्रशासन ने एक ऐसा फैसला किया है जिससे भारतीय निर्यातकों की मुश्किलें बहुत बढ़ जाएंगी। इस फैसले के तहत अमेरिका ने भारत को विकासशील देशों की सूची से बाहर कर दिया है। खबर सुनने में अच्छी लगती है, लेकिन इसका व्यावहारिक अर्थ यह है कि अमेरिका से होने वाले भारतीय निर्यात को अब इस जांच से गुजरना होगा कि उसके निर्माण और निर्यात में सरकारी सब्सिडी का कोई खास योगदान तो नहीं है। अभी तक विकासशील देशों से आई चीजों को वहां न सिर्फ इस जांच से छूट हासिल थी, बल्कि 2 प्रतिशत तक सरकारी सहायता पर कोई एतराज भी नहीं था। नए बदलाव के तहत अमेरिका में भारत, इंडोनेशिया, ब्राजील, अर्जेंटीना और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों से होने वाले आयात में अड़ंगा लगेगा और इसका वॉल्यूम घटेगा। नए मानकों के मुताबिक अमेरिका इन चार तरह के देशों को विकासशील नहीं मानेगा- जो ऑर्गनाइजेशन फॉर इकनॉमिक कोऑपरेशन ऐंड डिवेलपमेंट (ओईसीडी) के सदस्य हों या उसकी सदस्यता चाहते हों, जो जी-20 के सदस्य हों, विश्व बैंक जिन्हें ऊंची आय वाले देशों की श्रेणी में रखता हो, और विश्व व्यापार में जिनकी भागीदारी 0.5 फीसदी से ज्यादा हो। भारत को जी-20 का सदस्य होने और विश्व व्यापार में तय सीमा से ज्यादा भागीदारी रखने के दो आधारों पर विकासशील देशों की श्रेणी से बाहर किया जा रहा है। वैश्विक निर्यात में भारत की भागीदारी 1.67 फीसदी और वैश्विक आयात में 2.57 फीसदी है, लेकिन प्रति व्यक्ति आय के मामले में वह उन तमाम देशों से बहुत पीछे है, जिनकी विश्व व्यापार में भागीदारी अपने छोटे आकार के कारण काफी कम है। जाहिर है, व्यापार के मामले में ऐसी अड़ंगेबाजी से दुनिया में गरीबी और असमानता कम करने के उद्देश्यों को नुकसान हो सकता है। जहां तक भारत की बात है, ट्रंप सरकार के इस फैसले के अलावा एक और बाहरी कारक यहां पहले से जारी स्लोडाउन को और बढ़ाने वाला साबित हो सकता है। चीन में कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते वहां व्यापारिक गतिविधियों में आया ठहराव भारत के कई उद्यमों के लिए नुकसानदेह साबित हो रहा है। भारतीय निर्यात का एक बड़ा हिस्सा उन वस्तुओं का है जिनके उत्पादन में कुछ न कुछ भूमिका चीन से मंगाई गई चीजों की भी होती है। उनकी सप्लाई लाइन अचानक बाधित होने का असर जल्द ही भारत के निर्यात और सकल उत्पादन पर दिखाई पड़ सकता है। भारत अपना सबसे ज्यादा आयात चीन से करता है और सबसे ज्यादा निर्यात अमेरिका को। इनमें चीन से जुड़ी समस्या आने वाले दिनों में कम होती जाएगी, लेकिन अमेरिका की नई गाइडलाइन भारत के लिए स्थायी सिरदर्द बनी रहेगी। ट्रंप खुद को भारत का मित्र कहते नहीं थकते, अपने चुनाव अभियान में भी इस छवि का पूरा फायदा उठाते हैं, लेकिन भारतीय हितों को लेकर औपचारिक संवेदनशीलता भी नहीं दिखाते। उनकी भारत यात्रा में इस मुद्दे पर बातचीत होनी ही चाहिए।

दिल्ली के बाद क्या बिहार की बारी है?

लेकिन पाटलीपुत्र में राजग को हराना आसान नहीं

उपेन्द्र प्रसाद

> मजबूत होने का कारण यह नहीं है कि नीतीश सरकार केजरीवाल सरकार की तरह बहुत लोकप्रिय है। सच कहा जाय तो नीतीश सरकार भी बहुत अलोकप्रिय है और लोगों में उस सरकार के प्रति बहुत असंतोष है। नीतीश की निजी छवि भी अब अच्छी नहीं रह गई है। सत्ता के लिए वे अनेक बार पाला बदल चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद प्रदेश की आबादी का एक हिस्सा उनके साथ नजदीकी से जुड़ा हुआ। इस जुड़ाव का कारण यह भी नहीं है कि नीतीश कुमार उन लोगों की जाति के है। सच तो यह है कि नीतीश कुमार की जाति के लोगों की संख्या बिहार में मुश्किल से दो फीसदी होगी, लेकिन वहां की जाति की राजनीति में नीतीश कुमार का विशेष स्थान है और उसके कारण ही, वे चाहें जिस पाले में जाएं, आबादी का वह हिस्सा उन्हीं के साथ जाता है। यदि वे लालू के साथ रहेंगे, तो वह हिस्सा लालू के साथ चला जाएगा और यदि वे भाजपा के साथ रहेंगे, तो वह भाजपा के साथ चला जाएगा। यह हिस्सा ओबीसी की कमजोर जातियों का है, जिन्हें वहां अत्यंत पिछड़ा वर्ग कहा जाता है। वे कभी लालू के साथ हुआ करती थीं, लेकिन अब लालू उनके लिए डर और दहशत के प्रतीक हो गए हैं।

दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी हार गई। यह उसकी लगातार सातवीं विधानसभा हार है। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद यह उसकी चैथे राज्य में हार है, जबकि उस लोकसभा चुनाव के पहले उसने एक साथ ही तीन राज्यों में पराजय का सामना किया था। एक साथ उसने राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ गंवा दिए थे। लोकसभा की जीत में उन तीनों राज्यों की हार ढक गई थी, लेकिन चार राज्यों में एक के बाद एक हारने के बाद अब उन तीनों राज्यों की हार भी ताजा हो गई है।

2014 में भी भाजपा ने लोकसभा में शानदार जीत हासिल की थी और 2019 में भी उसे उससे थोड़ी बेहतर जीत ही हासिल हुई। लेकिन 2014 के बाद जहां वह एक के बाद एक विधानसभा चुनाव जीतती जा रही थी, वहीं वह 2019 के बाद एक के बाद एक विधानसभा चुनाव हारती जा रही है। 2015 में दिल्ली विधानसभा के चुनाव ने भाजपा की जीत पर ब्रेक लगा दिया था। इस बार भाजपा कोशिश कर रही थी कि दिल्ली उसकी हार पर ब्रेक लगा दी थी। लेकिन उसे निराशा हाथ लगी। चुनाव जीतने के लिए उसने साम दाम दंड भेद सभी तरीके आजमा लिया। शायद ही कोई पार्टी किसी विधानसभा चुनाव को जीतने के लिए उतना जोर लगाती है, जितना भाजपा ने लगाया। लेकिन वह चुनाव हारी ही नहीं, बल्कि बुरी तरह हारी।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद 2015 में उसने बिहार विधानसभा चुनाव का सामना किया था और वहां भी वह बुरी तरह हारी थी। इस बार भी उसे दिल्ली के बाद बिहार में ही विधानसभा के चुनाव का सामना करना पड़ेगा। उसके विरोधी दिल्ली चुनाव से खुश हैं और उन्हें लग रहा है कि भाजपा बिहार में भी चुनाव हार जाएगी। लेकिन ऐसा सोचना सही है। इसका कारण यह है कि दिल्ली में भाजपा अपनी कमजोरी की वजह से नहीं हारी, बल्कि उसके सामने एक बहुत ही मजबूत प्रतिद्वंद्वी था, जिससे दिल्ली की जनता बहुत खुश थी। उस सरकार ने जनकल्याण के न केवल अनेक कार्यक्रम चलाए थे, बल्कि उन कार्यक्रमों का लाभ जनता को मिल भी रहा था और जनता उस लाभ को खोना नहीं चाहती थी। यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी की सारी कोशिशें बेअसर हुईं। लेकिन बिहार की राजनैतिक परिस्थितियां बिल्कुल अलग हैं। वहां भारतीय जनता पार्टी और नीतीश कुमार की मिलीजुली सरकार है, जिसका नेतृत्व नीतीश कुमार कर रहे हैं। भाजपा कह चुकी है कि अगला विधानसभा चुनाव भी नीतीश के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा और नीतीश ही जीत के बाद मुख्यमंत्री होंगे। यानी वहां चुनावी गाड़ी की पिछली सीट पर भाजपा बैठी दिखाई देगी और जीत का दारोमदार नीतीश कुमार पर होगा। जाहिर है, चुनावी रणनीतियां भी नीतीश के हिसाब से ही तैयार की जाएंगी। दिल्ली में भाजपा सांप्रदायिकता का खुला खेल खेल रही थी, लेकिन नीतीश कुमार उसे वहां वैसा नहीं करने देंगे। यह भी सच है कि दिल्ली की तरह बिहार में भाजपा को मुस्लिम वोट नहीं मिलेंगे और उसके साथ होने के कारण नीतीश कुमार के दल को भी मुस्लिम वोट नहीं मिलने, लेकिन हिन्दू वोट पाने के लिए भाजपा को सांप्रदायिकता का खेल खेलने की इजाजत नीतीश कुमार हरगिज नहीं देंगै। सच कहा जाए, तो भारतीय जनता पार्टी को उसकी जरूरत ही नहीं पड़ेगी, क्योंकि नीतीश के साथ उसका गठबंधन बिहार में मजबूत स्थिति में है।

मजबूत होने का कारण यह नहीं है कि नीतीश सरकार केजरीवाल सरकार की तरह बहुत लोकप्रिय है। सच कहा जाय तो नीतीश सरकार भी बहुत अलोकप्रिय है और लोगों में उस सरकार के प्रति बहुत असंतोष है। नीतीश की निजी छवि भी अब अच्छी नहीं रह गई है। सत्ता के लिए वे अनेक बार पाला बदल चुके हैं। लेकिन इसके बावजूद प्रदेश की आबादी का एक हिस्सा उनके साथ नजदीकी से जुड़ा हुआ। इस जुड़ाव का कारण यह भी नहीं है कि नीतीश कुमार उन लोगों की जाति के है। सच तो यह है कि नीतीश कुमार की जाति के लोगों की संख्या बिहार में मुश्किल से दो फीसदी होगी, लेकिन वहां की जाति की राजनीति में नीतीश कुमार का विशेष स्थान है और उसके कारण ही, वे चाहें जिस पाले में जाएं, आबादी का वह हिस्सा उन्हीं के साथ जाता है। यदि वे लालू के साथ रहेंगे, तो वह हिस्सा लालू के साथ चला जाएगा और यदि वे भाजपा के साथ रहेंगे, तो वह भाजपा के साथ चला जाएगा। यह हिस्सा ओबीसी की कमजोर जातियों का है, जिन्हें वहां अत्यंत पिछड़ा वर्ग कहा जाता है। वे कभी लालू के साथ हुआ करती थीं, लेकिन अब लालू उनके लिए डर और दहशत के प्रतीक हो गए हैं। उन्हें लगता है कि यदि लालू राज आ गया, तो लालू की जाति के लोग उनके लिए काल बन जाएंगे। इसलिए वे लालू के साथ नहीं जा सकते। वे सवर्णो से भी उतना ही डरते हैं, जितना लालू की जाति से। इसलिए सवर्ण पार्टी की पहचान वाली भाजपा के साथ भी वे नहीं जा सकते। उन्हें नीतीश कुमार ही पसंद हैं। उनकी आबादी करीब 20 फीसदी होगी। भाजपा के साथ बिहार के 15 फीसदी सवर्ण हैं और इसके साथ कुछ ओबीसी जातियां भी हैं, जिनकी आबादी मुश्किल के 5 फीसदी होगी। इस तरह नीतीश और भाजपा मिलकर करीब 40 फीसदी आबादी पर अपना अच्छा प्रभाव रखते हैं। यह 40 फीसदी आबादी घोर लालू विरोधी है और जबतक लालू राजनैतिक रूप से बिहार में प्रासंगिक हैं, तब तक उन्हें या तो नीतीश या भाजपा के साये में बना रहना होगा। ये वोट ट्रांसफेरेबुल भी है। यानी नीतीश के समर्थक आसानी से भाजपा उम्मीदवारों को वोट देंगे, क्योंकि उन्हें पता है कि मुख्यमंत्री तो नीतीश को ही होना है। भाजपा के सवर्ण समर्थक भी नीतीश के उम्मीदवार को आसानी से वोट दे देंगे, क्योंकि नीतीश की छवि लालू की तरह अगड़ा विरोधी की नहीं है। यही कारण है कि बिहार में इस गठजोड़ को हराना फिलहाल संभव नहीं लगता। लालू का मुस्लिम यादव गठजोड़ 30 प्रदेश की आबादी का 30 फीसदी ही है, जो चुनाव जिताने के लिए पर्याप्त नहीं है। **(संवाद)**

भाजपा को विधानसभा चुनावों में रणनीति बदलनी होगी

राजेश माहेश्वरी

> अब दूसरी पारी में केजरीवाल सरकार क्या करेगी इस पर उसका भविष्य निर्भर करेगा। जहां तक बात भाजपा की है तो ये नतीजे उसके लिए धक्का हैं क्योंकि 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद मोदी सरकार ने जिस प्रभावशाली तरीके से अपने घोषणापत्र के मुख्य वायदों को अमली जामा पहिनाया उसके बाद भी राज्यों के चुनाव में पार्टी का निराशाजनक प्रदर्शन शोचनीय है। इसकी वजह प्रादेशिक नेतृत्व को कमजोर करने की कोशिश है या प्रदेश स्तर के नेताओं का केन्द्रीय नेतृत्व पर पूरी तरह आश्रित हो जाना, इसका विश्लेषण होना जरूरी है। पिछले लगभग दो साल में विभिन्न राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव का विश्लेषण करें तो भाजपा को राज्यों में चुनाव को लेकर अपनी रणनीति बदलनी चाहिए।

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली चुनाव में फिर एक बार बाजी मारी है। कुल मिलाकर जैसा आकलन किया जा रहा था दिल्ली विधानसभा चुनाव में वैसा ही हुआ। आम आदमी पार्टी ने स्थानीय मुद्दों पर फोकस किया और नतीजे उनके पक्ष में गए। भाजपा को लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी के नाम और काम का जो लाभ मिला ठीक वही फायदा अरविन्द केजरीवाल को दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिला। मोदी के विरूद्ध जिस तरह विपक्ष ने खूब हायतौबा मचाया वैसा ही केजरीवाल के साथ हुआ। लोकसभा में आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में अपनी कार्यों के आधार पर संसद की सीटें मांगीं लेकिन दिल्ली की जनता ने भाजपा को चुनना बेहतर समझा और आप को तीसरे स्थान पर धकेल दिया। लेकिन मात्र आठ महीने बाद ही उसी आम आदमी पार्टी को फिर सिर आंखों पर बिठा लिया और सातों लोकसभा सीटें जीत चुकी भाजपा को 8 सीटों पर समेट दिया।

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों में देश की भविष्य की राजनीति के कई संकेत छिपे हैं। पहला ये कि भाजपा को प्रादेशिक स्तर पर गंभीर किस्म के सक्षम नेतृत्व को आगे लाना होगा और वहीं आम आदमी पार्टी के लिए भी ये संदेश है कि अपनी सीमा से बाहर निकलकर हाथ पांव मारने से बचें क्योंकि राष्ट्रीय स्तर तो बड़ी बात है किसी पड़ोसी राज्य में भी आम आदमी पार्टी को दिल्ली जैसी सफलता मिलना जागती आंखों से सपने देखने जैसा होगा। भाजपा ने इस चुनाव में अपनी सारी ताकत झोंकने का काम किया। दिल्ली के चुनाव परिणाम ने एक बार फिर भाजपा को झटका दे दिया है। हालांकि, 2015 के चुनाव के मुकाबले भाजपा की सीटों में इजाफा जरूर हुआ लेकिन, सीटों की संख्या बहुमत के जादुई आंकड़े को नहीं छू सकी। जरूरी है कि भाजपा आत्मावलोकन करे। दरअसल, 2014 के आम चुनाव में जब पहली बार भाजपा बहुमत के साथ केन्द्र में सत्ता में आई तब कई फैक्टर काम कर रहे थे। उनमें प्रधानमंत्री मोदी की लहर सबसे अहम मानी जाती है। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने दिल्ली की सभी सातों सीटें जीत ली थी। तब भाजपा को 46.40 फीसद वोट मिले थे। लेकिन 2015 में दिल्ली में विधानसभा चुनाव हुआ तो बाजी एकदम से पलट गई। भाजपा के वोट फीसद में बड़ी गिरावट आई। लेकिन, 'आप' के वोट फीसद में जबरदस्त उछाल आया

और उसे 54.3 फीसद वोट मिले। लेकिन, जब 2019 में फिर लोकसभा चुनाव होता है तो भाजपा को जबरदस्त बढ़त मिलती है और उसे 56.58 फीसद वोट मिलते हैं। नतीजतन, वह फिर से दिल्ली की सातों सीटें जीत जाती है। वहीं, 'आप' के वोट में जबरदस्त गिरावट आती है। अब 2020 के विधानसभा चुनाव में कहानी लगभग 2015 वाली फिर से दोहराई गई है। वास्तव में लोकसभा और विधानसभा के लिए लोगों की पसंद अलग-अलग है। कोई एक पार्टी दिल्ली की जनता के लिए दोनों ही चुनाव में फिट नहीं बैठती। जब राष्ट्रीय यानी आम चुनाव हो तो, जनता उन्हें वोट देना पसंद करती है जो केन्द्र में सरकार बनाने का दमखम रखते हों और जब मामला विधानसभा चुनाव का हो तब लोग उन्हें पसंद करते हैं जो स्थानीय मुद्दों के लिहाज से उन्हें उपयुक्त लगें। ऐसा ही ट्रेंड कई राज्यों के चुनाव में देखने को मिला है।

जमीनी स्तर पर दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों की समीक्षा करें तो भाजपा से जो चूक हुई है वह यह कि भाजपा दिल्ली के पूरे चुनाव प्रचार में स्थानीय मुद्दों पर ठीक से अपनी बात नहीं रख सकी। भाजपा ने यह समझने में गलती की कि दिल्ली की मौजूदा सरकार किस-किस काम को करने का दावा कर रही है और वह किन मुद्दों पर वोट मांग रही है। लेकिन, भाजपा केजरीवाल की काट ढूंढ़ने की बजाय अलग तरह की रणनीतियों पर काम करती दिखी। स्थानीय मुद्दों के मद्देनजर भाजपा से लोगों का मोहभंग होने लगा है। शायद भाजपा की सरकारें लोगों की उम्मीदों पर खरी नहीं उतर सकीं। ऐसे में यह जरूरी है कि भाजपा लोगों की बुनियादी जरूरतों और स्थानीय मुद्दों पर ज्यादा ध्यान केन्द्रित करने की रणनीति पर विचार करे। बहरहाल, देखना होगा कि राज्यों में लगातार हार के बाद भाजपा कितनी ईमानदारी से आत्मचिंतन करती है।

जहां तक बात उनके राष्ट्रीय राजनीतिक क्षितिज पर उभरने की है तो ये काफी मुश्किल है क्योंकि आम आदमी पार्टी एक क्षेत्रीय भी नहीं अपितु महानगरीय पार्टी ही है और उसका अस्तित्व भी तभी तक है जब तक वह दिल्ली में केन्द्रित रहेगी। भारतीय राजनीति की तासीर ये रही है कि क्षेत्रीय या स्थानीय पार्टी के नेता ने जब भी राष्ट्रीय स्तर पर उभरने की कोशिश की उसका मूल जनाधार कमजोर होता गया। तमिलनाडु सहित दक्षिण भारत की क्षेत्रीय पार्टियों ने इस फार्मूले को अपनाते हुए अपने प्रभावक्षेत्र को समझकर उससे बाहर निकलने का दुस्साहस नहीं किया जिसकी वजह से वे अनेक दशकों से अपनी ताकत संजोकर रख सकीं। वैसे दिल्ली के चुनाव में भाजपा ने एक तरह से अपनी वापिसी कर ली वरना ये आशंका भी थी कि कहीं केजरीवाल नामक करिश्मे में उसकी हालत भी कांग्रेस जैसी होकर न रह जाए। आम आदमी पार्टी आन्दोलन से निकली पार्टी और अरविन्द केजरीवाल ही उसके चेहरे हैं। उन्हें मालूम है कि आन्दोलन के साथियों को बराबरी से बिठाने पर उनकी महत्वाकांक्षाएं परवान चढने लगती हैं। और वे अपनी कीमत मांगने लगते हैं।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रोज-रोज कविता

रोज रोज कविता होती नहीं ! राजनीतिक मौज लेते तो सम्बंधित विचारधारा के अच्छे-अच्छे मित्र भी चिढ़ जाते ! इतना साल फेसबुक पर हुआ, पर आजतक पूरे वेलेंटाइन वीक ने बस कलेजे पर मूँग ही दला है ! बंदा करे भी तो क्या करे अब फेसबुक पर ? छोड़के भी जाये तो जाये कहाँ ?

- यू एस मिश्रा स्वप्निल

भूतल से अम्बर अपार

भूतल से अम्बर अपार अपरिमित भावों की माला तुम्हे अर्पित , कर में धर कर के उर प्राण बीज तुम्हे समर्पित. व्याकुल हृदय आकुल तन झंकृत तुम वीणा के तार करो.. मनु प्रेम आबद्ध प्रणय निवेदन निःशब्द . अंतर्मन का मौन निमंत्रण प्रिये तुम स्वीकार करो......

- नम्रता सरन सोना

खास पाती | मौसम ए बसंत में आंखों के

मौसम ए बसंत में आंखों के बर्तन भरे जा रही है, याद, याद, याद, यार,ये किसकी याद आ रही है, वो एक शख्स जो सदियों से हमारे साथ नहीं है, खुशबु उसके बदन की हवाएं कहां से ला रहीं हैं, हजार जीते दिलों के देश, हमने इस हर्फ़राई से, एक बस तुमको जीत न सके यही ख़ला रही है, शब -ए -वस्ल मेरे नसीब में,,, छोड़ न जाने-मन, दुखती रग़ पे हाथ रख,,,काहे दिल जला रही है, हमारी ज़िद है, हम कभी जीना नहीं छोड़ सकते, और ये तनहाई है कि मेरा हौसला पिघला रही है। - **अनिल अनमोल शर्मा**

लोकमत का सम्मान कीजिए जनता अब जागरूक



लोकमत का सम्मान कीजिए.. जनता अब जागरूक हुई है..और मत के दान की महत्ता को समझ पाई है..वरना तो लोक सभा चुनाव में इसी दिल्ली ने भाजपा के सात सासद देश को दिए.. फिर ऐसा क्या हुआ?? ज्यादा महत्वकांक्षी होना..मतलब विनाश काले विपरीत बुद्धि किसी को नीचा दिखा कर कोई कभी ऊंचा नहीं उठ सकता..काम की महत्ता होती है.. एक सुदृढ़ सरकार से .. जनता विकास चाहती है...और साथ परिवर्तन भी..समय आत्ममंथन का है। - **मोनिका अस्थाना**

चलिये ईवीएम वाला रोना धोना नहीं हुआ

चलिये ईवीएम वाला रोना धोना नहीं हुआ इस बार... अगर बीजेपी जीत जाती तो कई दिनों तक विलाप होता। कहीं ऐसा तो नहीं कि बीजेपी जीतना ही नहीं चाहती थी...क्योंकि कुछ लोगों के मुताबिक़ तो द्द1द्द में गड़बड़ी की ही जाती है...तो इस बार क्यों नहीं की ? हम्म...ये कोई बड़ी साज़िश है मोदी और शाह की..नहीं ? - **ममता लड़ीवाल**

इस वेलेंटाइन कर देना परपोज़

इस वेलेंटाइन जानेमन कर देना परपोज़ मुझे, औ अपनी मोहब्बत मे कर लेना मदहोश मुझे, इंकार की गुंजाइश ही नहीं दिल तो पास तुम्हारे है, बस करवा देना इश्क वाली फरवरी का एहसास मुझे, ये एक दिन की मोहब्बत मुझको भाती ही नहीं, तुम लाकर देना रोज़ औ चाकलेट हर बार मुझे, चाहो तो टेडी वेडी का चक्कर भूल भी जाओ, पर रखना जानू हरपल अपनी आगोश मुझे, विजय को चाहत कुछ और नहीं बस साथ तुम्हारा हो, हाथों मे हाथ तुम्हारा हो रखना दिल के पास मुझे।। - **विजय लक्ष्मी राय**

हवा की वेग सी चलती है जिंदगी

हवा की वेग सी चलती है जिंदगी, नदी की धारा सी बहती है जिंदगी, मूर्ख है मानव जो ये समझता नहीं समय के साथ ही बढ़ती है जिंदगी, भ्रम है पतवार पकड़कर चलने का हाथ थामे तो नियति का ही रहती है जिंदगी । **-पूनम झा**

मछली खरीदने से पहले निर्णय

मछली खरीदने से पहले निर्णय लेना होता है कि कौन सी मछली लेनी है।रोहू,कतला,मागुर, झींगा, हिलसा या समंदर की मछलियाँ । फिर तालाब,झील या नदी की हैं।किस अंचल की हैं।वहाँ की मिट्टी जानना है।मछलियाँ, सब मछलियाँ है। सब मछलियाँ एक नहीं हैं। - **शेष अमित**

युद्ध मे दो ही पहलू होते है

युद्ध मे दो ही पहलू होते है, हार और जीत, हार का मतलब ये नही की राष्ट्रभक्त समाज का साथ छोड़ दिया जाए , जिनके खून में राष्ट्रभक्ति है वह राष्ट्रभक्तो के साथ ! हल्के तिनके तूफानों में बिखरते है, इधर उधर उड़ते है। - **रितेश सोनारे**

QUIZ TIME

1) मिलिट्री इंजीनियरिंग कॉलेज कहाँ स्थित है? (किर्की, पुणे / महू)
2) ग्रे बुक जापान और बेल्जियम की आधिकारिक पुस्तक है। (सही / गलत)
3) निम्नलिखित में से कौन बांसुरी वादक नहीं है?
(क) हरि प्रसाद चैरसिया (ख) पन्नालाल घोष (ग) निखिल बनर्जी (घ) टी आर महालिंगम
4) एंटीनॉक यौगिक के रूप में किस पदार्थ का उपयोग किया जाता है?
5) कश्मीर में पाई जाने वाली ताजी पानी की मछली का नाम बताए?

उत्तरमाला- (1) किर्की, पुणे (2) सही (3) निखिल बनर्जी (4) टेट्राथिल लेड (5) ट्राउट

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1537 - गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह की पुर्तगालियों ने हत्या की। 1556 - पंजाब के गुरदासपुर जिले के कलानौर में अकबर का 13 वर्ष की उम्र में राज्याभिषेक हुआ। 1658 - दारा शिकोह ने बहादुरपुर के युद्ध में शाह शुजा को हराया। 1670 - रोमन कैथोलिक सम्राट लियोपोल्ड प्रथम ने यहूदियों को वियना से बाहर किया। 1743 - हेनरी पेलहम ब्रिटेन के वित्त विभाग के पहले प्रमुख बने। 1881 - कलकत्ता (अब कोलकाता) में भारत के पहले होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना। 1899 - अमेरिकी कांग्रेस ने संघीय चुनाव में वोटिंग मशीन के इस्तेमाल को मंजूरी दी। 1931 - महान क्रान्तिकारी भगत सिंह, राजगुरु तथा सुखदेव को लाहौर (अब पाकिस्तान में) के एक जेल में फांसी दी गयी।

बिलासपुर जिले में कांग्रेस 5 तो भाजपा 2 जनपद पर काबिज

■ नए जिले पेंड्रा मरवाही में कांग्रेस का क्लीन स्वीप, भाजपा का सूपड़ा साफ

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । जिले के 7 जनपद पंचायतों में आज हुए अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस ने जहां 5 जनपदों में कब्जा किया वही भाजपा को सिर्फ2 जनपद में सफ्लता मिल पाई । भाजपा बिल्हा व कोटा जनपद में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर कब्जा करने सफ्ल रही तो कांग्रेस को 5 जनपदों, मस्तूरी तखतपुर, गौरेला, पेंड्रा व मरवाही में सफ्लता मिली । नया जिला पेंड्रा गौरेला मरवाही में भाजपा अपना खाता भी नही खोल पाई । यहां के तीनों जनपदों में कांग्रेस ने कब्जा कर लिया है।

जिले के जनपद पंचायतों में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के लिए गुरुवार को चुनाव कराया गया । नगरीय निकायों की ही तरह जनपद पंचायतों में भी कांग्रेस ने बाजी मार ली है। कल जिला पंचायत के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव कराया जाएगा और यहां भी कांग्रेस की ही जीत की संभावना है।

गुरुवार को हुए जनपद अध्यक्षो व उपाध्यक्षो के चुनाव में भाजपा की बुरी तरह हार हुई है । जिले के कोटा और बिल्हा ब्लाक में ही भाजपा को सफ्लता मिली है। बिल्हा नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक का निर्वाचन क्षेत्र है और यहां के जनपद पंचायत अध्यक्ष भाजपा की राधिका जितेंद्र कौशिक बनी है । उन्हें 13 वोट मिले है जबकि प्रतिद्वंदी कांग्रेस समर्थित मीना हजारी भारद्वाज को 9 मत मिले । 2 वोट निरस्त कर दिया गया । मीना भारद्वाज इसके पहले सिर्फ एक घण्टे के लिए अध्यक्ष बन पाई थी और तत्कालीन अध्यक्ष ने हाईकोर्ट से उसके खिलाफ आदेश लेकर अध्यक्ष बने रहने की उम्मीद पर पानी फेर दिया था । दुबारा उसने गुरुवार को निर्वाचन के द्वारा अध्यक्ष बननेका प्रयास किया मगर वोटिंग में उसे जीत के लायक वोट नही मिल पाया । इसी तरह कोटा जनपद में भाजपा के ही मनोहर राज अध्यक्ष बने है उन्हें 17 वोट मिले जबकि प्रतिद्वंदी कांग्रेस के धनसिंह को 8 मिले । उपाध्यक्ष भी भाजपा केसुमन्त जायसवाल निर्वाचित हुए है ।

इधर मस्तूरी जनपद में अध्यक्ष पद पर कांग्रेस की सावित्री बाई की जीत हुई । उसे 15 वोट मिले । प्रतिद्वंदी भाजपा की मेघश्री भोई को 10 वोट मिले । इसी तरह उपाध्यक्ष के चुनाव में कांग्रेस के नितेश सिह ने भाजपा के धर्मेंद्र कोसले को हराया ।

तखतपुर जनपद में कांग्रेस की राजेश्वरी कौशिक 20 वोट पाकर अध्यक्ष बनी। प्रतिद्वंदी भाजपा की ललिता कौशिक को मात्र 5 वोट मिले वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने नामांकन दाखिल नहीं किया जिसके कारण कांग्रेस की दिव्या-नितेश मिश्रा उपाध्यक्ष पद पद निर्विरोध निर्वाचित घोषित की गई।

अभी 3 दिन पहले ही बिलासपुर जिले को विभाजित कर नया जिला बनाये गए पेंड्रा गौरेला मरवाही मे तो भाजपा का सूपड़ा ही साफहो गया है यहां के तीनों जनपद में कांग्रेस को सफ्लता मिली है । गौरेला में कांग्रेस की ममता पैकरा अध्यक्ष ,पेंड्रा में कांग्रेस की ही आशा मरावी और मरवाही में कांग्रेस के प्रताप सिंह अध्यक्ष निर्वाचित हुए है। इस तरह 7 जनपदों में 5 पर कांग्रेस का और 2 पर भाजपा का कब्जा हुआ है ।

जिला पंचायत में भी कांग्रेस का होगा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष

जिला पंचायत में सर्वाधिक 15 सदस्य कांग्रेस समर्थित है इस लिहाज से अध्यक्ष उपाध्यक्ष पद पर कांग्रेस को ही सफ्लता मिलने की उम्मीद है । अध्यक्ष पद के लिए जितेंद्र पांडेय और अरुण चौहान में कोई एक को प्रत्याशी बनाया जाएगा हालांकि अंकित गौरहा भी दावेदार है । इन्हीं तीनो में से किसी को उपाध्यक्ष प्रत्याशी बनाया जाएगा । संभव है भाजपा जिला पंचायत के चुनाव में प्रतयाशी ही खड़ा न करे। भाजपा यदि प्रत्याशी खड़ा करती है तो कांग्रेस में क्रॉस वोटिंग का खतरा हो सकता है ।

■ न्यूज गैलरी

राज्य में रेल विकास के लिए जोन को 4515 करोड बजट राशि का प्रावधान

बिलासपुर । छत्तीसगढ राज्य में लगातार रेल विकास के कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, जिसके लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा नई रेल लाइनों के निर्माण, दोहरीकरण, तिहरीकरण एवं चौथी रेल लाइन के निर्माण के साथ ही साथ आधारभूत संरचना के विकास के लिए नई रेल लाइन की परियोजनाओ पर कार्य किया जा रहा है। इसी कडी में वर्ष 2020-21 के बजट में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिये छत्तीसगढ राज्य के विकास को ध्यान में रखते हुये 4515 करोड का बजट प्रावधान किया गया। वर्ष 2009-14 के बजट में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के लिए 311 करोड का प्रावधान किया गया था, जिसको बढाते हुये वर्ष 2020-21 बजट में 4515 करोड का बजट आवंटन किया गया है। जो कि विगत पांच वर्षो की तुलना में 1352 प्रतिशत अधिक का आवटंन किया गया है।

आज रात से महाराणा चौक से शहर की ओर पूर्ण रूप से बंद रहा रास्ता

बिलासपुर। आज रात 13 से 14 फ्रवरी के प्रातः 6 बजे तक महाराणा प्रताप चौक तिफ्रा फ्लाई ओवर पर मेंटेनेंस कार्य होने से दोनों दिशाओं तिफ्रा ओवरब्रिज से राजीव गांधी चौक महाराणा प्रताप चौक, तिफ्रा ओवरब्रिज की ओर सभी प्रकार के वाहनों दोपहिया, ऑटो, कार सहित सभी वाहन का परिवहन कार्य पूर्णता बंद किया गया । इस दौरान दोनों दिशाओं के सभी प्रकार के वाहन जिन्हें बिलासपुर से रायपुर की ओर एवं रायपुर दिशा से बिलासपुर की ओर परिवहन कार्य किया जाना है, ऐसे वाहन जनहित को ध्यान में रखते हुए परिवर्तित मार्ग से भेजा गया दोपहिया एवं चार पहिया वाहन गौरव पथ से सेंट फ्रांसिस स्कूल गुरु अमीरी फाटक से यदुनंदन नगर से तिफ्रा रायपुर रोड की ओर परिवहन किया गया । इसी प्रकार बिलासपुर से रायपुर दिशा की ओर जाने वाले भारी वाहन एवं बस उसलापुर से सकरी बाईपास होते हुए पेंड्रीडीह से रायपुर रोड की ओर रवाना किया।

सड़क सुरक्षा के लिये गठित संसदीय क्षेत्र समिति की बैठक आज

बिलासपुर । सड़क प्रयोगकर्ता के बीच जागरूकता को बढ़ावा देने के लिये जिले में संसद सदस्य लोकसभा की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा संसदीय क्षेत्र समिति का गठन किया गया है। समिति की बैठक 14 फ्रवरी को प्रातः 11 बजे से सांसद की अध्यक्षता में मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर एवं समिति के सचिव डॉ.संजय अलंग ने बताया कि बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा क्रिया-कलापों की निगरानी, सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की निगरानी, सड़क दुर्घटनाओं के कारणों को पहचानना और उसका अध्ययन, राष्ट्रीय, राज्य सड़क सुरक्षा परिषद को सुझाव प्रदान करना, प्रोटोकॉल के अनुसार ब्लैक स्पॉटों की पहचान तथा सुधार से संबंधित कार्य की समीक्षा और निगरानी तथा सभी सड़क इंजीनियरिंग उपाय, सड़क सुरक्षा मानकों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करना, दुर्घटना, घातकता में कमी लाने के लिये विशिष्ट लक्ष्यों के साथ जिले के लिये सड़क सुरक्षा कार्य योजना तैयार करना तथा उसका क्रियान्वयन करना, 4-ई के कार्य अर्थात शिक्षा, प्रवर्तन, आपातकालीन देखभाल और इंजीनियरिंग के क्रियान्वयन पर चर्चा करना और उन्हें कारगर बनाना, गति सीमा और यातायात को सुचारू बनाने के उपायों की समीक्षा करना, जिले के नेक व्यक्तियों को प्रेरित करने के लिये कार्य-नीतियां बनाना, नगर, शहर तथा जिले में ग्राम पंचायत में यातायात पार्क-सह-प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना, जिले में सड़क सुरक्षा अभियान को बढ़ावा देना तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित अन्य मुद्दे पर चर्चा होगी।

रिक्त पदों हेतु आवेदन आज से 28 तक

बिलासपुर । एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर द्वारा ग्राम पंचायत बांधा, डोमनपुर एवं घोघरा में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों के लिये 14 से 28 फ्रवरी 2020 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आंगनबाड़ी सहायिका के लिये शैक्षणिक योग्यता 8वीं उत्तीर्ण, उम्र 18 से 44 वर्ष तथा संबंधित ग्राम या वार्ड का निवासी होना अनिवार्य है। गरीबी रेखा, अनुसूचित जाति, जनजाति, विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा, अनुसूचित जाति जनजाति विभाग द्वारा संचालित विद्यालय से अध्ययनरत, पूर्व कार्यकर्ता या सहायिका होने पर अतिरिक्त अंक प्रदान किया जायेगा।

सड़क हादसे में व्यापारी और ड्राईवर की हुई मौत

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। रायपुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे पर आज सुबह हुई कार-ट्रक के बीच हुई भिड़ंत में रायपुर के व्यवसायी समेत कार व ट्रक के ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई।

आज सुबह 9:30 बजे की है। सरगांव थाना प्रभारी मनोज शर्मा ने बताया कि रायपुर से इर्टिका कार पर व्यवसायी गुंदराज हल्दवानी और उसका ड्राइवर हरीश साहू सवार थे। मुंगेली जिले के सरगांव के पास तेज रफ्तार कार ने अपना संतुलन खो दिया। बरमदेव ढावे के किनारे सीमेंट लदे ट्रक को उसके ड्राइवर रसीले साहू ने रोका था और टायर की हवा की जांच कर रहा था। पीछे से चालक हरीश ने सीधे उसे टक्कर मारी और ट्रक के नीचे कार घुस गई। ट्रक ड्राइवर रसीले साहू इस टक्कर से करीब 150 फीट दूर जाकर गिरा। इधर कार ड्राइवर हरीश और सफायर सिटी रायपुर में रहने वाले व्यवसायी गुंदराज ट्रक के नीचे कार समेत घुस गये। ट्रक ड्राइवर और कार सवार दोनों लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते तक आगे की कार्रवाई कर रही है ।

राइस मिल के पास मिली पूर्व सरपंच के भाई की लाश

■ हत्या की आशंका जताते हुए ग्रामीणों ने तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए किया चक्काजाम

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर। सकरी थाना क्षेत्र अंतर्गत राइस मिल के पास पूर्व सरपंच के भाई की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। जहां एक तरफ कहा जा रहा है की अत्यधिक शराब के सेवन से मौत हुई है तो वही परिजनों का आरोप है कि हत्या गांव के ही दो हत्यारों ने किया है, वही पुलिस की जांच में भी पुराने हत्यारों की पेंच फंस रही है। इसलिए तो हत्यारों की गिरफ्तारी को लेकर मृतक के परिजनों तथा ग्रामवासियों ने सकरी में चक्काजाम भी कर दिया।

आज सुबह सकरी बाईपास रोड पर सकरी चौकी से आगे राइस मिल के पास एक व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। पास ही में शराब भट्ठी होने से अनुमान लगाया जा रहा है कि अत्यधिक शराब के सेवन से उसकी मौत हुई है लेकिन पुलिस जांच में कुछ और हत्या की आशंका नजर आ रहा है।

जांच के दौरान पता चला कि लाश राधेश्याम साहू की है। राधेश्याम साहू के भाई हरिनारायण साहू पूर्व सरपंच थे जिनकी हत्या गांव के ही मोहन यादव और सोहन यादव ने 4 साल पहले की थी। हालांकि यह मामला साबित नहीं हो पाया था। परिजनों को संदेह है कि 4 साल पहले मृतक के बड़े भाई की हत्या करने वाले मोहन यादव और सोहन यादव ने ही राधेश्याम साहू की भी हत्या की होगी। राधेश्याम साहू के शरीर पर चोट के कई निशान पाए गए हैं इसलिए पुलिस भी हत्या के आरोप से इनकार नहीं कर रही है। यहां जांच के लिए डॉग स्क्वायड को बुलाया गया। खोजी कुत्ते भी मोहन यादव और सोहन यादव के ही ठिकाने पर पहुंचे, लेकिन दोनों नही मिले। संबलपुरी सकरी निवासी राधेश्याम साहू के परिजन ने राधेश्याम की हत्या करने का आरोप लगाते हुए संदेह मोहन और सोहन यादव पर ही जताया है। दरअसल परिजनों की माने तो पूर्व मृत सरपंच द्वारा अपने घर के पास ब्रेकर बनाया गया था। जहां से आवागमन के दौरान सोहन और मोहन यादव ब्रेकर के नाम पर सरपंच को गाली गलौच दिया करते थे । विवाद इतना बढ़ गया था कि सोहन और मोहन ने पूर्व सरपंच को मौत के घाट भी उतार दिया था। जिसके बाद हालांकि हत्यारे जेल तो चले गए थे लेकिन उनकी पुरानी रंजिश खत्म नही हुई, इसलिए परिजनों को दोनो पर शक है कि वही पुरानी रंजिश को लेकर सोहन और मोहन ने राधेश्याम की हत्या की होगी। पुलिस को भी दोनों पर ही शक है। मृतक के सर में गहरे चोट के निशान है। पुलिस पोस्टमार्डम रिपोर्ट के आने का इंतज़ार कर रही तभी पता चलेगा कि युवक की शराब के सेवन से मौत हुई है या फिर हत्या किया गया है ।

क्षेत्र में हत्या की घटना के बाद ग्रामीणों ने इस मामले में संदिग्ध हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मृतक के परिजनों और उनके समर्थकों ने सकरी बाईपास रोड पर कुछ वक्त के लिए चक्काजाम कर दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें समझाइश देकर इस चक्काजाम को हटाया ।

टिकट चेकिंग अभियान में रेल मंडल ने बनाया नया रिकार्ड

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर आने वाले समस्त रेलवे।स्टेशनो में समय समय पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जाता है इसकी मुख्य वजह है कई यात्री।बिना टिकट लिए ही यात्रा करते है इस वजह से प्रति वर्ष यात्री परिवन ट्रेनों से रेलवे बोर्ड को करोड़ो रूपये का नुकसान हुआ सहना पड़ता है । ऐसे में यात्रियों को टिकट लेकर सफर करने जागरूकता लाने टिकट चेकिंग अभियान चलाया जाता है ।

बिलासपुर रेलवे मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक के आदेशानुसार टिकटधारी यात्रियों की बेहतर सुविधा को ध्यान में रखते हुए एवं यात्रियों को टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूक करने तथा गाडियों में बेटिकट यात्रियों की रोकथाम हेतु मंडल के वाणिज्य विभाग द्वारा टिकट चेकिंग अभियान चलाया जाता है। इसी संदर्भ में मंडल वाणिज्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा टिकट चेकिंग अभियान चलाकर अब तक की सर्वाधिक वसूली की गई।

टिकट चेकिंग अभियान से कुल 2715 मामलों से 10 लाख 71 हजार 645 रूपये बतौर जुर्माना वसूला गया। जिसमें बिना टिकट के 722 मामलों से 5,55,215 रूपये अनियमित टिकट के 738 मामलों से 3,46,645 रूपये तथा बिना बुक किये गये लगेज के 1007 मामलों से 1,00,270 रूपये, टिकट श्रेणी परिवर्तन के 244 मामलों से 69,315 रूपये तथा गंदगी फैलाने के 04 मामलों से 200 रूपये शामिल है जो कि मंडल में अभी तक प्रतिदिन टिकट चेकिंग अभियान से जुर्माने की सर्वाधिक वसूली है।

कार्यालय नगर पालिका परिषद सक्ती, जिला- जांजगीर चांपा (छ.ग.)

क्रमांक/1155/मुन.अ./न.पा.प./2020 सक्ती, दिनांक 07/02/2020

मुनादी सूचना

एतद् द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बी.एल.सी. घटक के हितग्राहियों को सूचित किया जाता है कि बी.एल.सी. घटक अंतर्गत आवास निर्माण के लिए स्वीकृत प्रदान की गई है लेकिन भूमि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने के कारण आवास निर्माण का अनुज्ञा प्रदान नहीं किया गया है, अतः जिन हितग्राहियों का आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, वे सभी हितग्राही भूमि स्वामी संबंधी दस्तावेज 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, ताकि अग्रिम कार्यवाही कर आवास निर्माण कार्य कराया जावेगा। भूमि स्वामी संबंधी दस्तावेज नहीं होने पर यह माना जावेगा कि आपके पास भूमि की स्वामित्व नहीं है, आपको स्वीकृत योजना से पृथक कर दी जावेगी एवं प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत बी.एल.सी. घटक का लाभ नहीं मिलेगा। कृपया समय-सीमा में दस्तावेज प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

सूचनार्थ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सक्ती

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

मैनुअल पद्धति विक्रय निविदा सूचना

क्रमांक 41/ले.शा./लो.स्वा.यां./2019-20 दिनांक 11.02.2020

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से फार्म-जी में निम्नलिखित कार्य हेतु मैन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र आवेदन की अंतिम तिथि 24.02.2020 शाम 5.00 बजे तक

स.क्र.	निष्प्रयोजित सामग्री का नाम	अनुमानित लागत (रु.लाख में)	अमानत राशि @10%	निविदा प्रपत्र का मूल्य
01	सहायक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड चांपा से प्राप्त सूची अनुसार।	5.175	50000.00	750.00
02	सहायक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड अकलतरा से प्राप्त सूची अनुसार।	0.373	3800.00	300.00
03	सहायक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड सक्ती से प्राप्त सूची अनुसार।	0.84	8400.00	300.00
04	सहायक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी उपखण्ड डभरा से प्राप्त सूची अनुसार।	1.413	14200.00	300.00

यह निविदा सूचना मूल निविदा का एक अंग है। विस्तृत निविदा पूर्ण जानकारी इस कार्यालय से एवं निष्प्रयोजित सामग्री का निरीक्षण संबंधित उपखण्ड कार्यालय भण्डार गृह से कार्यालयीन समय में दिनांक 24.02.2020 तक देखी जा सकती है।

जी-76827/3

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम रायगढ़ (छ.ग.)

पत्र क्रमांक 2416/रा.वि./भव.नाम/न.पा.नि./2020 रायगढ़, दिनांक 13/02/2020

-: भवन नामांतरण हेतु दावा-आपत्ति सूचना पत्र :-

आम जनता को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के अंतर्गत निगम अभिलेख में अपने नाम से भवन/भूमि को दर्ज करने अथवा स्वामित्व हक का अंतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रभावी दस्तावेजों सहित इस सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 दिनों के भीतर इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, पश्चात के आवेदन या आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

स. क्र.	वार्ड क्र.	मकान क्र.	मोहल्ला	वर्तमान में जिस व्यक्ति से नाम से भवन/भूमि दर्ज है हस्तांतरणकर्ता का नाम एवं पिता/पति का नाम	नामांतरण जिस व्यक्ति के नाम से किया जाना हस्तांतरिती/आवेदक का नाम	नामांतरण/हक अंतरण करने का आधार
1	31	बी-10	भाटिया वाटिका रायगढ़ (छ.ग.)	श्री इन्द्रपाल सिंह भाटिया पिता श्री हरबंश भाटिया जगतपुर रायगढ़ (छ.ग.)	श्रीमती तारा बाई साहू पति श्री रामबिहारी साहू म.नं.-169, वार्ड नं.-14, पोस्ट-बघौद, चन्द्रपुर तह. डभरा जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)	रजिस्ट्री पत्र
2	31	बी-8	भाटिका वाटिका रायगढ़ (छ.ग.)	श्री इन्द्रपाल सिंह भाटिया पिता श्री हरबंश भाटिया जगतपुर रायगढ़ (छ.ग.)	श्री अनुज सिंह पिता कमला सिंह, वार्ड नं.-5 बूढ़ी माई मंदिर के पास दीनदयाल कालोनी, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री पत्र
3	31	बी-27	भाटिया वाटिका रायगढ़ (छ.ग.)	श्री इन्द्रपाल सिंह भाटिया पिता श्री हरबंश भाटिया जगतपुर रायगढ़ (छ.ग.)	श्री कमलाकर पटेल पिता श्री शिवप्रसाद पटेल, वार्ड नं. 4 राम मंदिर पारा, जामपाली, तह. व जिला रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री पत्र
4	31	ए-12	भाटिया वाटिका रायगढ़ (छ.ग.)	श्री इन्द्रपाल सिंह भाटिया पिता श्री हरबंश भाटिया जगतपुर रायगढ़ (छ.ग.)	श्री मिठाईलाल साहू, पिता श्री माखनलाल साहू देवगांव पथरीपाली तह. सारंगढ़ जिला रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री पत्र
5		38	भाटिया वाटिका रायगढ़ (छ.ग.)	श्री इन्द्रपाल सिंह भाटिया पिता श्री हरबंश भाटिया जगतपुर रायगढ़ (छ.ग.)	श्री राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल पिता श्री कृष्ण कुमार अग्रवाल साल्हेओना, तह. व जिला रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री पत्र
6	34	1076	रायल ग्रीन कालोनी उड़ीसा रोड रायगढ़ (छ.ग.)	श्री पुरूषोत्तम अग्रवाल पिता स्व. श्री लालचंद अग्रवाल गौशाला पारा, बैकुंठपुर, रायगढ़ (छ.ग.)	श्रीमती ऋतु मिश्रा पति श्री दिनेश मिश्रा, प्लाट नं. 37, रायल ग्रीन कालोनी, उड़ीसा रोड, छातामुड़ा चौक, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्रीकरण
7	1	ए-501	गोकुलधाम, राजीव नगर रायगढ़ (छ.ग.)	ओम बिल्डर्स श्री नितिन सिंघल पिता श्री जगदीश प्रसाद सिंघल, सिटी कोतवाली के सामने, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री नीरज कुमार चौधरी पिता श्री नरेन्द्र कुमार चौधरी गोकुलधाम, राजीव नगर, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
8	1	ए-504	गोकुलधाम, राजीव नगर रायगढ़ (छ.ग.)	ओम बिल्डर्स श्री नितिन सिंघल पिता श्री जगदीश प्रसाद सिंघल, सिटी कोतवाली के सामने, रायगढ़ (छ.ग.)	श्रीमती नैना ओझा पति श्री ब्रजेश ओझा, गोकुलधाम राजीव नगर, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
9	19	311/139	इतवारी बाजार, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री अमरीक सिंह टूटेजा पिता श्री उत्तम सिंह टूटेजा इतवारी बाजार, रायगढ़ (छ.ग.)	सुरेश कुमार अग्रवाल एवं अन्य 03, गौरीशंकर मंदिर रोड, अग्रोहा भवन के सामने, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री
10	39	280	रेल्वे बंगला पारा, जयहिन्द गली, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री बसंत कुमार भुसारी पिता श्री श्रीधर भुसारी रेल्वे बंगला पारा, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री हरी किशन जैन पिता श्री गेंदामल जैन, कोतरा रोड, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री के द्वारा
11	31	13	भाटिया वाटिका रायगढ़ (छ.ग.)	श्री इन्द्रपाल सिंह भाटिया पिता श्री हरबंश भाटिया जगतपुर रायगढ़ (छ.ग.)	श्रीमती प्रतिमा गुप्ता पति श्री ओमप्रकाश गुप्ता, देवांगन मोहल्ला चन्द्रपुर, तह. डभरा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)	रजिस्ट्री पत्र
12	31	बी-24	भाटिया वाटिका रायगढ़ (छ.ग.)	श्री इन्द्रपाल सिंह भाटिया पिता श्री हरबंश भाटिया जगतपुर रायगढ़ (छ.ग.)	श्री अपूर्वा पॉल पिता श्री सुशील पॉल, ओरियंट कोलियरी, ब्रजराजनगर (ओड़िसा)	रजिस्ट्री पत्र
13	30	463	मौदहापारा रायगढ़ (छ.ग.)	स्व. श्रीमती रामप्यारी पति स्व. श्री करम सिंह मल्होत्रा बीड़पारा, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री मंजीत सिंह मल्होत्रा पिता स्व. श्री करम सिंह मल्होत्रा, बीड़पारा, रायगढ़ (छ.ग.)	मृत्यु उपरांत
14	1	नया	राजीव नगर, गोकुलधाम रायगढ़ (छ.ग.)	श्री नितिन सिंघल पिता श्री जगदीश प्रसाद सिंघल सिटी कोतवाली के पीछे, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री अजय शर्मा पिता श्री भीमसेन भारद्वाज, गौरीशंकर मंदिर रोड, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्रीकरण
15	21		खर्राघाट, बेलादुला रायगढ़ (छ.ग.)	हंसा रोहरा पिता श्री सुरेश कुमार रोहरा, खर्राघाट बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री हिमांशु कुमार रोहरा पिता श्री सुरेश कुमार रोहरा खर्राघाट, बेलादुला, रायगढ़ (छ.ग.)	लिखित द्वारा
16	30	463	मौदहापारा, रायगढ़ (छ.ग.)	स्व. श्रीमती रामप्यारी मल्होत्रा पति स्व. श्री करम सिंह मल्होत्रा, बीड़पारा, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री अरविंद पाल सिंह मल्होत्रा पिता स्व. श्री करम सिंह मल्होत्रा, बीड़पारा, रायगढ़ (छ.ग.)	मृत्यु उपरांत
17	4	1016/1078		श्री विपिन कुमार पिता श्री धर्मपाल सिंह, खरसिया रोड पतरापाली, तह. व जिला रायगढ़ (छ.ग.)	श्री नेमू जैन पिता श्री नागराज जैन, कृष्णा विहार कालोनी, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्रीकरण
18	20	10	सदर हटरी चौक, रायगढ़ (छ.ग.)	बेवा द्रोपदी देवी अग्रवाल पति स्व. श्री रामनिवास अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल पिता स्व. श्री रामनिवास अग्रवाल, मोदी प्लाजा, जगतपुर, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री अभिषेक अग्रवाल, श्री अमन अग्रवाल पिता श्री कैलाश अग्रवाल, मोदी प्लाजा, जगतपुर, रायगढ़ (छ.ग.)	आदेश
19	31	50	भाटिया वाटिका रायगढ़ (छ.ग.)	श्री इन्द्रपाल सिंह भाटिया पिता श्री हरबंश भाटिया जगतपुर, रायगढ़ (छ.ग.)	श्रीमती कमरून निशा खान पति श्री शेख मनीजुल, माल धक्का के पीछे, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री पत्र
20	48	547	शिवकानन कालोनी बोईरदादर,रायगढ़ (छ.ग.)	बैद्यनाथ बिल्डर्स स्व. श्री जगन्नाथ अग्रवाल, कोतरा रोड, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री सुधीर कुमार शर्मा पिता श्री जैतराम शर्मा, शिवकानन कालोनी, बोईरदादर, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्रीकरण
21	4	900	कृष्णा विहार कालोनी रायगढ़ (छ.ग.)	श्री संजय कुमार शर्मा पिता श्री बाबूलाल शर्मा, गुरूद्वारा रोड, वार्ड नं. 15, खरसिया तह. खरसिया, जिला रायगढ़ (छ.ग.)	श्री रमेश कुमार बिस्नोई पिता श्री प्रेमचंद बिस्नोई शिवम विहार राजीव गांधी नगर, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री पत्र
22	31		भाटिया वाटिका रायगढ़ (छ.ग.)	श्री इन्द्रपाल सिंह भाटिया पिता श्री हरबंश भाटिया जगतपुर, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री जीतराम पटेल पिता श्री हेमलाल पटेल, नवापारा तह. धरमजयगढ़, जिला रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री पत्र
23	31		भाटिया वाटिका रायगढ़ (छ.ग.)	श्री इन्द्रपाल सिंह भाटिया पिता श्री हरबंश भाटिया जगतपुर, रायगढ़ (छ.ग.)	श्रीमती कान्ति चौधरी पति श्री धनेन्द्र चौधरी, वार्ड नं. 01 कोतरा रोड, राजीव नगर, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री पत्र
24	31	25 एवं 26	भाटिया वाटिका रायगढ़ (छ.ग.)	श्री इन्द्रपाल सिंह भाटिया पिता श्री हरबंश भाटिया जगतपुर, रायगढ़ (छ.ग.)	श्रीमती बसंत कुमारी पटेल पति श्री अभयराम पटेल बीच बस्ती रैवार, तह. पुसौर, जिला रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री पत्र
25	31	ई-1	भाटिया वाटिका रायगढ़ (छ.ग.)	श्री इन्द्रपाल सिंह भाटिया पिता श्री हरबंश भाटिया जगतपुर, रायगढ़ (छ.ग.)	श्री हेमन्त कुमार गुप्ता पिता श्री उदेराम गुप्ता, हा.नं. 221 कालिंदी कुंज कबीर चौक के पास, रायगढ़ (छ.ग.)	रजिस्ट्री पत्र

आयुक्त
नगर पालिक निगम
रायगढ़ (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

टोकन व्यवस्था दुरूस्त करें अन्यथा करेंगे चक्काजाम

महासमुंद। धान बेचने के लिए टोकन जारी न होने से नाराज किसानों ने चक्काजाम की चेतावनी दी है। बुधवार को पिथौरा एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर किसानों ने टोकन व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की है और सुधार न होने पर एनएच-53 लहरौद पड़ाव के चक्काजाम करने की बात कही है। किसान नारायण पटेल, बालाराम, बंस राम,गजाधर समेत दर्जनभर किसानों ने एसडीएम कार्यालय पहुंच कर आवेदन सौंपा, जिसमें उन्होने कहा कि कृषक सहकारी समिति धान बेचने के लिए टोकन नहीं मिल रहा है। जिससे वे परेशान हो गए हैं। बता दें कि धान खरीदी के लिए अब सप्ताह भर का समय बचा है। ऐसे में किसान अपनी पूरी धान बेचना चाह रहे हैं। लेकिन, टोकन जारी न होने से धान बेचने में अड़चने आ रही है।

कार की ठोकर से सड़क पार कर रहा वृद्ध घायल

महासमुंद। एनएच-53 में मुढ़ीपार के पास सड़क पार करते समय कार की ठोकर से वृद्ध घायल हो गया। अर्जुनी निवासी रघुनाथ ध्रुव के अनुसार मंगलवार दोपहर एक बजे उनके पिता झरीहार ध्रुव मुढ़ीपार के पास सड़क पार कर रहे थे, तभी कार क्रमांक ओडी 15 एन 2700 के चालक ने लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए ठोकर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने कार चालक संबलपुर निवासी सुबोध ध्रुवा के खिलाफ धारा 279, 337 के तहत अपराध दर्ज किया है।

अरिश युवा कांग्रेस सोशल मीडिया सेल के प्रदेश संयोजक नियुक्त

महासमुंद। युवा कांग्रेस के नेता अरिश अनवर को भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस सोशल मीडिया के राष्ट्रीय संयोजक वैभव वालिया ने प्रदेश संयोजक पद के लिए नियुक्त किया।इस अवसर पर अनवर ने हर्ष व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी की कार्ययोजनाओं के जमीनी तथा मीडिया के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने की बात कही। अनवर ने प्रदेशाध्यक्ष कोको पाढ़ी, संतोष कोलकुण्ड, प्रदेश महासचिव सुबोध हरितवाल एवं प्रदेश प्रभारी केके शास्त्री का आभार व्यक्त किया।

प्रेम के नाम पर अश्लीलता और फूहड़ता बर्दाश्त नहीं-धर्मेंद्र

महासमुंद। शिवसेना के प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि वेलेंटाइन डे के नाम पर किसी भी प्रकार की फूहड़ता या अश्लीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शिव सैनिक जिले के सभी गार्डनों एवं ऐसे जगहों पर जहां किसी भी प्रकार की फूहड़ता या अश्लीलता की संभावना हो, वहां निगरानी रखेंगे। उन्होंने कहा कि हम प्रेम करने वालों के खिलाफनहीं है। लेकिन, प्रेम के नाम पर अश्लीलता एवं फूहड़ता प्रदर्शित करने वालों के खिलाफ है। वेलेंटाइन डे के नाम पर पाश्चात्य संस्कृति द्वारा हमारी पवित्र संस्कृति पर सोची समझी साजिश के तहत अप्रत्यक्ष हमला है। जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं और युवाओं से भी अपील करते हैं कि पाश्चात्य की फूहड़ता एवं अश्लीलता से दूर रहे और अपनी गरिमामयी विश्विवख्यात भारतीय संस्कृति की रक्षा करें।

छह लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

महासमुंद। बसना पुलिस ने वार्ड 2 में दो महिलाओं से अंग्रेजी शराब बरामद की है। वार्ड 2 निवासी मालती साहू (45) घर में अवैध रूप से शराब बेच रही थी। सूचना पर मंगलवार सुबह सवा 9 बजे घर की तलाशी ली, जिसमें बाड़ी में रखी 6.120 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। इसी तरह वार्ड के ही नायक पारा में पत्रिका नायक (54) को शराब बेचते पकड़ा, जिनके कब्जे से 8.640 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की। जिसपर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

रेलवे पुल के पास मिली लाश

महासमुंद। बेलसोंडा रेलवे पुल के पास युवक की लाश मिली है। पुलिस ने बताया कि 10 फरवरी की रात करीब 12 बजे ट्रेन से कटी लाश मिलने की सूचना पर मर्ग कायम किया गया है। बताया जा रहा है कि लाश बागबाहरा निवासी एक मनोरोगी की है।

तेज रफ्तार बाइक ठेला में भीड़ी

महासमुंद। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गुपचुप ठेला में जा घुसी, जिससे युवक घायल हो गया और ठेला का सामान बिखर गया। खल्लारी हायर सेकेंडरी स्कूल के पास मंगलवार शाम साढ़े 4 बजे वार्ड के डमरू प्रसाद सिन्हा ने गुपचुप ठेला खोल रखी थी। इस दौरान बाइक क्रमांक सीजी 23 एच 1471 के चालक ने तेज रफ्तार चलाते हुए ठेला को ठोकर मार दी। घटना में बाइक सवार फिंगेश्वर जिला गरियाबंद निवासी संतोष कुमार बरिहा को चोटें आई। इधर, पुलिस ने ठेला संचालक की शिकायत पर बाइक चालक के खिलाफधारा 279 के तहत अपराध दर्ज किया है।

अपहृत बालिका बरामद

महासमुंद। करीब दो साल पहले के अपहरण मामले में पुलिस ने एक युवक के कब्जे से बालिका को बरामद कर युवक को गिरफ्तार कर लिया। बालिका को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक पिथौरा थाना क्षेत्र से एक नाबालिग को भगा ले जाने की शिकायत परिजनों ने करीब दो साल पहले थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस टीम ने चंगोराभाठा रायपुर से महलपारा पिथौरा निवासी अजय पिता साधुराम सिन्हा (23) के कब्जे से बालिका को बरामद किया।

कसडोल जनपद पंचायत में गौरी देवी दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित

■ रामचरण यादव बने उपाध्यक्ष

■ जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर लगातार चौथी बार वनांचल का दबदबा

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल । कसडोल जनपद पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा के गौरी देवी अध्यक्ष बनी वहीं उपाध्यक्ष पद पर रामचरण यादव निर्वाचित हुए हैं । कसडोल जनपद पंचायत के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद पर लगातार चौथी बार वनांचल क्षेत्र का कब्जा जमाने में सफल रहा ।

जनपद पंचायत कसडोल के अध्यक्ष पद पर लगातार चौथी बार भाजपा कब्जा जमाने में सफल रहा । जनपद पंचायत अध्यक्ष के निर्वाचन के लिए अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के गौरी देवी और सिद्धांत मिश्रा ने नामांकन पत्र दाखिल किया ।एस डी एम एवं विहित प्राधिकारी टी सी अग्रवाल ने निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न कराया । अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद विहित प्राधिकारी ने अभ्यर्थियों को आपसी सहमति के लिए अवसर प्रदान किया लेकिन आपसी सहमति नहीं बन पाने के कारण अन्ततः मतदान कराया गया जिसमें गौरी देवी

को कुल 25 वोटों में से 16 वोट प्राप्त हुए जबकि सिद्धांत मिश्रा को 8 वोट तथा 1 वोट निरस्त घोषित किए गए ।उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए रामचरण यादव एवं निरंजन पटेल ने नामांकन पत्र दाखिल किया उन्हें भी विहित प्राधिकारी ने आपसी सहमति के लिए अवसर प्रदान किया लेकिन इस पद के लिए भी आपसी तालमेल नहीं बन पाया और मतदान कराया गया जिसमें रामचरण यादव को भी 16 वोट एवं निरंजन पटेल को 9 वोट प्राप्त हुए ।इस तरह राम चरण यादव को 7 वोट से निर्वाचित घोषित किया गया ।लगातार चौथी बार है जब कसडोल जनपद एवं उपा - ध्यक्ष पद पर वनांचल क्षेत्र दबदबा कायम रखने में सफल रहा । कांग्रेस की सरकार होते हुए इस बार भी पार्टी के जिम्मेदार नेताओं का जनपद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष चुनाव के लिए ध्यान नहीं देना आम लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

जीत के बाद जुलूस

दोपहर 2 बजे परिणाम सामने आने के बाद भाजपा के नव निर्वाचित जनपद अध्यक्ष गौरी देवी अपने समर्थकों के साथ पूरे नगर में जीत का जुलूस निकाला। साथ ही पार्टी के कार्यकर्ता जीत के बाद फटाकों से पूरा माहौल को बना दिया। कुलमिलाकर कांग्रेस के सत्ता पर एक बार फिर वरिष्ठ नेताओं के नजरअंदाज के कारण लगातार जनपद की कुर्सी पर मैदानी इलाके को छोड़कर वनांचल का कब्जा हो गया।

14-11 का समीकरण भी पड़ा उल्टा

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद जनपद अध्यक्ष के लिए भाजपा और कांग्रेस के प्रबल दावेदार काफी दिनों से अपना समीकरण बनाने में जुटे हुये थे लेकिन दोनों ही पक्ष अपना दाव पेश नही कर पा रहे थे दोनों ही दलों के दावेदार 14-11 का समीकरण बनाकर अपनी रणनीति बना रहे थे लेकिन गुरुवार को हुये अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में दोनों ही पार्टी के सदस्य पल्टी मारते हुये 14-11 के समीकरण को 16-08 के पायदान पर लाकर खड़ा कर दिया। जिससे अब कांग्रेस के दावेदार उस पल्टू सदस्य को खोजने में लगी है।

छुईखदान शासकीय शराब दुकान में हुई चोरी में 4 आरोपी गिरफ्तार

■ गार्ड ही निकला चोरी का मास्टर माईन्ड

नवप्रदेश संवाददाता

राजनांदगांव। प्रार्थी राकेश वर्मा पिता भागीरथी वर्मा उम्र 25 वर्ष निवासी कातुलवाही थाना छुईखदान जो स्थानीय शराब दुकान का कर्मचारी है, ने थाना छुईखदान में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9-10 फरवरी की दरम्यानी रात छुईखदान शासकीय शराब दुकान से विदेशी शराब की बिक्री राशि 8,69,110 रूपये एवं देशी शराब की बिक्री राशि 15,62,640 रूपये कुल रकम 24,31, 750 रूपये को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गये व शराब दुकान में लगे सीसीटीव्ही के डीव्हीआर बाक्स को भी साथ ले गये है। सूचना पर थाना छुईखदान में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 27/2020 धारा 457, 380 भादंवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उपरोक्त अपराध की सूचना तत्काल थाना प्रभारी छुईखदान द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक, दुर्ग क्षेत्र, दुर्ग विवेकानंद सिन्हा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डोंगरगढ़ गोरखनाथ बघेल के नेतृत्व में टीम का गठन कर लगातार आरोपियों की पतासाजी की जा रही थी। घटना स्थल निरीक्षण से यह प्रतीत हो रहा था कि घटना को अंजाम देने में किसी न

किसी शराब दुकान के ही कर्मचारी का हाथ रहा है, क्योंकि पूछताछ पर चाबी के गुच्छे से मुख्य द्वार पर लगाने वाले ताला का एक चाबी गायब था एवं लॉकर का चाबी को भी बंद करने के बाद एक निश्चित स्थान पर दुकान के अंदर ही छपाकर रखा जाता था, जिसको देखते हुये शराब दुकान में कार्यरत कर्मचारियों एवं उनके मित्रों से पूछताछ किया गया। इसी पूछताछ पर दिलीप यादव ने बताया कि शराब दुकान का गार्ड मानक राम जंघेल ने 4-5 लाख रूपये जुंए में जीतने की बात घटना की रात बताया था। इस संबंध में मानक राम जंघेल से पूछताछ करने पर वह घटना को अंजाम देना स्वीकार करते हुये अपने अन्य साथी पुनीत राम जंघेल, मोहित यादव एवं मोहन पाल के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। आरोपी मानक राम जंघेल पिता विजय लाल जंघेल उम्र 31 वर्ष निवासी गमानपर थाना छुईखदान जिला राजनांदगांव, पुनीत कुमार जंघेल पिता केदार जंघेल उम्र वर्ष, मोहित यादव पिता होरीराम यादव उम्र 26 वर्ष एवं मोहन मेहत्तरपाल उम्र 24 वर्ष तीनो निवासी विचारपुर थाना छुईखदान जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार कर आरोपियों से 22,79,810 रूपये एवं सीसीटीव्ही के डीव्हीआर बाक्स को जप्त किया गया है। घटना को खुलासा करने व आरोपियों को गिरफ्तार करने में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस खैरागढ़ जीसी पति, थाना प्रभारी छुईखदान निरीक्षक रामेश्वर देशमुख, थाना प्रभारी साल्हेवारा निरीक्षक व्यास नारायण चुरेन्द्र, थाना प्रभारी खैरागढ़ निरी. लोमेश सोनवानी एवं साईबर सेल प्रभारी उप निरी. भोला सिंह एवं उनके टीम के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा रातदिन का मेहनत से यह अपराध को खुलासा कर अंतिम पडाव तक ले जाने एवं आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी गये रकम बरामद करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

नवनिर्वाचित सरपंच पर आरोप दो पंचायत से लेती हैं राशन

■ सरपंच पद की पराजित प्रत्याशी ने की कार्रवाई की मांग

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। किशनपुर से निर्वाचित सरपंच प्रतिभा बारिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए इस चुनाव में प्रत्याशी रही हिरौदी साहू ने कहा है कि प्रतिभा बारिक दो गांवों में निवास करती हैं और दोनों स्थानों पर मतदाता सूची तथा राशन कार्ड का उपयोग कर रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया का गलत इस्तेमाल कर ग्राम पंचायत किशनपुर में सरपंच पद का निर्वाचन प्रक्रिया में शामिल होकर सरपंच पद हासिल की है, जो गलत है। उन्होंने बताया कि 28 फरवरी को चुनाव हुआ है। 25 फरवरी को जानकारी होने पर उन्होंने निर्वाचन अधिकारी समेत पुलिस थाना में भी शिकायत की है। किंतु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बुधवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि ग्राम पंचायत लहरौद में मतदाता सूची नंबर 733 के मकान नंबर 105 निर्वाचन परिचय पत्र डब्ल्यू एन-1459692 में प्रतिभा बारिक का नाम दर्ज है, उसका पति कमलेश बारिक का नाम भी लहरौद में है। इसके अलावा ग्राम पंचायत किशनपुर में भी उनका नाम दर्ज है, जिसके कारण दो-दो स्थानों पर मतदाताओं को प्रभावित करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जब उन्हें किशनपुर से चुनाव लडऩा था, तो लहरौद के मतदाता सूची से पहले नाम विलोपित कराना था लेकिन ऐसा न कर उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया का उल्लंघन किया है। जिसके लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

महापौर ने दी शहीद पूर्णानंद साहू को श्रद्धांजलि

राजनांदगांव। महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख छड अल्प संख्यक आयोग के सदस्य हफीज खान, राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक एवं वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल के साथ शहीद पूर्णानंद साहू के गृहग्राम जंगलपुर जाकर उनके पिता लक्ष्मण साहू एवं परिजनों से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त कर शहीद पूर्णानंद साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की। महापौर श्रीमती देशमुख ने कहा कि बीजापुर में नक्सली मुडभेड में पूर्णानंद साहू वीर गति को प्राप्त

हुये। वे एक जबाज सिपाही की तरह अपने अंतिम सास तक लडते रहे। उनकी शहादत खाली नहीं जायेगी। उनका शहीद होना उनके परिवार के लिये ही नहीं बल्कि जंगलपुर ग्राम सहित राजनांदगांव एवं पूरे प्रदेश की क्षति है।

किशोरी से अनाचार 10 साल सश्रम कैद

महासमुंद। शादी का प्रलोभन देकर 7-8 माह तक नाबालिग लड़की का दैहिक शोषण के मामले में अपराध सिद्ध होने पर लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के विशेष न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी ने महासमुंद थाना क्षेत्र के लाफिन खुर्द निवासी 23 वर्षीय जागेश्वर टंडन पुत्र सेखू टंडन को भादसं की धारा 376 (2) (ढ) के तहत 10 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई व दो हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड की राशि नहीं पटाने पर दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास भुगतना होगा। इसी तरह धारा 363 के तहत तीन वर्ष व धारा 366 के तहत पांच वर्ष के सश्रम कारावास के अलावा दोनों धाराओं में एक-एक हजार रुपये का अर्थदंड की सजा दी गई है, अर्थदंड की राशि नही पटाने पर एक-एक माह का सश्रम कारावास अलग से भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ-साथ चलेगी। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर व्यतिक्रम में कारावास अलग से भुगतना होगा।

15 मार्च तक बढ़ाई जाए धान खरीदी : चोपड़ा

नवप्रदेश संवाददाता

महासमुंद। पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा एवं लक्ष्मीकांत तिवारी ने बेलसोंडा धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण कर किसानों की समस्या की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान किसानों ने शासकीय अव्यवस्थाओं की झड़ी लगा दी। अनेक किसानों ने बताया कि शासकीय अव्यवस्थाओं के चलते किसानों को अभी तक एक बार भी टोकन नहीं मिल पाया और अभी भी वे घर में धान की सुरक्षा को लेकर परेशान हैं। धान में जरई उग आयी और कुछ किसानों के धान में दीमक लगना तक प्रारंभ हो गया है। धान खरीदी के मात्र सात दिन बचे हैं परंतु

अभी तक बारदानों की कमी से किसान जूझ रहे हैं। बारदाना उपलब्ध न होने के कारण किसानों का धान, ढेर में ही पड़ा है। जिसकी सुरक्षा करना मुश्किल हो रहा है। ट्रांसपोर्टिंग व्यवस्था ठीक न होने के कारण खरीदी केंद्र में जाम की स्थिति बनती जा रही है। अनेक बार ध्यानाकर्षण के बावजूद परिवहन व्यवस्था में सुधार नहीं हो पा रहा है। पिछले आठ-दस दिनों तक मौसम की मार से धान खरीदी की व्यवस्था पंगु हो गई थी, उसकी भरपाई 5 दिनों में कैसे होगी। अनेक किसानों ने आक्रोश व्यक्त किया कि इस सरकार ने किसानों के रकबा में कमी करते हुए मेड को काटकर 5.10 तक रकबे में कमी कर दी, जो किसानों के साथ अन्याय है। किसानों ने इस बात को लेकर भी भारी आक्रोश था कि सत्ताधारी दल के नेता वोट मांगने तो आए थे, परंतु किसानों की समस्या को लेकर उन्होंने मुंह फेर लिया है। धान खरीदी केंद्र में हर किसान अपनी समस्या को लेकर परेशानी बता रहा था जिस पर डॉ. विमल चोपड़ा ने तत्काल कलेक्टर, एसडीएम एवं डीएमओ से फोन पर चर्चा कर किसानों की समस्या तत्काल दूर करने कहा एवं उन्हें स्वयं निगरानी रखने की बात कही। चोपड़ा ने शासन से मांग की है कि बचे किसानों की धान खरीदी की व्यवस्था के लिए 15 मार्च तक खरीदी बढ़ाई जाय।

जगदीश विश्वकर्मा को सिल्वर मेडल मिला

राजनांदगांव। कोलकाता (पं.बंगाल) राष्ट्रीय सिनियर भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग) चैम्पियनशीप स्पर्धा में छत्तीसगढ़ राजनांदगांव के जगदीश विश्वकर्मा ने 96 किलोग्राम वजन समूह में रजत पदक (सिल्वर मेडल) जितने का गौरव हासिल किया है। जिला भारोत्तोलन संघ के संरक्षक पुरूषोत्तम आजमानी ने बताया कि कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर भारोत्तोलन (वेटलिफ्टिंग) प्रतियोगिता में जगदीश विश्वकर्मा ने 96 किग्रा. वजन वर्ग में कुल 327 किग्रा. वजन उठाकर दूसरा स्थान प्राप्त करने में सफल रहे। छत्तीसगढ़ प्रदेश राजनांदगांव वेटलिफ्टर में स्नैच 147 किग्रा. व क्लिन एंड जर्क में 180 किग्रा वजन उठाकर उड़ीसा के वेटलिफ्टर सुरेश कुमार को पीछे करके सिल्वर मेडल पर कब्जा जमाया। सेना में कार्यरत व अभ्यासरत जगदीश विश्वकर्मा राष्ट्रीय सिनियर भारोत्तोलन प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व किया

और पदक जितने में सफल रहें। पदक जितने के साथ ही जगदीश विश्वकर्मा ने गोवा में प्रस्तावित 36वें नेशनल गेम्स के लिए भी क्वालीफाई कर अपनी जगह बना लिया है।

उक्त वेटलिफ्टर खिलाड़ी जगदीश विश्वकर्मा के सफलता हासिल करने पर जिला भारोत्तोलन संघ के संरक्षक पुरूषोत्तम आजमानी, डोमन महोबिया, अजय श्रीवास्तव, अध्यक्ष अमित आजमानी, संघ के सचिव अशोक श्रीवास आदि सदस्यों व खिलाड़ियों ने बधाई दिये है।

सांसद संतोष पांडे ने केन्द्रीय मद से स्वीकृत कराए 149 करोड़ की 40 सड़क

राजनांदगांव। सांसद संतोष पांडे ने केन्द्रीय मद से राजनांदगांव जिले के कुल 40 सड़के जिसकी लंबाई 250 किमी है कि लिए केन्द्रशासन से 149 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त की है।

सांसद संतोष पांडे द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिले के कुल 9 विकासखंड मे लोकसभा चुनाव के दौरान की गई घोषणा के अनुरूप स्वीकृति प्राप्त की गई है जिसमे प्रमुख रूप से छुईखदान विखं में नर्मदा से खादी लंबाई 40.40 किमी, गंडई से दनिया लंबाई 10 किमी, आरकेपी से बाईकटोरी लंबाई 20 किमी डोंगरगढ़ विखं में बागरेकसा से कारूटोला से काठीटोला लंबाई 8.30 किमी, चिरचारी से पिटेपानी से बोरतालाव लंबाई 4 किमी, मडियान से बागरेकसा लंबाई 7.90 किमी, रामाटोला से ठकुरटोला लंबाई 4.60 किमी, सेन्द्री से नरसिंगपुर से कारीपाट मंदिर रोड लंबाई 3.90 किमी, बिच्छीटोला से सेन्द्री से ठाकुरटोला से मडियान लंबाई 9 किमी, पिपराखार कला से बुढान-झापार से मांगीखुटा से कारूटोला लंबाई 12.90 किमी खैरागढ़ विखं में खैरागढ़ से देवरी लंबाई 13.20 किमी, अवेली से मुडभादुर लंबाई 1.35 किमी, बोरी से कामठा लंबाई 2.65 किमी, घोटिया से बोईरडीह से रूसे लंबाई 3.75 किमी, दिलीपपुर से कांची लंबाई 6.35 किमी, कोटरीझापार से शिकारीटोला लंबाई 2.40 किमी, पांडादाह से बरपेटोला से खम्हारडीह से मुढीपार लंबाई 7 किमी, पिपरिया से खमतराई लंबाई 2.20 किमी, सलगापाठ से तेलीखपरी लंबाई 3.45 किमी, सोनपुरी से रगरा लंबाई 2.45 किमी आदि शामिल है।

अखिल भारतीय निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने लिया बढ़चढ़कर हिस्सा

महासमुंद। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक) विरासत और संचार सेवा विभाग नई दिल्ली एवं महासमुंद अध्याय से अखिल भारतीय निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शासकीय आदर्श बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सांस्कृतिक सभागार में मंगलवार 11 फरवरी को आयोजित निबंध लेखन, चित्रकला स्पर्धा में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक युवा कार्यकर्ता एवं पार्षद नगर पालिका कुम्हारी निश्चय वाजपेयी थे। उन्होंने कहा कि गांधी दक्षिण अफ्रीका में अपने साथ हुये भेद-भाव से इतने दुखी हुए कि अंग्रेजी हुकुमत के खिलाफ उन्होंने बिगुल फूंका और भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्त करके ही दम लिया। अध्यक्षीय उद्बोधन उद्योगपति धरमचंद श्रीश्रीमाल ने कहा कि इस प्रतियोगिता में बच्चों की प्रतिभागिता गांधी के प्रति बच्चों की गहरी रूचि एवं उनके जिज्ञासु भाव को प्रदर्शित कर रही है।

15 फरवरी से संत समागम, तैयारियां पूर्णता की ओर

नवप्रदेश संवाददाता

राजिम। 15 फरवरी से संत समागम की शुरूआत होगी, जिसकी तैयारियां पूर्णता की ओर अग्रसर है। संत समागम में पहुंचने वाले साधु-सतों, महामंडलेश्वरों, आचार्य महात्माओं के लिए विशाल डोम, कुटिया तथा यज्ञ शाला का निर्माण किया गया है, जिसमें बाहर से आने वाले सभी संत महात्माओं के लिए ठहरने की व्यवस्था की गई है। संत समागम में संतो के प्रवचन धार्मिक अनुष्ठान, भागवत एवं यज्ञ का आयोजन किया जाता है। इस संत समागम में गायत्री परिवार, प्रजापति ब्रम्हाकुमारी, सहित साधु-संत, महात्मा अपना अमृत वचन देंगे। तैयारियों को निरीक्षण करने गरियाबंद कलेक्टर श्याम धावड़े, पुलिस अधीक्षक एमआर आहिरे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार लंगेह, ओएसडी एवं मेला समति के सदस्य गिरीश बिस्सा संत समागम स्थल पहुंचे। यहां साधु महात्माओं के लिए बन रहे डोम, कुटिया एवं यज्ञ शाला का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

प्रतिदिन की जाती हैं माता कौशल्या की पूजा-अर्चना

राजिम। राजिम माघी पुन्नी मेला में प्रतिदिन पंडित परिषद के द्वारा मुख्यमंच पर स्थापित राजीवलोचन के साथ माता कौशिल्या की मूर्ति की पूजा-अर्चना की जाती है। कहा जाता है कि छत्तीसगढ़ माता कौशिल्या का मायके हैं अर्थात् श्रीराम जी के नैनिहाल हुए। इसी का स्मरण करते हुए प्रतिवर्ष माघी पुन्नी मेला के कौशिल्या माता के मूर्ति स्थापित कर पंडित परिषद के अर्जुन प्रसाद तिवारी, ब्रम्हदत्त शास्त्रीय, पंडित दिनेश तिवारी, कन्हैया तिवारी, संतोष कुंभज, संतोष मिश्रा, विकास, गोविन्द, ऋषि, भूपेन्द्र सहित सदस्यगण पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ के समृद्धि के लिए माँ कौशिल्या से आशीर्वाद ले रहे है। जिसमें मेले मे आए दर्शनार्थियों के द्वारा भी माता कौशिल्या का दर्शन प्राप्त कर रहे है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में रायपुर जिले के पास मंदिरहसौद के समीप चंदखुरी गांव में एक मात्र कौशिल्या माता का मंदिर स्थापित है।

अपने आप शांत हो जाए वही संत है, जो स्वयं का साध ले वो साधु कहलाता है

राजिम। राजिम माघी पुन्नी मेला अवसर पर आयोजित होने वाले संत-समागम में भाग लेने के लिए देश भर के अखाड़ों सहित अन्य संत समाज के साधुओं का राजिम पहुचना शुरू हो गया है। संत समागम परिसर में जुना अखाड़ा की महिला नागा साधुओं ने चर्चा के दौरान बताया कि वे पिछले कई वर्षो से लगातार पुन्नी मेला के अवसर पर राजिम पहुंच रहे हैं। यहां नागेश्वरीपुरी शिवरीनारायण, गीतागिरी, पानीपत हरियाणा, माहीगिरि जबलपुर, देव गिरि, पुर्णिमा गिरि, उमागिरि, सिद्धेश्वरी गिरि आदि में राजिम पहुँचकर अपनी साधना शुरू कर दी गई हैं। राजिम पहुँची महिला नागा साधुओं ने धर्म चर्चा के दौरान बताया कि साधु नहीं होगा तो सनातन धर्म भी नहीं होगा प्राचीन काल से हमारे ऋषिमुनी सनातन धर्म की रक्षा करते आए हैं अब हमारा दायित्व हैं कि हमारा संत समाज सनातंन धर्म की रक्षा करते हुए उसका विकास करें।

राजिम माघी पुन्नी मेला में 183 की होगी शादी

राजिम। राजिम माघी पुन्नी मेला में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी मिल रही है। साथ-साथ पात्र हितग्रहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास भी किया जा रहा है। आगामी 16 फरवरी को मुख्यमंच के समीप जिले के 183 बेटियों के हाथ पीले होंगे। इसके लिए मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। महिला एवं बाल विभाग के कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया की कलेक्टर श्री श्याम धावड़े के मार्गदर्शन में विशेष तैयारी की जा रही है। आज तक 183 जोड़ो का पंजीयन किया जा चुका है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय विधायक श्री अमितेष शुक्ल एवं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष श्रीमती रेखा राजू सोनकर होंगे। ज्ञात है राज्य शासन द्वारा गरीब बेटियों के विवाह के लिए 25 हजार रूपये की सहायता राशि दिये जाते है। विवाह का आयोजन 16 फरवरी रविवार को दोपहर 2 बजे से मुख्यमंच के समीप किया जायेगा।

- **मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह अंतर्गत 16 फरवरी को होगा आयोजन**

आरू ने किया छोटी उम्र में बड़ा कमाल

- **बेटियाँ किसी से कम नही है: आरू साहू**

राजिम। मेला महोत्सव के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन कलाकरो को मंच देकर आगे बढ़ाने का काम कर रही है जो बहुत ही तारीफे काबिल है। कला के क्षेत्र में बेटियॉ किसी से कम नहीं है। वे लगातार प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। उक्त बातें राजिम माघी पुन्नी मेला महोत्सव मे प्रस्तुति देने पहुँची प्रदेश की सबसे प्रसिद्ध नन्हें कलाकार ओजस्वी (आरू) साहू ने कही। उन्होने महोत्सव मंच पर गीत गाने के लिये मंच पर जैसे ही प्रवेश किया। तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बुधवार की रात 8 बजे उनकी प्रस्तुति देखने के लिये पूरा दर्शक दीर्घा खचाखच भर गया था। चर्चा के दौरान उन्होने बताया कि हाल ही में जी टीवी के कार्यक्रम ''सा रे गा मा पा'' में प्रस्तुति देने के लिये मुम्बई गई थी। वहॉ छत्तीसगढ़ी वेशभूषा को खूब पसंद किया गया और मुझे आगे बढ़ने का आशीर्वाद मिला।

उल्लेखनीय है कि आरू साहू विगत 5 माह से गायन के क्षेत्र मे छत्तीसगढ़ी व हिन्दी गीत के माध्यम से लोगों के दिलो में राज कर रही है। उनके द्वारा प्रस्तुत गीत चिरईयॉ ला के गोटी मारव भाजी फूल........ काफी चर्चित हुआ है। मूल रूप से यह गीत लोकगायिका पद्मश्री ममता चन्द्राकर ने गायी है। इस गीत को उन्होने यहा भी प्रस्तुत किया और काफी दुलार मिला। आरू साहू कक्षा पहली से ही स्कूल के वार्षिकोत्सव में गीत गाया करती थी। उनकी आवाज को सुनकर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाऐं प्रोत्साहित करती थी। उन्होने टीवी चैनल एवं यूट्यूब मे प्रस्तुत गायन के कार्यक्रम को सुनकर गीत गाना शुरू किया। उनकी दीदी के बेटे के बर्थडे के अवसर पर उन्होने गीत प्रस्तुत किया। जिसे उनके जीजा ने मोबाईल से विडियो किया और सोशल मीडिया में वायरल हो गई। देखते ही देखते राजधानी रायपुर से लगभग 120 कि. मी. की दूरी पर स्थित नगरी के डोंगरडुला नामक गॉव में जन्मे बालिका आरू साहू के आवाज की जादू गली कूचो मे गूंजने लगी। अभी तक उनकी कोई बैंड पार्टी नहीं है, फिर भी छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय करीब दस मेला महोत्सव मे प्रस्तुति दे चुकी है। इन्हे भिलाई से मिनीमाता सम्मान तथा धमतरी मे साहू समाज द्वारा सर्वोच्च गायिका सम्मान से नवाजा गया है।

राजापारा मुक्तिधाम में शिव की प्रतिमा से त्रिशूल व लोहा चोरी

काँकेर। राजापारा के पार्षद आनंद चौरसिया ने वार्ड के भीतर बने राजमठ व किनारे बने विशालकाय भगवान शंकर की मूर्ति से त्रिशूल व चिता जलाने वाली जगह से लोहे को शरारती तत्वों या फिर अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किए जाने की घटना को लेकर बेहद चिंता जताई है।साथ ही चोरों द्वारा भगवान शंकर के त्रिशूल व चिता रखने वाली जगह के लोहे की चोरी करने वालो के खिलाफ ज़ल्द पुलिस में शिकायत करने की बात कही है। पार्षद आनंद ने बताया की विगत सप्ताह स्वच्छता अभियान के दौरान सारी चीजें सही सलामत रही ।लेकिन दो या तीन दिनों के बीच किसी अज्ञात लोगों द्वारा यह घटना को अंजाम दिया गया है।फिलहाल इस गम्भीर मामले में ज़ल्द वार्डवासियों की बैठक लेकर कड़ी कार्यवाही किया जाएगा ।

टीन शेड निर्माण एवं प्रतियोगी पुस्तक प्रदाय करने हेतु 28 लाख 76 हजार रूपये स्वीकृत

कांकेर। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के प्रदत्त वित्तीय अधिकारों का प्रयोग करते हुए सांसद मोहन मण्डावी के अनुशंसा पर कलेक्टर के.एल. चैहान ने विभिन्न विकास कार्यो के लिए 28 लाख 76 हजार 600 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृत दिए हैं। कांकेर विकासखण्ड के ग्राम दसपुर में बाजार स्थल सांस्कृतिक मंच के पास टीन शेड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये और माध्यमिक शाला नारा में टीन शेड निर्माण के लिए 01 लाख रूपये स्वीकृत किए गए हैं। इसी प्रकार चारामा में गोंडवाना भवन के पास सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रूपये, नरहरपुर विकासखण्ड के ग्राम चवांड़ में हनुमान मूर्ति के पास टीन शेड निर्माण हेतु 03 लाख रूपये और ग्राम किसनपुरी में मानस मंच के पास टीन शेड निर्माण के लिए 5 लाख रूपये तथा दुर्गूकोंदल एवं भानुप्रतापपुर के हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल में पुस्तकालय हेतु बहुउद्देशीय एवं प्रतियोगी पुस्तक प्रदाय करने हेतु 5-5 लाख रूपये स्वीकृत किए गए हैं।

कांकेर जनपद अध्यक्ष में भाजपा का कब्जा उपाध्यक्ष कांग्रेस

- **कद्दावर नेताओं की अगुवाई के बावजूद जनपद अध्यक्ष सीट गवाई**
- **गहमा गहमी रही सुरक्षा चाक चौबंद**

नवप्रदेश संवाददाता

कांकेर। गुरुवार को जनपद पंचायत कांकेर में अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचन की प्रक्रिया दोपहर12 बजे से शुरू हुआ। एक ओर सत्तारूढ़ पार्टी के कद्दावर नेताओं की अगुवाई में कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य राजेश भास्कर और भाजपा की ओर से जनपद सदस्य रामचरण कोर्राम ने अपनी अपनी दावेदारी पेश किया ।भाजपा ने अपने विजयी प्रत्याशियों के साथ पूरे दमख़म से अध्यक्ष बनाने की कवायद शुरू किया गया ।लेकिन मतदान में क्रॉस वोटिंग के ज़रिए 9 मतों से भाजपा समर्थित रामचरण कोर्राम ने राजेश भास्कर को 2 मतों से मात देकर जनपद अध्यक्ष की कुर्सी छीनने में कामयाब हुई।वही कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी के पक्ष में महज 7 वोट पड़े ।हालांकि जनपद पंचायत के अध्यक्ष को लेकर कांग्रेस पहले से ही संतुष्ट नज़र आ रही थी। लेकिन भाजपा ने भी कांग्रेस की तगड़ी रणनीति को ध्वस्त करते जनपद में अपना कब्जा जमाने मे कामयाब होते दिखाई दिए।जनपद अध्यक्ष के बाद उपाध्यक्ष पद को लेकर कांग्रेस ने एकजुटता का परिचय देते माकड़ी से कांग्रेस समर्थित रोमनाथ जैन और भाजपा की ओर से तारिणी ठाकुर व हेमलता जैन का नामांकन दाखिल किया गया ।लेकिन अध्यक्ष चुनाव हारने के कांग्रेस ने उपाध्यक्ष की कुर्सी के लिए जी तोड़ मेहनत कर रोमनाथ जैन को उपाध्यक्ष बनाने में सफलता पाई ।जहा पर मतदान के बाद राम चरण कोर्राम अध्यक्ष पद के लिए विजयी हुए।अध्यक्ष की कुर्सी गवाने के बाद कॉग्रेस में ज़बरदस्त खींचतान मची हुई थी।लोगो के बीच इस बात को लेकर भी चर्चा गर्म हो गई थी की कांग्रेस के पक्ष में माहौल होने के बावजूद क्रॉस वोटिंग का भय कांग्रेस के खेमे में सुबह से देखा जा सकता था।इस प्रकार काँकेर जनपद पंचायत में भाजपा का अध्यक्ष व उपाध्यक्ष कांग्रेस का बनाया गया है।

सरकार कांग्रेस की विधायक कांग्रेस का अध्यक्ष कांग्रेस का फिर भी जंप में भाजपा ने जमाया कब्ज़ा बड़ा सवाल ?: प्रदेश में सत्तारूढ़ पार्टी की सरकार स्थानीय विधायक अध्यक्ष नपा में कांग्रेस का कब्जा होने के बावजूद जनपद पंचायत काँकेर में भाजपा का अध्यक्ष चुना जाना कांग्रेस के लिए बड़ी अड़चने स्थनीय विधायक अध्यक्ष सहित समस्त कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ताओं के सामने बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।कि आखिर किसने क्रॉस वोटिंग के ज़रिए जनपद अध्यक्ष बनाकर कांग्रेस को चारों खाने चित करने में अहम भूमिका निभाई है।बहरहाल इस हार की समीक्षा कांग्रेस के द्वारा किए जाने की बात कही जा रही है।

भाजपा ने अध्यक्ष चुनाव जीतकर ज़मकर मनाई ख़ुशी

जनपद पंचायत में अध्यक्ष के चुनाव की घोषणा होते ही भाजपा के खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई। और ज़मकर नारेबाजी कर आतिशबाजी गुलाल मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गई है। इसमें प्रमुख रूप से भाजपा नेता पुर्व विधायक सुमित्रा मरकोले जिलाध्यक्ष हलधर साहू भरत मटियारा दिलीप जायसवाल पंचु नायक ईश्वर कावड़े दीपक खटवानी सजंय सिन्हा अशोक वलेचा आशा राम नेताम देवेंद्र साहू सालिक राम साहू राकेश नायक सहित बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

ठाकुर बन्धु कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित

कांकेर। जनपद पंचायत चुनाव में क्रॉस वोटिंग को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष हरनेक सिंह औजला ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के निर्वाचन के दौरान संगठन के सदस्य रूपेश्वर सिंह ठाकुर निवासी ग्राम गोविंदपुर, जिला कांकेर के द्वारा अपने धर्मपत्नी श्रीमती तारिणी ठाकुर को अचानक भा.ज.पा में सदस्यता दिलाकर, जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर द्वारा जनपद पंचायत कांकेर के अध्यक्ष पद हेतु अधिकृत किये गये प्रत्याशी के विरूद्ध मत का प्रयोग करवाकर अधिकृत प्रत्याशी को नुकसान पहुंचाया गया तथा संगठन द्वारा उपाध्यक्ष पद के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध नाम निर्देशन पत्र भरकर चुनाव लड़ने के कारण उक्त घटनाक्रम से उपस्थित संगठन के पदाधिकारी/सदस्यों में भारी आक्रोष देखा गया, जिसे दृष्टिगत रखते हुए तत्काल एक बैठक आहुत कर श्री रूपेश्वर सिंह ठाकुर तथा उसके छोटे भाई श्री योगेश्वर सिंह ठाकुर को उक्त कार्य में पुरी तरह संलिप्त होने एवं प्रमुख विपक्षी दल भाजपा को सहयोग करने के कारण से पार्टी सिद्धांतो के विपरीत कार्य करने, संगठन विरोधी गतिविधियों तथा अनुशासन हीनता प्रमाणित होने से उनके विरूद्ध निष्कासन का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। जिसके चलते संगठन ने बड़ा निर्णय लेते हुए रूपेश्वर (बाबा) ठाकुर तथा योगेश्वर ठाकुर ग्राम गोविन्दपुर, कांकेर को संगठन से जुडे पद अथवा संगठन द्वारा प्रदान किये गये समस्त दायित्वों से मुक्त कर उन्हे कांग्रेस संगठन के प्राथमिक सदस्यता से 06 वर्षो के लिये निष्कासित किया गया है। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस को सूचना भेजकर पूरे घटना क्रम से अवगत कराया गया है।

सामुदायिक भवन निर्माण के लिए राशि स्वीकृत

कांकेर। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के मार्गदर्शिका में निहित निर्देशों एवं प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री अनूप नाग के अनुशंसा पर कलेक्टर श्री के.एल. चैहान ने विभिन्न स्थानों में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 15 लाख 49 हजार 900 रूपये की प्रशासकीय स्वीकृत दिए हैं।

भू-माफिया | खाली जमीन को हथियाने के लिए कोरबा में एसईसीएल की रिक्त भूमि पर कब्जा जमाने वालों पर होगी कार्रवाई

एसईसीएल कब्जाधारियों पर चलाने वाला है बड़ा अभियान

कोरबा। अपने उपयोग के लिए अधिग्रहित की गई जमीन के लिए साउथईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने पिछले वर्षों में करोड़ों रुपए मुआवजे के तौर पर प्रभावितों को दिए हैं। इसके साथ ही पुनर्वास और पुनः स्थापन का काम भी किया गया है। अब एसईसीएल क्षेत्र में खाली जमीन पर कब्जा करने की होड़ सी आ गई है। जमीन को हथियाने के लिए कई तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। इससे प्रबंधन के सामने चुनौती है और कुछ घटना घटनाओं ने पुलिस को भी परेशान कर रखा है। इन सबके बीच प्रबंधन ने एलान कर दिया है कि कीमती जमीन को खैरात में नहीं जाने देंगे और उसे अतिक्रमण से मुक्त करेंगे।

कोरबा जिले के कोरबा, कुसमुंडा, गेवरा और दीपका क्षेत्र में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड का काम है। कंपनी के लिए यहां की खदानें लगभग 60 फीसदी कोयला का उत्पादन करती हैं। इनमें से कई परियोजनाओं का विस्तार होना है। इसके लिए प्रक्रिया जारी है। एसईसीएल ने अपने विभिन्न कार्यों के लिए संबंधित क्षेत्रों में काफी जमीन अधिग्रहित की है। इनमें से काफी हद तक उपयोग में आ रही हैं जबकि भविष्य की योजना के लिए कुछ जमीन को सुरक्षित रखा गया है। ऐसी ही खाली जमीन मुफ्तखोरी की भेंट चढ़ती जा रहे हैं। ऐसी जमीन का काफी हिस्सा कई लोगों ने हथिया लिया है और जो कुछ बची है उस पर भी गिद्ध नजर लगी हुई है। एसईसीएल के क्षेत्र में प्रगति नगर के आसपास ऐसी जमीन बेजा कब्जा का शिकार हो रही है। स्नेह मिलन केंद्र और अन्य क्षेत्रों में ऐसे नजारे आम है। आलम यह है कि लोगों ने जमीन को हथियाने के लिए कई तरह के हथकंडे अपना रखे हैं। सबसे आश्चर्यचकित करने वाला पहलू यह है कि एक तरफ से नाली बह रही है और दो-तीन तरफगड्ढे मौजूद है, वहां गंदगी भी है । इन बातों को नजरअंदाज करते हुए अतिक्रमण कर्ताओं ने प्रतिमा स्थापित कर दी, वह भी आनन-फानन में । यह क्षेत्र आबादी वाले इलाके से अलग है और इन कारणों से लोगों का आना जाना कम ही होता है । इस स्थिति में स्टैचू को लेकर खतरे बने हुए हैं। कहां जा जा रहा है कि बिना किसी सुरक्षा और मतलब के ऐसे तौर-तरीके कुल मिलाकर किसी की प्रतिष्ठा बढ़ाने के बजाय जमीन को हथियाने के लिए ही किए जा रहे हैं । एसईसीएल दीपिका और गेवरा क्षेत्र में एसईसीएल की जमीन को मुक्त कराने के लिए पूर्व में कुछ मौकों पर कार्रवाई की गई है। लेकिन ऐसा लगता है कि संपदा और सुरक्षा विभाग की ओर से पर्याप्त गंभीरता का प्रदर्शन नहीं किया जा रहा है । इन कारणों से ही अवैध कब्जाधारियों के हौसले बुलंद हैं।

अपात्रों के चंगुल में कई आवास

याद रहे जिले के चार क्षेत्रों में एसईसीएल ने अपने अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए आवासीय परिसर बना रखा है। प्रबंधन की मंशा यह है कि स्टाफको आवास के मामले में यहां-वहा भटकना न पड़े । ऑफिसर कॉलोनी की स्थिति तो जरूर बेहतर है लेकिन कर्मचारियों की कॉलोनी में अनेक आवासों को अपात्र लोगों ने हथिया कर रखा है। ऐसे मामलों में प्रबंधन के द्वारा सख्ती नहीं बरती गई तो भविष्य में ऐसे आवासों को दूसरों के लिए समर्पित करने के दिन भी आ सकते हैं।

जमीन छोड़ने का सवाल ही नहीं

एसईसीएल दीपका क्षेत्र के अंतर्गत कई स्थानों पर अतिक्रमण किए जाने की सूचनाएं प्राप्त हुई है। इन मामलों में प्रक्रिया के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है। इसके लिए प्रबंधन ने टीम बनाई है । जमीन सरकारी है और इसे किसी भी हाल में हम नहीं छोड़ने वाले हैं।

दुर्गा प्रसाद, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक दीपका क्षेत्र

मौत के कुंआ में स्टंटबाजी के दौरान हादसा, बाइक चालक व नियोक्ता पर जुर्म दर्ज

■ जोखिम भरा करतब दिखाने वालों के पास नहीं सुरक्षा के संसाधन

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। कटघोरा में आयोजित हो रहे विशाल किसान मेला में लगे मीना बाजार प्रबंधन की लापरवाहीपूर्ण मनमानी और मौत का कुआं में स्टंटबाजी के दौरान हुए हादसे के बाद प्रशासनिक कार्यवाही के अभाव में यह खेल बदस्तूर जारी है। मौत का कुआं के बारे में प्रबंधक इसे अपना व्यवसायिक मामला बता रहे हैं किन्तु सुरक्षा संसाधनों पर खामोशी है। दूसरी तरफदो दिन पहले यहां हुए हादसा में घायल युवक और उसके नियोक्ता पर जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

कटघोरा के मेला ग्राउंड में सोमवार 10 फरवरी की देर शाम 8 बजे मौत के कुएं में उस वक्त एक बाइक चालक टिंकू साहू निवासी झारखंड गिर गया था, जब सर्कल में दो और बाइक व दो कार चल रहे थे। इस घटना का एक लाइव वीडियो सामने आया है जिसमें साफदिख रहा है कि सर्कल में दौड़ रही एक कार के पीछे टिंकू बाइक चलाते हुए पहुंचता है और चलती बाइक में कार में लटकने की कोशिश करता है। इस आपाधापी में वह बाइक समेत नीचे आ गिरता है। यह संयोग रहा कि आपस में गाड़ियां नहीं टकराई और एक बड़ा हादसा टल गया। घायल को सीएचसी में उपचार बाद छुट्टी दे दी गई। इस प्रकरण में पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। इस संबंध में मारुति सर्कस में कार्यरत अरशद अंसारी की रिपोर्ट पर सुजुकी बाइक क्रमांक जेएच 01-2477 को चलाते वक्त घायल हुए टिंकू साहू और उसके नियोक्ता देवजीत उपाध्याय के विरुद्ध धारा 279, 337 भादवि के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया गया है। टीआई रघुनंदन प्रसाद शर्मा ने बताया कि प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

यहाँ यह भी उल्लेखनीय है कि इस घटना के बाद भी शो बंद करने की जगह मौत का कुआँ में जोखिम भरा तमाशा दिखाया जा रहा है, वह भी किसी तरह के सुरक्षा संसाधन के बिना। अंतर यह जरूर है कि सर्कल में तीन बाइक की जगह दो बाइक, दो कार दौड़ा रहे हैं।

भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया जाजंग गांव की सड़क

■ अवैध पत्थर परिवहन में लगी बड़ी-बड़ी गाड़ियों से हमेशा दुर्घटना का डर बना रहता है

नवप्रदेश संवाददाता

सक्ती। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत दो वर्ष पूर्व बने जाजंग के सड़क में अब बड़े-बड़े डबरीनुमा गड्ढे बन गए है। एक तो सड़क का घटिया निर्माण ऊपर से अवैध पत्थर उत्खनन करने वालों के बड़े बड़े दैत्यनुमा हाइवा वाहन की आवाजाही से जाजंग गांव के लोग परेशान है। गांव के सड़क लगातार भ्रष्टाचार और अवैध उत्खनन के लिए चल रहे वाहनों के कारण खराब होते जा रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि बड़े मुश्किल से तो गांव में सड़क बनी थी, हमें लगा कि अब हम पक्के सड़क में चलेंगे। लेकिन ग्रामीणों की कौन सुध लेता है हमारे सपने धरे के धरे रह गए और आज तो कच्ची सड़क तक नसीब नहीं हो रही है जगह जगह तालाब नुमा गड्ढे हो गए है, और इन गड्डो में पानी भर गया है, जिसकी वजह से हमें पैदल चलने में भी काफी परेशानी होती है।

कुछ गांव वालों ने डरते-डरते दबी जुबान से बताया कि हमारे गांव के पास से ही अवैध रूप से पत्थरों का उत्खनन किया जाता है। अवैध परिवहन के लिए बड़ी बड़ी दैत्य नुमा गाड़ियां यहां से गुजरती है यही कारण है कि यहां की सड़कें तालाबों में तब्दील हो गई है। वैसे भी जब इस सड़क का निर्माण हो रहा था तो ठेकेदार द्वारा घटिया निर्माण कराते हुए नियमो को ताक में रख कर बिना डब्ल्यूबीएम किये हल्की खुदाई कर गिट्टी डाल उसके ऊपर डामर डाल दिया गया था।

ग्रामीणों का कहना है कि हमें लगा चलो जैसा भी हो डामर रोड बन रहा है, हमें कौन सा बड़ी गाड़ी चलाना है, हमें तो सायकल और मोटर सायकल में ही चलना है, लेकिन हमें कहाँ मालूम था कि ये सड़क हमारे लिए नही बल्कि अवैध कारोबारियों के लिए बनाई जा रही है। गांव की महिलाओं का कहना है कि लगातार हमारे मन में यह डर बना रहता है कि कहीं छोटे बच्चे इन बड़ी गाड़ियों के नीचे ना आ जाएं। हैम बच्चों को सड़क में निकलने नही देते हैं, काम को छोड़ हम लगातार बच्चों के देख रेख में लगे रहते है ताकि कोई घटना ना हो जाए। सड़क तो बना लेकिन हमारी परेशानी और बढ़ गई। जानें कब इस नरकीय सड़क और अवैध वाहनों की आवाजाही से निजाद मिलेगी यही दिन रात भगवान से प्रार्थना करते रहते है।

'' इस संबंध मे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डा. सुभाष सिंह राज के द्वारा बताया गया कि पीएमजीएसवाय के अधिकारीयों से इस संबंध मे चर्चा की जाएगी और शीघ्र ही सड़क का मरम्मत कराने के निर्देश दिए जाएगे भार वाहनो पर प्रतिबंध लगाने के लिए कार्यवाही जाएगी''

20 वर्ष के बाद केशकाल जनपद पंचायत में कांग्रेस का कब्जा

नवप्रदेश संवाददाता

केशकाल । केशकाल विधायक बस्तर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा माननीय संतराम नेताम जी के कुशल नेतृत्व में एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव अमीन मेमन कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव केशकाल के पर्यवेक्षक बनाए गए मनीष श्रीवास्तव जी नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर वरिष्ठ कांग्रेस के नेता यूनुस पारेख मनसुखलाल भुरट धर्मेंद्र ठाकुर बिहारी सोरी राजेश नेताम जितेंद्र रजक पितांबर नाग श्रीपाल कटारिया इमरान विरानी रोहित कटारिया अनिल उसेंडी गुरुदयाल चालकी मोहम्मद शाहिद मेमन गनी मेमन खिलेश्वर सोरी कांग्रेस के कार्यकर्ताओं एवं नेताओं के मेहनत से कांग्रेस पार्टी के श्री महेंद्र नेताम जनपद अध्यक्ष 17 में 11 वोट लेकर बने जनपद उपाध्यक्ष श्री गिरधारी सिन्हा बने।

ज्ञान, वैराग्य और भक्ति के माध्यम से ही ईश्वर की प्राप्ति

मुंगेली। ज्ञान, वैराग्य और भक्ति के माध्यम से ही ईश्वर की प्राप्ति होती है। हमारा परम लक्ष्य धन वैभव प्राप्ति नही वरन ईश्वर प्राप्ति होनी चाहिए। संस्कार ग्राम बांकी में जगतगुरु मलुकपीठाधीश्वर स्वामी राजेन्द्र दास जी महाराज ने उक्त बातें ज्ञान और वैराग्य की चर्चा करते हुए प्रथम दिवस बताया कि छ.ग.की धरा बहुत ही पावन है यह भगवान श्रीरामचंद्र जी का ननिहाल है और भगवान श्रीकृष्ण जी की ससुराल है। द्वापरयुग में दक्षिण कौशल (छ.ग.) में नग्नजित नाम के राजा हुआ करते थे जिनकी एक पुत्री सत्या हुई। राजा सत्यजीत बहुत ही गौसेवक थे। उनके पास 7 बलिष्ट वृषभ हुआ करता था। एक रोज राजा सत्यजीत ने अपनी पुत्री सत्या को देखकर एक प्रतिज्ञा किए की उनके 7 बलिष्ट बृषभ को जो बीर पुरुष नाथ पहना देगा उसी के साथ अपनी पुत्री की विवाह कर देंगे। स्वयंबर में सैकड़ों लोगों ने अपना हाथ पैर तुडवाकर वापस लौट गए अंत मे भगवान श्रीकृष्ण ने सभी वृषभ को अकेले नाथ कर सत्या के साथ विवाह किए। इसलिए इस धरा में परमब्रह्म के दो अवतार भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण दोनों ने विचरण किया है। यहां के धूल में भगवान के दोनों अवतार के चरणरज मिला हुआ है। इसलिए छ ग की धरा परम पवित्र है। भागवत कथा के प्रारंभ में 108 कलश यात्रा के साथ जलयात्रा की शुरुआत हुई।

जल्द बनेंगे प्रधानमंत्री आवास, मिली स्वीकृति

सक्ती। नगर पालिका अंतर्गत आने वाले बी.एल.सी. घटक के हितग्राहियों को नगर पालिका के मुख्य नगर पाकिलका अधिकारी ने बताया कि प्रधान मंत्री आवास योजना अंतर्गत बी.एल.सी. घटक के हितग्राहियों को आवास निर्माण के लिये स्वीकृत प्रदान की गई है लेकिन भूमि संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नही करने के कारण आवास निर्माण का अनुज्ञा प्रदान करने में कठिनाई हो रहा है जिन हितग्राहियों का आवास निर्माण कार्य प्रारंभ नही हुआ है वे सभी हितग्राही भूमि स्वामी संबंधी दस्तावेज 03 दिवस के भीतर प्रस्तुत करे ताकि आवास निर्माण कार्य कराया जावेगा भूमि स्वामी संबंधी दस्तावेज नही होने पर यह माना जावेगा कि आपके पास भूमि की स्वामित्व नही है तथा स्वीकृत योजना से पृथक कर दिया जायेगा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बी.एल.सी. घटक का लाभ नही मिलेगा ।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

बोले आप सभी आइये...

पोषण आदि पर ध्यान देने से आदिवासियों का सरकार के प्रति विश्वास बड़ा है, जिसके परिणामस्वरूप नक्सल आंदोलन में कमी आई है। उन्होंने उल्लेख किया कि आदिवासी क्षेत्रों में हाट बाजार में मोबाइल क्लीनिकों से स्वास्थ्य सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है। इस दौरान भूपेश बघेल ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ दुनिया की सबसे बड़ी डेटा सेंटर कंपनी इक्विनिक्स का भी भ्रमण किया।

कहीं कांग्रेस को...

नवनिर्वाचित सदस्यों में से कांग्रेस पृष्ठभूमि के 15 सदस्य निर्वाचित हुए थे।

महासमुंद- कांग्रेस के भागीरथी चन्द्राकर महासमुंद जनपद पंचायत अध्यक्ष बने। वे निर्विरोध जनपद अध्यक्ष बने। अध्यक्ष का पद अनारक्षित था।

रायगढ़- लैलूंगा जनपद में कांग्रेस का कब्जा हो गया है। कांग्रेस को 16 वोट और भाजपा को 9 वोट मिले हैं। रायगढ़ जनपद पंचायत में जनपद पंचायत अध्यक्ष पद पर कांग्रेस की भूमिसुता चौहान निर्विरोध निर्वाचित हुईं। बीजेपी ने सरेंडर कर दिया।

कांकेर- भानुप्रतापपुर जनपद अध्यक्ष के लिए बृजबती मरकाम और रामबाई गोटा का नामांकन विधिमान्य पाया गया। चारामा जनपद पंचायत अध्यक्ष के लिए भाजपा समर्थित विजय मण्डावी उड़कूड़ा निर्विरोध चुने गए हैं।

बलरामपुर- जनपद पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव के दौरान भाजपा और कांग्रेस में गहमागहमी शुरू हुई। दोनों पक्षों के बीच मारपीट का माहौल निर्मित हो गया है। राज्यसभा सांसद रामविचार नेताम और रामानुजगंज विधायक बृहस्पत सिंह के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर नारेबाजी हुई। रामविचार नेताम और बृहस्पत सिंह मौके पर मौजूद थे। रामचंद्रपुर जनपद पंचायत कार्यालय में यह सब हो रहा है।

बिलासपुर- जिले के मस्तूरी जनपद पंचायत में कांग्रेस को जीत मिली है। कांग्रेस की प्रत्याशी सावित्री बाई राठौर की जीत हुई। कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री बाई राठौर को 15 वोट मिले हैं।

जगदलपुर- जगदलपुर जनपद पंचायत में कांग्रेस की प्रत्याशी अनिता पोयाम निर्विरोध जनपद अध्यक्ष घोषित हो गई हैं। भाजपा की ओर से किसी ने दावेदारी नही की।

मुंगेली- जनपद पंचायत मुंगेली में अध्यक्ष उपाध्यक्ष के लिए मतदान शुरू हो गया है। कांग्रेस से ममता राजू साहू और बीजेपी से गायत्री रामफल साहू ने नामांकन भरा नामांकन। दोनों के पास 10-10 समर्थित प्रत्याशी हैं। 5 निर्दलीय किंग मेकर साबित होंगे। पथरिया जनपद में अध्यक्ष के लिए 3 अभ्यर्थियों ने नामांकन भरा। कांग्रेस से रूखमणी चन्दन साहू, बीजेपी से ज्योति रिंकू ठाकुर, निर्दलीय मनीषा सन्नी भार्गव प्रत्याशी हैं। पथरिया के 25 सीटों में से कांग्रेस के पास 16, बीजेपी 6 और निर्दलीय के रूप में 3 प्रत्याशी हैं। यहां बीजेपी समर्थित प्रत्याशी जनपद पथरिया की अध्यक्ष बन सकती हैं।

बेमेतरा- जनपद पंचायत साजा से कांग्रेस के दिनेश वर्मा निर्विरोध अध्यक्ष बन गए हैं। जनपद पंचायत नवागढ़ में अंजली ददडू मार्कण्डेय जनपद अध्यक्ष चुनी गई हैं। 24 में से मिले 16 वोट उन्हें मिले हैं। जनपद पंचायत बेमेतरा से कांग्रेस के मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष बने हैं। 17 मत उन्हें मिले हैं। कुल 23 मतों में से भाजपा के अर्पित गुप्ता को सिर्फ 6 मत मिले हैं।

बालोद- डौंडी जनपद में कांग्रेस की बसंती दुग्गा जनपद पंचायत की अध्यक्ष बन गई हैं। डौंडीलोहारा जनपद पंचायत में कांग्रेस के जागृत सोनकर अध्यक्ष बन गए हैं।

धमतरी- धमतरी जनपद में कांग्रेस की गुंजा साहू बनी अध्यक्ष बनीं हैं। उन्हें 25 में से 13 वोट मिले हैं। कुरुद सहित जिले की तीन जनपदों में कांग्रेस के अध्यक्ष बने हैं। कुरुद में शारदा साहू, धमतरी में गूंजा साहू, मगरलोड में ज्योति ठाकुर अध्यक्ष चुनी गई हैं। नगरी में भाजपा की दिनेश्वरी नेताम अध्यक्ष बनीं हैं।

कोरबा- करतला ब्लॉक में ननकीराम कंवर को झटका मिला है। कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी विजयी हुई हैं। कांग्रेस को 16 मत मिले, जबकि भाजपा समर्थित प्रत्याशी को 8 मत मिले।

भाटापारा- भाटापारा जनपद पंचायत में कांग्रेस पार्टी से संगीता साहू अध्यक्ष बन गई हैं। कांग्रेस समर्थित हरीश कंवर को 13 मत, वहीं विक्की कंवर को 5 मत व भाजपा समर्थित रेणुका राठिया 4 मत व निर्दलीय 2 मत मिले हैं। कोरबा जिले के सभी जनपदों पर कांग्रेस ने कब्जा जमा लिया है। भाजपा कहीं भी खाता नहीं खोल पाई।

राजनांदगांव- मानपुर जनपद में कांग्रेस के दिनेश शाह अध्यक्ष बने हैं।

एनजीओ घोटालाः ...

को पक्षकार बनाया गया था। इस मामले में हाईकोर्ट में रिव्यू पिटीशन खारिज किया जा चुका था। इसके विरोध में राज्य सरकार द्वारा एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढ़ांड ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई करते हुए उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई जांच पर रोक लगाते हुए सभी पक्षों को नोटिस जारी करने का आदेश जारी किया। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्य सचिव की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता पीपी पठारिया ने पैरवी की।

उम्मीदवारों का क्रीमिनल...

दलों को यह बताना होगा कि उन्होंने एक साफ छवि के उम्मीदवार की बजाय आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवार को क्यों टिकट दिया। कोर्ट ने 'जिताऊ उम्मीदवार' के तर्क को खारिज किया है।

सभी प्रमुख दलों में हैं दागी सांसद

सत्तारूढ़ राजद के घटक दल लोजपा के सभी छह निर्वाचित सदस्यों, बसपा के आधे (10 में से 5), जदयू के 16 में से 13, तृणमूल कांग्रेस के 22 में से नौ और माकपा के तीन में से दो सांसदों के खिलाफ आपराधिक मामले चल रहे हैं। इस मामले में बीजद के 12 निर्वाचित सांसदों में सिर्फ एक सदस्य ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले की हलफनामे में घोषणा की है।

बिहार और बंगाल के सबसे ज्यादा सांसदों पर मामले

आपराधिक मामलों में फंसे सर्वाधिक सांसद केरल और बिहार से चुन कर आए। केरल से निर्वाचित 90 फीसदी, बिहार से 82 फीसदी, पश्चिम बंगाल से 55 फीसदी, उत्तर प्रदेश से 56 और महाराष्ट्र से 58 प्रतिशत सांसदों पर केस लंबित। वहीं सबसे कम नौ प्रतिशत सांसद छत्तीसगढ़ के और 15 प्रतिशत गुजरात के हैं।

16वीं लोकसभा में थे 34 % दागी

2014 के चुनाव में निर्वाचित ऐसे सांसदों की संख्या 185 (34 प्रतिशत) थी, 112 सांसदों पर चल रहे थे गंभीर केस

कांग्रेस में शुरू हुई...

पार्टी को रणनीति बदलने की सलाह दी है। वहीं, हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दिल्ली चुनाव में कांग्रेस के प्रभारी रहे पीसी चाको पर निशाना साधा है। दिल्ली में लगातार दूसरी बार खाता खालने में नाकामयाब रही कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी कलह अब सामने आ रही है। पार्टी की दिल्ली इकाई के बाद अब केंद्रीय नेतृत्व भी निशाने पर आ गया है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि कांग्रेस को नई सोच और नई रणनीति पर काम करने की आवश्यकता है। वहीं, हरियाणा के पूर्व सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने भी पीसी चाको को आड़े हाथ लिया है।

केम छो ट्रंप...

मैं भारत जाने के इंतजार में हूं, हम लोग इस महीने के अंत में भारत जा रहे हैं।

पीएम मोदी ने ट्रंप से की थी बात

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि इस सप्ताह के अंत में उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की थी। ट्रंप ने कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे यहां लाखों-लाख लोग होंगे। उनका मानना है कि सिर्फएयरपोर्ट से लेकर न्यू स्टेडियम (मोटेरा स्टेडियम) तक 50 से 70 लाख लोग होंगे। क्या आपको पता है कि यह दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम है, वे इसका निर्माण कर रहे हैं। ये लगभग पूरा हो चुका है और दुनिया का सबसे बड़ा स्टेडियम है।'

ट्रंप अपनी यात्रा के दौरान साबरमती आश्रम जाएंगे। उनकी यात्रा को देखते हुए अहमदाबाद हवाईअड्डे से साबरमती आश्रम तक 10 किलोमीटर तक के रास्ते को सजाया जा रहा है। इसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति साबरमती आश्रम का दौरा करेंगे जो महात्मा गांधी के यहां ठहरने के दौरान देश के स्वतंत्रता संग्राम का केंद्र रहा है। साबरमती आश्रम के बाद ट्रंप और मोदी शहर के मोटेरा इलाके में हाल में बनाए गए सरदार वल्लभभाई पटेल स्टेडियम का उद्घाटन करेंगे और सभा को संबोधित करेंगे।

नारायणमूर्ति के दामाद...

ऋषि सुनक जॉनसन मंत्रिमंडल में भारतीय मूल के दूसरे बड़े मंत्री हैं। भारतीय मूल की ही प्रीति पटेल इस समय ब्रिटेन की गृह मंत्री हैं। इससे पहले पाकिस्तानी मूल के साजिदा जाविद के पास वित्त मंत्रालय का कार्यभार था। उन्होंने अप्रत्याशित रूप से हाल ही में पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। दिसंबर में हुए आम चुनाव में जॉनसन के नेतृत्व में कंजरवेटिव पार्टी भारी कामयाबी के साथ दोबारा सत्ता में आई है और प्रधानमंत्री ने इस बार अपने मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल किया है। हैम्पशायर में जन्मे 39 वर्षीय सुनक साल 2015 से रिचमंड (यॉर्कशायर) के सांसद हैं। पिछले साल ट्रेजरी में मुख्य सचिव के रूप में पदोन्नत होने से पहले वह स्थानीय सरकार के विभाग में एक जूनियर मंत्री थे।

बोर्ड एग्जाम में बेहतर रिजल्ट की कवायद कलेक्टर बच्चों के लिए चला रहे ये अभियान

मुंगेली। जिले में बोर्ड परीक्षाओं की तारीख नजदीक आ रही है. बच्चें अब अपनी तैयारियों में जुट गए हैं. इस कड़ी में छत्तीसगढ़ के जिले के कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे बच्चों की मदद के लिए एक खास अभियान चल रहे हैं. बता दें कि कलेक्टर के पहल पर बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए श्हम होंगे कामयाब अभियान चलाया जा रहा है. इसके तहत जिले के सभी अधिकारियों को स्कूलों की जिम्मेदारियां दी गई है. एसपी, सीईओ, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, खाद्य अधिकारी सहित सभी अधिकारियों को हाइस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है. अधिकारी शिक्षा गुणवत्ता और बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रहे है. बोर्ड एग्जाम में बेहतर रिजल्ट की कवायद, जिला के कलेक्टर बच्चों के लिए चला रहे ये अभियान कलेक्टर सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के पहल पर बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम के लिए श्हम होंगे कामयाब अभियान चलाया जा रहा है. एसपी, सीईओ, डिप्टी कलेक्टर, तहसीलदार, खाद्य अधिकारी सहित सभी अधिकारियों को हाइस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूलों की जिम्मेदारी सौंपी गई है. अधिकारी शिक्षा गुणवत्ता और बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए लगातार मॉनिटरिंग कर रहे है।

जिले में अब तक 2 लाख 85 हजार मीट्रिक टन से अधिक धान की खरीदी

मुंगेली। खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 01 दिसम्बर से की जा रही है। किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल की मान से धान की खरीदी की जा रही है। धान खरीदी इस महिने की 20 तारीख तक की जायेगी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बताया कि समर्थन मूल्य पर जिले के 89 उपार्जन केंद्रों के माध्यम से अब तक 2 लाख 85 हजार 635 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। उन्होने बताया कि धान खरीदी केंद्र अखरार में 2 हजार 433 मीट्रिक टन, डिंडौरी में 3 हजार 104 मीट्रिक टन, कंतेली में 2 हजार 652 मीट्रिक टन, देवरी में 2 हजार 595 मीट्रिक टन, नवागांव (घ.) में 2 हजार 345 मीट्रिक टन, कोदवा में 3 हजार 795 मीट्रिक टन, गीधा में 2 हजार 769 मीट्रिक टन, धरमपुरा में 3 हजार 253 मीट्रिक टन, खपरीकला में 2 हजार 659 मीट्रिक टन, लगरा में 4 हजार 890 मीट्रिक टन, खाम्ही में 4 हजार 850 मीट्रिक टन, गुरूवाईनडबरी में 5 हजार 173 मीट्रिक टन, धरदेयी में 4 हजार 525 मीट्रिक टन, पड़ियाईन में 4 हजार 259 मीट्रिक टन, चकरभाठा में 3 हजार 338 मीट्रिक टन, किरना में 2 हजार 942 मीट्रिक टन, चंद्रखुरी में 2 हजार 732 मीट्रिक टन, चंदली में 2 हजार 568 मीट्रिक टन, झाफल में 2 हजार 229 मीट्रिक टन, छटन में 3 हजार 843 मीट्रिक टन, सेमरकोना में 2 हजार 465 मीट्रिक टन, जरहागांव में 3 हजार 824 मीट्रिक टन, दशरंगपुर में 3 हजार 172 मीट्रिक टन, अमलीकापा में 1 हजार 638 मीट्रिक टन, अमोरा में 1 हजार 711 मीट्रिक टन, कुकुसदा में 905 मीट्रिक टन, जेवरा में 1 हजार 709 मीट्रिक टन, पूछेली में 1 हजार 336 मीट्रिक टन धान की खरीदी अब तक की गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

वैलेंटाइन डे पर 'ही मैन' रेस्तरां खोलेंगे धर्मेंद्र

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता धर्मेंद्र वैलेंटाइन डे पर 'ही-मैन' रेस्तरां खोलने जा रहे हैं। धर्मेंद्र सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। वह अपने फैंस के साथ पर्सनल और प्रोफेशनल बातें शेयर करते रहते हैं। धर्मेंद्र ने अपने प्रशंसकों के बीच एक खबर शेयर की है। वह वैलेंटाइन डे के दिन 'ही-मैन' नामक एक नया रेस्तरां खोलने जा रहे हैं। धर्मेंद्र ने इंस्टाग्राम पर अपने इस नए रेस्तरां की जानकारी दी है। मशहूर 'गरम-धरम' ढाबा के बाद यह धर्मेंद्र का दूसरा रेस्तरां है। करनाल हाइवे पर वह इस रेस्तरां को खोलने जा रहे हैं। धर्मेंद्र ने बताया है कि इस रेस्तरां को 14 फरवरी यानी वैलेंटाइन डे के दिन सुबह 10.30 बजे से शुरू किया जाएगा। बताया जा रहा है कि धर्मेंद्र के इस रेस्तरां की खासियत यह है कि खेतों से सीधा खाने की टेबल पर सामान आएगा। धर्मेंद्र ने इस बात की जानकारी देते हुए लिखा, प्रिय दोस्तों, मेरे रेस्तरां 'गरम धरम ढाबा' की कामयाबी के बाद, अब मैं घोषणा कर रहा हूं हम लोग खेतों से सीधे खाने की टेबल के कॉन्सेप्ट वाले रेस्तरां 'ही मैन' की शुरुआत करने जा रहे हैं। मैं आपके प्यार और सम्मान का तहेदिल से आदर करता हूं। आप सबको ढेर सारा प्यार... आपका धरम।

प्रिय दोस्तों, मेरे रेस्तरां 'गरम धरम ढाबा' की कामयाबी के बाद, अब मैं घोषणा कर रहा हूं हम लोग खेतों से सीधे खाने की टेबल के कॉन्सेप्ट वाले रेस्तरां 'ही मैन' की शुरुआत करने जा रहे हैं।

रोडीज़ रियल्टी टीवी में एक बेंचमार्क बन गई है : नेहा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा धूपिया का कहना है कि आज के समय में 'रोडीज़' रियल्टी टीवी में एक बेंचमार्क बन गया है। भारत का सबसे लंबा चलने वाला रियल्टी शो रोडीज़ अपने 17 वें सीज़न के साथ आ रहा है। 15 फरवरी से एमटीवी पर प्रसारित होने वाला रोडीज़ रिवॉल्यूशन समाज में ठोस प्रगति लाने के लिए रोडी के जोश एवं उत्साह को प्रोत्साहित करेगा। सेलिब्रिटी लीडर्स, नेहा धूपिया, निखिल चिनप्पा, रफ्तार एवं प्रिंस नरूला के नेतृत्व में होस्ट रनविजय सिंह के साथ रोडीज़ रिवॉल्यूशन अपने सफर के दौरान अनेक सामाजिक मुद्दों को छुएगा एवं प्रतियोगियों को समाज को अपना योगदान देकर इसे बेहतर बनाने के लिए प्रेरित करेगा। नेहा धूपिया महिलाओं की सुरक्षा के बारे में बोलेंगी, रफ्तार जाति, धर्म, संप्रदाय एवं लिंग के आधार पर होने वाले भेदभाव के खिलाफ अपनी आवाज उठाएंगे। निखिल चिनप्पा जलवायु परिवर्तन का मुद्दा उठाएंगे तथा युवा आईकन प्रिंस नरूला नशे की लत के खिलाफ अभियान छेड़ेंगे। नेहा धूपिया ने कहा, रोडीज़ रियल्टी टीवी में एक बेंचमार्क बन गया है। 16 सफल सीज़ंस के बाद हमें गर्व है कि रोडीज़ रिवॉल्यूशन इस बार सकारात्मक उत्साह को बढ़ाकर समाज में परिवर्तन लाने का प्रयास कर रहा है। एक नए दशक के साथ युवा भारत का विकास हो रहा है। यह युवा भारत अन्याय एवं सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ मजबूत आवाज उठाता है। इस बार रोडी बनने के लिए न केवल ज्यादा प्रतिस्पर्धी, एडवेंचरस और साहसी होने की जरुरत है, बल्कि अपने उद्देश्य व कार्यों से समाज में परिवर्तन लाना भी जरूरी होगा। रोडीज़ रिवॉल्यूशन खास व चुनौतीपूर्ण होने वाला है और हम सभी यह सफर शुरू करने के लिए तैयार हैं। युवा आईकन रनविजय सिंह ने कहा, शो का 17वां सीज़न मेरे लिए एक बेहतरीन अनुभव रहा, यह सीज़न प्रस्तुत करने का अनुभव अद्भुत है। शक्तिशाली थीम एवं इनोवेटिव कॉन्सेप्ट्स के साथ रोडीज़ दर्शकों के लिए एक उपयोगी विषय लेकर आया है। इस साल रोडीज़ रिवॉल्यूशन युवाओं को एक बड़े उद्देश्य के लिए समर्पित होने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। हमें खुशी है कि इस ईवेंट से परिवर्तन की मशाल युवाओं के साथ प्रज्वलित रखने में मदद मिलेगी।

मधुबाला ने दिलकश अदाओं से लोगों को दीवाना बनाया

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड में मधुबाला को एक ऐसी अभिनेत्री के रूप में याद किया जाता है जिन्होंने अपनी दिलकश अदाओं और दमदार अभिनय से लगभग चार दशक तक सिने प्रेमियों का भरपूर मनोरंजन किया। मधुबाला का मूल नाम मुमताज बेगम देहलवी था। उनका जन्म दिल्ली में 14 फरवरी 1933 को हुआ था। उनके पिता अताउल्लाह खान रिक्शा चलाया करते थे। तभी उनकी मुलाकात एक नजूमी भविष्यवक्ता कश्मीर वाले बाबा से हुयी जिन्होंने भविष्यवाणी की कि मधुबाला बड़ी होकर बहुत शोहरत पाएगी। इस भविष्यवाणी को अताउल्लाह खान ने गंभीरता से लिया और वह मधुबाला को लेकर मुंबई आ गये। वर्ष 1942 में मधुबाला को बतौर बाल कलाकार बेबी मुमताज के नाम से फिल्म बसंत में काम करने का मौका मिला।

फिल्म का बजट कम देख घर से कपड़े ले आए अमिताभ बच्चन

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन अपनी आने वाली मराठी फिल्म का कम बजट देखकर कपड़े घर से लेकर आ गये। अमिताभ मराठी भाषा में फिल्म करने जा रहे हैं। वह 'एबी आणि सीडी' में अभिनेता विक्रम गोखले के साथ दिखेंगे। यह फिल्म अभी से चर्चा में है और इसके निर्माता अक्षय बारदापुरकर ने फिल्म से जुड़े कुछ किस्से शेयर किए हैं। अक्षय ने कहा, ÷ फिल्म में अपने किरदार के लिए अमिताभ बच्चन ने मेकर्स से कपड़े नहीं मांगे बल्कि खुद इंतजाम किए थे। हमने उनसे पूछा था कि हम कपड़ों के नाप के लिए टेलर को कब भेजें। इस पर अमिताभ ने कहा कि चिंता ना करें, वह अपने वॉर्डरोब से कपड़े ले आएंगे।



ध्यानचंद को भारत रत्न दिलाने खरगौन से दिल्ली पहुंचे तारक

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को भारत रत्न दिलाने के उद्देश्य के साथ 63 बरस के तारक पारकर 15 दिसंबर 2019 को खरगौन (मध्य प्रदेश) से शुरू यात्रा को पूरी कर यहां गुरूवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम पहुंचे।

नई दिल्ली (वार्ता)। तारक ने अपनी 1250 किलोमीटर पूरी करने के बाद दद्दा की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। बुधवार रात वह बदरपुर पहुंचे और वहां से गुरूवार को नेशनल स्टेडियम पहंचे। युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का संदेश देने वाले तारक 1978 में

नेपाल की 1600 किलोमीटर पैदल यात्रा सहित अब तक देश भर में 30 हजार किलोमीटर से अधिक की पदयात्राएं कर चुके हैं। तारक का दिल्ली तक की इस पदयात्रा में जगह-जगह स्वागत और सम्मान किया गया। इस मौके पर पारकर के साथ ध्यानचंद के पुत्र और पूर्व ओलंपियन अशोक कुमार सिंह, भारत के पूर्व कोच एमके कौशिक, रोमियो जेम्स, अब्दुल अजीज और पूर्व अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी राजेश चौहान भी मौजूद थे। तीन साल पहले पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए तारक पिछले करीब चार दशक से देश भर में युवाओं को 'नशा छोड़ें, खेलों से जुड़ें तथा पैदल चलें स्वस्थ रहें' का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने अपने इस उद्देश्य के लिए कहा, ÷जब 1978 में अपनी 1600 किलोमीटर की पदयात्रा के दौरान दद्दा से झांसी में मिला तो दो दिन तक उनके घर पर रहने के साथ उनका मुरीद हो गया।

टीम में जगह के लिए पृथ्वी के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं

हैमिल्टन। भारत के प्रतिभावान बल्लेबाज शुभमन गिल ने गुरुवार को जोर देते हुए कहा कि न्यू जीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में सलामी बल्लेबाज के स्थान के लिए उनकी साथी युवा बल्लेबाज पृथ्वी साव के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं है लेकिन अगर उन्हें मौका मिला तो वह इसे बर्बाद नहीं होने देंगे। यहां न्यू जीलैंड ए के खिलाफ दोहरा शतक और शतक जड़ने वाले गिल ने अपने प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। हालांकि 21 फरवरी से वेलिंगटन में शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए पृथ्वी का दावा भी मजबूत है। भारत के पूर्व अंडर-19 कप्तान के साथ प्रतिस्पर्धा के बारे में पूछे जाने पर गिल ने कहा, 'बेशक, हमारे करियर एक ही समय पर शुरू हुए लेकिन कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है।' गिल और साव दोनों 20 बरस के हैं और आयु वर्ग के क्रिकेट में ढेरों रन बनाने के बाद उन्हें भविष्य का स्टार माना जा रहा है। न्यू जीलैंड एकादश के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे अभ्यास मैच से पूर्व 20 साल के गिल ने कहा, 'हम दोनों ने अपने स्थान पर अच्छा प्रदर्शन किया है। यह टीम प्रबंधन पर निर्भर करता है कि वे किसे खिलाते हैं। ऐसा नहीं है कि हमारे बीच कोई संघर्ष है। जिसे भी मौका मिलता है वह उसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा और उसे बर्बाद नहीं होने देगा।' गिल पिछले छह हफ्ते से भारत ए टीम के साथ न्यू जीलैंड दौरे पर हैं और उनका मानना है कि अगर शार्ट पिच गेंदबाजी से भारतीय टीम ने पार पा लिया जो इससे काफी मदद मिलेगी।

मुंगई को हराकर शीर्ष पर गोवा

एफसी गोवा को अपने घर का शेर कहा जाए तो गलत नहीं होगा। बीते सीजन का फाइनल खेलने वाली इस टीम ने बुधवार रात अपने घर में लगातार छठी जीत के साथ हीरो इंडियन सुपर लीग के छठे सीजन की अंक तालिका में एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।

फातोर्दा (गोवा) (वार्ता)। गोवा ने जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में मुम्बई सिटी एफसी को 5-2 से हराया। गोवा के लिए फेरान कोरोमिनास ने 20वें और 80वें मिनट में गोल किए जबकि हुगो बोउमोस ने 38वें तथा जैकीचंद सिंह ने 39वें मिनट में गोल दागा। मुम्बई के मोहम्मद रफीक (87वें मिनट) का एक आत्मघाती गोल भी गोवा के खाते में जुड़ा। गोवा के लिए रावलिन बार्जेस ने 18वें और बिपिन सिंह ने 57वें मिनट में गोल किए। गोवा की इस सीजन में 17 मैचों में यह 11वीं जीत है और वह 36 अंकों के साथ शीर्ष पर विराजमान हो गया है। मुम्बई के 17 मैचों से 26 अंक हैं और वह चौथे स्थान पर ही बना हुआ है। मुम्बई की हार ने ओडिशा एफसी को प्लेआफकी दौड़ से बाहर होने से बचा लिया। मैच में पहले 15 मिनट बीत जाने के बाद अगले पांच मिनट में एक के बाद एक दो गोल देखने को मिले। पहले मुम्बई ने 18वें मिनट में रॉवलिन बॉर्जेस के गोल की मदद से 1-0 की बढ़त बना ली। लेकिन गोवा ने दो मिनट बाद ही शानदार वापसी करते हुए कोरोमिनास के गोल के दम पर मुकाबले में 1-1 की बराबरी कायम कर ली। गोवा के इस गोल में बोउमोस का असिस्ट रहा।बराबरी का गोल करने के बाद गोवा ने हमले तेज किए और दो मिनट मे दो गोल करते हुए 3-1 की बढ़त ले ली।

आत्मचिंतन

विश्व की नंबर 1 टेस्ट टीम खोज रही है खेल में खुद की चूक

अभ्यास मैच में सवालों का जवाब ढूंढने उतरेगी टीम इंडिया

विश्व की नंबर एक टेस्ट टीम भारत ने बेशक अपने पिछले लगातार सात टेस्ट शानदार अंदाज में बड़े अंतर से जीते हैं लेकिन शुक्रवार से न्यूजीलैंड एकादश के खिलाफ होने वाले तीन दिवसीय अभ्यास मैच में वह कुछ सवालों का जवाब ढूंढने के इरादे से उतरेगी।

हैमिलटन (वार्ता)। भारत ने इस दौरे में जब टी-20 सीरीज 5-0 से जीतकर इतिहास बनाया था तब उसके सामने किसी भी तरह की अगर-मगर की स्थिति नहीं थी लेकिन तीन मैचों की वनडे सीरीज में 0-3 की क्लीन स्वीप ने उसके सामने सवाल खड़े कर दिए हैं और इस अभ्यास मैच में उन्हें कुछ सवालों के जवाब तलाशने होंगे। भारत ने अपने पिछले सात टेस्ट पारी या 200 रन से अधिक के अंतर से जीते हैं और 21 फरवरी से होने वाली दो टेस्टों की सीरीज में वह जीत के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा लेकिन उसे मेजबान टीम के पलटवार से सतर्क रहना होगा जिसने भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में पहली बार 3-0 की क्लीन स्वीप कर अपना मनोबल मजबूत कर लिया है। कुछ प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों और खराब फॉर्म ने टीम इंडिया के सामने संकट पैदा कर दिया है। ओपनर रोहित शर्मा के चोटिल होकर इस दौरे से बाहर हो जाने के बाद भारत को फिलहाल ओपनिंग की समस्या से जूझना है। मयंक अग्रवाल और रोहित ने जब से एक साथ ओपनिंग शुरू की थी तब से किसी और ने भारत के लिए टेस्ट मैचों में उनसे ज्यादा रन नहीं बनाये हैं। इस दौरान दोनों का औसत 90 के आसपास रहा है। कीवी परिस्थितियां दोनों की परीक्षा लेतीं लेकिन रोहित पिंडली की चोट के कारण बाहर हो चुके हैं। घरेलू स्तर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले मयंक का इस दौरे में अब तक निराशाजनक प्रदर्शन रहा है। मयंक ने क्राइस्टचर्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ गैर आधिकारिक टेस्ट में दोनों पारियों में शून्य बनाये थे और वनडे सीरीज में वह 32, 3 और 1 के मामूली स्कोर बना पाए थे। इन मैचों में मयंक को अपने स्कोर से ज्यादा अपने आउट होने के तरीके पर हैरानी हुई होगी। इस प्रदर्शन के बावजूद वह पारी की शुरुआत करेंगे लेकिन उनका जोड़ीदार कौन होगा यह इस समय सबसे बड़ा सवाल है। युवा ओपनर पृथ्वी शॉ भारत के लिए दो टेस्ट खेल चुके हैं और अपने पदार्पण टेस्ट में शतक भी जमा चुके हैं। उन इसके बाद चोट और डोपिंग के लिए निलंबन से जूझना पड़ा लेकिन अब वह टेस्ट टीम में वापसी के लिए तैयार हैं। उन्हें टेस्ट टीम में जगह बनाने के लिए एक और युवा बल्लेबाज शुभमन गिल से चुनौती मिल सकती है जिन्होंने भारत ए के लिए पिछले दो गैर आधिकारिक टेस्टों में 83, नाबाद 204 और 136 जैसे शानदार स्कोर बनाये हैं।

खेलों इंडिया खेलों से नई प्रतिभा सामने आएगी:रानी

नई दिल्ली। भारतीय महिला हाकी टीम की कप्तान रानी का मानना है कि आगामी खेल इंडिया विश्वविद्यालय खेलों से देश भर में नई खेल प्रतिभा को सामने लाने में मदद मिलेगी। हाल में देश का चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से नवाजी गई 25 साल की रानी से सरकार की पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में देश को इससे काफी फायदा मिलेगा। रानी ने कहा, ''मेरा मानना है कि खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल युवा मामलों और खेल मंत्रालय की शानदार पहल है। उन्होंने सबसे पहले खेलो इंडिया युवा खेल शुरू किए और अब खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेल, अगर आप वैश्विक परिदृश्य में देखें तो ये शानदार हैं। '' उन्होंने कहा, ''अन्य देशों में अधिकतर खिलाड़ी किसी ना किसी प्रारूप में विश्वविद्यालय स्तर पर खेलने के बाद अंतरराष्ट्रीय

स्तर पर खेलते हैं और अब भारत में भी इसी तरह की रणनीति लागू होने के बाद, हमें विश्वविद्यालय स्तर पर और अधिक प्रतिभावान खिलाड़ी मिलेंगे, उसी तरह जैसे खेल इंडिया युवा खेलों से हमें प्रतिभावान युवा खिलाड़ी मिल रहे हैं। '' भुवनेश्वर में 22 फरवरी से एक मार्च तक होने वाले पहले खेलो इंडिया विश्वविद्यालय खेलों में पुरुष और महिला वर्ग में आठ-आठ टीमें खिताब के लिए भिड़ेंगी। पंजाब विश्वविद्यालय से अंग्रेजी में एमए कर रही रानी ने कहा कि वह अपने विश्वविद्यालय की टीम का समर्थन कर रही हैं।

स्काउट-गाइड से आता है दिलों में देश सेवा और कत्वर्य परायणता का बोध : राज्यपाल

- राज्यपाल भारत स्काउट एवं गाईड छत्तीसगढ़ के राज्य पुरस्कार प्रमाण-पत्र वितरण एवं अलंकरण समारोह में हुई शामिल
- दंतेवाड़ा से सात उत्कृष्ट हुये सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

दंतेवाड़ा। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने आज रायपुर राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य पुरस्कार प्रमाण पत्र वितरण एवं अलंकरण समारोह में राज्य के उत्कृष्ट स्काउट एवं गाइड, रोवर, रेंजर्स और स्काउटर्स तथा गाइडर्स को सम्मानित किया। दंतेवाड़ा जिला के सात उत्कृष्ट को इस अवसर पर सम्मानित किया गया। जिसमे श्रीमती शैनी रविन्द्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को जिला संगठन आयुक्त (गा.) हेतु, प्रितम दास शासकीय हाईस्कूल आंवराभाटा तथा उदय कुमार ठाकुर डीएव्हीपी स्कूल किरंदुल को

स्काउट हेतु, कुमारी बिंदु कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय चितालंका तथा कुमारी शिवानी निषाद शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दंतेवाड़ा को गाइड हेतु, नीरज तिवारी बीआईओ पी सीनियर सेकेंडरी स्कूल किरंदुल को रोवर हेतु तथा कुमारी मीनाक्षी विश्वकर्मा डीएव्हीपी स्कूल किरंदुल को रेंजर हेतु सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि स्काउट्स और गाईड्स बच्चों और किशोरों को रचनात्मक दिशा देने, उनके बीच समाज सेवा बढ़ाने और उन्हें देश सेवा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि इस संगठन से जुड़े बच्चे मनोवैज्ञानिक रूप से अधिक सशक्त, अनुशासनप्रिय और सृजनात्मक व्यक्तित्व के स्वामी बनते हैं। राज्यपाल ने प्रतिवर्ष 03 स्काउट्स एवं गाईड्स को 10 हजार रूपए, 02-02 रोवर्स एवं रेंजर्स को पांच हजार रूपए और 03-03 स्काउटर्स एवं गाइडर्स को 10 हजार रूपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा भी की।

राज्यपाल ने स्काउट्स एण्ड गाईड्स के जनक सर राबर्ट बाडेन-पावेल को स्मरण किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ स्काउट्स एवं गाईड्स के सभी पदाधिकारियों, पुरस्कृत सभी स्काउटर, गाईडर और लीडर को उनकी उपलब्धियों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद हमेशा युवाओं और किशोरों के प्रेरणा स्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा था अगर मुझे तेजस्वी, श्रद्धासंपन्न, दृढ़विश्वासी और निःस्वार्थ सेवा करने वाले कुछ युवा मिल जाएं तो मैं पूरी दुनिया को बदल कर रख सकता हूं। भारत स्काउट्स एण्ड गाईड्स एक ऐसा संगठन है जिसकी शाखाएं पूरे देश में 'विविधता में एकता की भावना' तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना बढ़ाने में इस संगठन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राज्यपाल ने विश्वास जताते हुए कहा कि स्काउट्स, गाइड्स के रूप में जो कुछ भी सीखा, समझा और ग्रहण किया है, उन गुणों को आप अपनी जिन्दगी में भी उतारने का प्रयास करेंगे।

न्यूज गैलरी

नगर में जनपद पद पर कमल खिला और बीजेपी के प्रत्याशियों ने मनाया जश्न

मुंगेली नगर में जनपद पर भाजपा का कबजा रहा। अध्यक्ष पद पर गायत्री रामफ्ल साहू और उपाध्यक्ष पद में पवन इन दोनों ने भारी मतो से जनपद पद अपना जीत हासिल की। नगर में जनपद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव के लिए 25 मतदाताओं ने अपने मतो का प्रयोग किया ,जनपद में कांग्रेस और भाजपा के बिच मुख्य मुकाबला रहा अध्यक्ष के लिए भजपा की ओर से गायत्री रामफ्ल साहू ने और वही काग्रेंस की ओर से ममता राजू साहू ने नामांकन दाखिल किया। जिसमें भापजा के गायत्री को 15 मत मिले और वही ममता राजू साहू को केवल 8 मत ही मिला, और एक मत रिजेक्ट हो गया। उपाध्यक्ष के लिये काग्रेस के ओर से फुलेश्वर बारमते एवं भापजा की ओर से पवन ने नामाकंन दाखिल किया। फूलेश्वर बारमते को 8 मत ही मिला जबकि पवन ने 17 मतों से अपनी जीत हासिल कीया। इस तरह से जनपद में भाजपा ने अपना पद पर दबदबा कायम रखा और भाजपा के दोनो प्रत्याशियों ने अपनी जीत की खुशी मनाई। और वही बीजेपी के प्रत्याशियों ने अपनी जीत की खुशी बडी ही धुमधाम से मनाया।

ग्राम देवगांव में बीच बस्ती के पैरावट में आग लगने से मचा हड़कम्प

मुंगेली। अभी गर्मी शुरू नही हुई है अभी से आग लगने की घटना ने दस्तक देना शुरू कर दिया है नगर से लगे ग्राम देवगांव में बुधवार शाम 5 बजे पैरावट में आग लगी, जिससे हड़कम्प मच गया, देखते ही देखते आग ने रफ्तार पकड़ लिया, और आधा दर्जन पैरावट की खरही चपेट में लिया, बीच बस्ती में आग लगने से ग्रामीण चिंतित थे, घटना की जानकारी लगने पर तत्काल दमकल की गाड़ी रवाना हुई इस बीच गांव के स्थानीय लोगो ने आग बुझाने की कोशिश में लगे रहे दमकल के पहुच के पश्चात दो घंटे के बाद आग में काबू पाया गया। तब कहीं जाकर ग्रामीणों ने चैन की सांस ली। आग लगने के कारणों की जानकारी नही लग पाई है।

राशि जमा कर भूमि स्वामी को पट्टा दिलाना सुनिश्चित करें : चैहान

कांकेर। जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर श्री के.एल. चैहान की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उन्होंन समीक्षा करते हुए कहा कि नजूल भूमि का भू-भाटक की राशि जमा कर भूमि स्वामी को पट्टा दिलाने के निर्देश दिये। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राजस्व एवं भू-अर्जन प्रकरणों का निराकरण, अविवादित नामंतरण एवं बंटवारा प्रकरणों का निराकरण ग्राम पंचायतों के माध्यम से कराया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सीमांकन, अतिक्रमण के प्रकरण, बंदोबस्त त्रुटि सुधार, राजस्व वसूली, व्यपवर्तन हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों का निराकरण, आबादी नजूल पट्टा, नजूल पट्टा का नवीनीकरण, राजीव गांधी आश्रय योजना के तहत वितरित पट्टों की समीक्षा किया। ई-कोर्ट में दर्ज प्रकरणों का निराकरण, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, भूंईया साप्टवेयर में अभिलेख शुद्धता की जानकारी, ऑनलाईन नामांकन पंजीयन, धारा-170(ख) के तहत दर्ज प्रकरण, अनुभागवार एवार्ड पारित प्रकरणों एवं भू-अर्जन मुआवजा वितरण की समीक्षा भी किया।

शासकीय विभागों में 28 फरवरी के बाद प्रावधानित बजट से क्रय प्रतिबंधित

दंतेवाड़ा। कलेक्टर श्री टोपेश्वर वर्मा ने आज यहां बताया कि सभी शासकीय विभागों और कार्यालयों में 28 फरवरी 2020 के बाद वित्तीय वर्ष 2019-20 के प्रावधानित बजट से ऋय पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। वित्त विभाग द्वारा इस संबंध में सभी विभागों को परिपत्र जारी कर दिया गया है।

सड़क हादसे में एक की मौत दो गंभीर

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। चलती हाइवा के पीछे बाइक सवार टकरा जाने से एक व्यक्ति मृत और सवार दो साथी की स्थिति गंभीर जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल दाखिल किया गया।

घटना फास्टरपुर थाना क्षेत्र के मानपुर गुड्डू ढाबा के पास की है मंगलवार की रात्रि तीन व्यक्ति बाइक में सवार होकर पंडरिया से जिले की ओर आ रहे थे और सामने चल रही एक हाइवा से तेज रफ्तार बाइक टकरा गई और टक्कर इतना तेज था कि बाइक चालक योगेश मंगेश्कर पिता कमल प्रसाद, की मौके पर ही मृत्यु बाइक में सवार हेमंत पात्रे व तामष्कर बंजारे पिता खेमसिंह गंभीर रूप से घायल है जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। ये तीनो व्यक्ति सोनपुरी के निवासी थे। तीन युवकों के दुघर्टना में घायल होने से सोनपुरी ग्रामवासी सदमें थे वहीं 26 वर्षीय निर्मल खाण्डे हार्टटेक से मौत हो गई है। इनके पिता रमाखाण्डे की मौत भी 1 वर्ष पूर्व हार्टटेक से मृत्यु हुई थी। ग्राम सोनपुरी में शोक लहर फैल गई है।

राजेश राठौर बने अध्यक्ष, ममता बनी उपाध्यक्ष

सक्ती। जनपद पंचायत सक्ती में 13 फरवरी को अध्यक्ष उपाध्यक्ष के लिये सुबह 10.30 बजे से जनपद पंचायत कार्यालय के सामने ग्रामीणों एवं नगरवासियों काफी संख्या में देखें गये। सबके मनमें एक ही बात होती थी कि आज जनपद पंचायत का अध्यक्ष कौन होगा और किस पार्टी का होगा। उपाध्यक्ष में भी यही माहौल रहा कि उपाध्यक्ष महिला होगी कि पुरूष होगी। त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव 3 फरवरी को संपन्न हुआ तत् पश्चात 24 सदस्यों वाली सक्ती जनपद में अध्यक्ष पद हेतु जनपद अध्यक्ष के लिये राजेश राठौर एवं कुंवर धर्मेन्द्र सिंह दोंनो ने अध्यक्ष का नामांकन जमा किया जिसमें सदस्यों ने वोटिंग के बाद राजेश राठौर 13 मत तथा कुंवर धर्मेन्द्र सिंह को 11 मत मिले इस प्रकार अध्यक्ष जनपद पंचायत का राजेश राठौर विजयी

घोषित हुये तथा उपाध्यक्ष पद हेतु ममता प्रेम पटेल तथा रामकुमार गबेल को उपाध्यक्ष पद के लिये अपने अपने फार्म जमा कर वोटिंग के बाद ममता प्रेम पटेल को 13 एवं रामकुमार गबेल को 11 मत मिले 2 मतों से ममता प्रेम पटेल विजयी घोषित हुयी । तत्पश्चात विजयी अध्यक्ष उपाध्यक्ष को बधाई देने वालों का ताता लग गया। विजयी होने के बाद अध्यक्ष राजेश राठौर को कांग्रेस का प्रत्याशी कांग्रेसी अपना प्रत्याशी बता रहे है। दुसरी ओर उपाध्यक्ष ममता प्रेम पटेल इनका पति भारतीय जनता पार्टी का ग्रामीण मंडल अध्यक्ष वर्तमान में होते हुये भी भारतीय जनता पार्टी के कोई भी पर्यवेक्षक एवं स्थानीय भाजपा के पदाधिकारीगण पूरे चुनाव के दौरान नही दिखे, जो नगर में चर्चा का विशय यह कहकर रहे कि 15 वर्श भाजपा शासन रहने के बावजूद आज इतना बड़ा जनपद पंचायत का चुनाव हुआ लेकिन भाजपा का कोई भी कर्णधार नजर नही आया।

3-1 से दन्तेवाड़ा में भाजपा ने जनपद पदों को जीता, एक पद कांग्रेस के हाथ

नवप्रदेश संवाददाता

दन्तेवाड़ा। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है और सरकार के बीते वर्षो के कार्यो का लेखा-जोखा लेकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश के कई हिस्सों में बढ़त बनाते हुए ग्राम सरकार बनाई। लेकिन दन्तेवाड़ा जिले की तस्वीर इसके उल्टफेर कहानियां बयां करती नजर आई। जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस को पूरे जिले में पछाड़ दिया। परिणामस्वरूप 03 जनपद दन्तेवाड़ा, गीदम, और कटेकल्यान में भाजपा ने अपने समर्थित प्रत्याशी को अध्यक्ष पद दिलाने में कामयाब रही। वही

कुआकोंडा जनपद इकलौती भाजपा के हाथों से फिसल गई।

दन्तेवाड़ा जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, गीदम से आंती वेग व कटेकल्यान जनपद से राधिका पोडियाम बीजेपी समर्थित प्रत्याशियों ने अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। तो वही कुआकोंडा जनपद में अध्यक्ष पद पर जोगी कर्मा निर्वाचित हुई।

गीदम में सबसे बड़ा उल्टफेर हुआ जहाँ कांग्रेस के ज्यादा जनपद सदस्य होने के बावजूद भी बीजेपी ने अपना अध्यक्ष बना लिया। गीदम जनपद में उपाध्यक्ष पद मनीराम हपका को मिला। 1 हाथ दे एक हाथ ले में भाजपा का गणित यहाँ फ़ीट बैठ गया। दन्तेवाड़ा जनपद में अध्यक्ष पद पर भाजपा का कब्जा होते ही कांग्रेस ने उपाध्यक्ष पद पर भाग नही लिया।जिसके बाद निर्विरोध जयदयाल नागेश भाजपा समर्थित उपाध्यक्ष चुन लिये गये। कटेकल्यान जनपद में उपाध्यक्ष पद सीपीआई के युवा जितेंद्र सोरी ने हासिल किया। यहाँ बीजेपी और सीपीआई ने मध्यस्थता कर अध्यक्ष उपाध्यक्ष बांट लिए। लेकिन कुआकोंडा जनपद में भाजपा का गणित नही चला। यहाँ कांग्रेस ने सीपीआई से गठजोड़ कर अध्यक्ष-उपाध्यक्ष दोनों पदों पर काबिज रहे। अध्यक्ष जोगी कर्मा और उपाध्यक्ष अवधेश पुष्पा गौतम बन गयी। अध्यक्ष/उपाध्यक्ष के लिए 06 और 04 वोट पड़े। जिससे फैसला हुआ।

कोरबा के युवा शशांक कटकवार ने संगीत में बनाई राष्ट्रीय पहचान

कोरबा। शहर के होनहार युवा शशांक कटकवार ने संगीत के क्षेत्र में राष्ट्रीय पहचान बनाते हुए पॉवर कंपनी परिवार को गौरवान्वित किया है। शशांक ने बीते दिनों गोवा के मडगांव में आयोजित मोहन कार्निवाल इंटरनेशनल म्यूजिक फेस्टिवल में शास्त्रीय संगीत में एकल गायन की प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस म्यूजिक फेस्टिवल में उज्जैन, बनारस, असम समेत देश के अन्य क्षेत्रों के कलाकारों ने हिस्सा लिया था। शशांक के पिता अशोक कटकवार हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम के वर्कशाप एवं गैरेज में पदस्थ हैं। अभी शशांक पुणे में रहते हुए संगीत में स्नातकोत्तर की उपाधि ले रहे हैं। शशांक ने इंदिरा संगीत विवि खैरागढ़ से संगीत में स्नातक उपाधि प्राप्त की है।

भंडारीपारा पार्षद के नेतृत्व में कोरिया यादव समाज द्वारा किया गया श्रमदान

कांकेर। भंडारीपारा वार्ड ऋमांक 10 में वार्ड के युवा पार्षद किशन यादव की अगुवाई में वार्ड के भीतर बड़े कोरिया यादव समाज के लोगो द्वारा यादव भवन में एक दिन का श्रमदान किया गया।श्रमदान के दौरान सामाजिक भवन में बिजली वायरिंग,साफसफाई,वा समतलीकरण ,किया गया।जिसमे श्रम दान में आए लोगों के लिए नाश्ते की व्यवस्था मनीष यादव वा खाने की व्यवस्था पार्षद किशन यादव के द्वारा किया गया। श्रमदान के दौरान नरेंद्र यादव, टिन्नी यादव, ईश्वर यादव, कन्हैया यादव निर्मलयादव, रामलाल, अर्जुन, गड़ेश, निल्लू, गुड़ा, तामेश, रूपेश यादव, हिमांशु, मुन्ना, विनोद, शितलेश, संतोष, धीरपाल रामेश्वर यादव, बिन्नू, शंकर यादव उपस्थित थे।

भाजपा का सूपड़ा साफ, पांचो जनपदों में कांग्रेस

कोरबा। कांग्रेस शहरी सत्ता में काबिज होने के बाद ग्रामीण क्षेत्र के सत्ता का केंद्र बिंदु कहे जाने वाले 5 जनपदों के अध्यक्ष पद पर कांग्रेस ने कब्जा कर लिया है। जिले के पांचों जनपदों में अध्यक्ष पद के लिए पिछले 15 दिनों से चल रही सियासत आखिरकार गुरुवार को खत्म हो गया । जनपद पंचायत के अध्यक्ष की कुर्सी के लिए जोड़तोड़ की खेल के बाद आज पांचो जनपदों में कांग्रेस ने बाजी मार ली है। पोडी ब्लॉक,कांग्रेस संतोषी पेन्द्रों को 9 वोट मिले जबकि प्रतिद्वंदी को प्रताप सिंह मरावी 8 बोट मिले। इसी तरह प्रताप सिंह 8 मत से संतुष्ट होने पड़ा। इसी तरह कटघोरा से कांग्रेस के लता कंवर को 9 बोट मिले तो प्रतिद्वंदी संगीता को 8 बोट मिले है। वही पाली जनपद पंचायत से कांग्रेस दिलेश्वरी कंवर निर्विरोध चुनी गई है। जनपद पंचायत करतला कांग्रेस सुनीता कंवर

16 बोट मिले तो भाजपा से लक्ष्मीन कंवर 8 मत हासिल हुए है। कांटे की टक्कर कहे जाने वाले कोरबा जनपद पंचयत के लिए हरेश कंवर को13 मत ,वही विक्की कंवर को 5 मत व भाजपा समर्थित रेणुका राठिया 4 मत व निर्दलीय 2 मत कोरबा जिले के सभी जनपद में कांग्रेस का कब्जा भाजपा ने अपना खाता नही खोल पाया है।

दिक्कत प्रकृति के दिये हुये जल से ही अपनी प्यास बुझाते हुए नजर आते है रहवासी

तुर्रा की तरफ बहाया जा रहा नाले का गंदा पानी

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुंठपुर। जिले में यदि देखा जाये तो प्राकृतिक रूप रेखाओं में चिरिमिरी शहर में ही देखने को मिलेगा कि यहाँ के लगभग कुछ रहवासी प्रकृति के दिये हुये जल से ही अपनी प्यास बुझाते हुए नजर आएंगे जो कि तुर्रा के नाम से जाना जाता है। कई वर्षों से यही तुर्रा का जल पीकर अपनी जिंदगी का निर्वहन करते आये हैं। जब कि यहां के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर एनिकट सहित पाईप लाइन बिछाया गया फिर भी यहां की जनता इस कुदरत पर आश्रित तुर्रा पर निर्भर है जो की यहां के विकास को लेकर मुंह चिढाता नजर आ रहा यह कहना

भी गलत नहीं होगा।

मिली जानकारी अनुसार नगर पालिक निगम चिरमिरी क्षेत्र के आजाद नगर गोदरी पारा में स्थित प्राकृतिक जल स्रोत जो कि अपने पानी के मीठे स्वाद के लिए पूरे क्षेत्र में जाना जाता है वह स्वयं ही नगर सरकार के बदलने के बाद अपने जीर्णोद्धार का इंतजार कर ही रहा था की उस पर विनाश की गाज फिर गिर पड़ी। 40 साल से भी ज्यादा समय से स्थानीय निवासियों को रोजगार देने सहित उनके कंठ की प्यास बुझाने वाले इस तुर्रे के अस्तित्व पर संकट आ गया हैं। यहां नगर पालिक निगम चिरमिरी के द्वारा प्राकृतिक जल स्रोतों को संचय करने के बजाय उनका विनाश करने हेतु उक्त स्थल तक कालोनियों से निकलने वाला गंदे नाले का पानी ले जाकर के बहाने की तैयारी किया जा रहा हैं। जिससे जो चार दशकों से उक्त तुर्रा का पानी पीकर वृद्ध हो गए और वर्तमान समय में भी हजारों लोग उसी तुर्रा के पानी पर आश्रित हैं। उन लोगों में निगम की कार्यप्रणाली और नाला निर्माण को लेकर के भारी आक्रोष हैं। जिसकी शिकायत स्थानीय वार्डवासी और नागरिकों के द्वारा वार्ड पार्षद के तत्वाधान में शिकायत निगम के जिम्मेदार अधिकारियों से भी की गई हैं किन्तु इस समस्या का समाधान नहीं निकला।

क्या कहते है आम स्थानीय निवासी

बूंद बूंद को तरसेंगे: राजकुमारी, स्थानीय निवासी आजादनगरः- मै अपने परिवार के साथ 26 सालों से तुर्रा के पानी पर ही निर्भर हूं , मेरी आर्थिक स्थिती ऐसी नहीं की मै रोजाना वाटर एटीएम से पानी खरीद सकूँ। ऐसे में तो हम बूंद बूंद पानी को तरसेंगे।

हम प्यासे मर जाएंगे: रमावती दुबे, स्थानीय निवासी आजादनगरः- मेरा पूरा परिवार 40 वर्षो से तुर्रा के पानी पर ही आश्रित हैं। अब यदि तुर्रा के पानी में ही गंदे पानी को बहाया जाएगा तो हम प्यासे मर जाएंगे।

दो जून की रोटी भी मुशिकल हो जाएगी: शिव बालक, स्थानीय निवासी **आजादनगरः-** कई वर्षो से मैं कावंर से यहा का पानी लोगों के घरों में पहुंचाता हूं यह तुर्रा ही मेरी रोजी रोटी का जरिया हैं। यदि यह ही नहीं रहा तो मेरे परिवार के लिए दो जून की रोटी भी मुशिकल हो जाएगी।

न्यूज गैलरी

अधिकांश महिलायें और युवा ऑनलाइन मिलने वाले लोगों करते हैं भरोसा

नई दिल्ली (वार्ता)। किफायती इंटरनेट की उपलब्धता से जहां स्मार्टफोन मनोरंजन का प्रमुख माध्यम बन गया है वहीं ऑनलाइन डेटिंग ऐप की भी लोकप्रितया बढ़ने लगी और इसके जरिये मिलने वाले अनजान लोगों पर न:न सिर्फ युवा बल्कि अधिकांश महिलायें भी भरोसा करती हैं। उपभोक्ता साइबर सुरक्षा क्षेत्र की कंपनी नॉर्टनलाइफलॉक इंक ने गुरूवार को इंडिया डिजिटल वैलनेस रिपोर्ट के दूसरे संस्करण को जारी किया। इसको शहरों में रहने वाले 1500 भारतीय वयस्कों के ऑनलाइन सर्वे के आधार पर तैयार की गई। रिपोर्ट में, अलग-अलग यूज़र वर्ग में, ऑनलाइन डेटिंग ऐप की लोकप्रियता और किस तरह किफायती डेटा की उपलब्धता ने स्मार्टफोन को मनोरंजन का प्रमुख माध्यम बना डाला है, विषय पर प्रकाश डाला गया है। रिपोर्ट के अनुसार इसमें सर्वे में शामिल 40 फीसदी प्रतिभगी डेटिंग ऐप पर मिलने वाले लोगों से असल जिंदगी में मिले बगैर भी उनके साथ अपनी निजी जानकारी साझा करने को लेकर किसी प्रकार की दुविधा में नहीं होते। इसमें शामिल 66 प्रतिशत महिलाओं और 63 प्रतिशत युवाओं को लगता है कि ऑनलाइन मिलने वाले लोग भरोसेमंद होते हैं।

कच्चे तेल में नरमी से रुपया दो पैसे मजबूत

मुंबई (वार्ता)। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में रही गिरावट से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया गुरुवार को दो पैसे मजबूत होकर 71.31 रुपये प्रति डॉलर पर पहुँच गया। पिछले कारोबारी दिवस पर छह पैसे टूटकर 71.33 रुपये प्रति डॉलर पर बंद होने वाला रुपया आज और दो पैसे फिसलकर 71.35 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के घरेलू पूँजी बाजार से पैसा निकालने से बने दबाव से यह 71.49 रुपये प्रति डॉलर तक लुढ़क गया। एफपीआई ने आज बाजार से 27.22 करोड़ डॉलर की शुद्ध निकासी की। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत में रही नरमी से रुपये को समर्थन मिला और यह 71.31 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत होकर इसी स्तर पर बंद हुआ। साथ ही दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर के सूचकांक में रही नरमी से भी रुपये को समर्थन मिला।

सोना-चांदी में खरीदी से मजबूती

इंदौर (वार्ता)। स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना तथा चांदी में पूछपरख बढी रही। इससे भाव मजबूती लिए रहे। कारोबार में सोना ऊंचे में 41125 रुपये प्रति 10 ग्राम व चांदी 46750 रुपये प्रति किलोग्राम बिकी। ज्ञातव्य है कि मूल्यवान धातुओं के भाव में देर रात तक उलटफेर होता रहता है। शाम 5 बजे की स्थिति में मूल्यवान धातुओं के भाव इस प्रकार रहे।

एनटीपीसी की ओएंडएम कॉन्फ्रेंस 'आईपीएस-2020' में बोले केंद्रीय मंत्री आर.के. सिंह

पर्यावरण संरक्षण के साथ सुनिश्चित करनी होगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति

बोले- न तो पर्यावरण और न ही लोगों के स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग से किया जा सकता है समझौता

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। केंद्रीय विद्युत एवं नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आर के सिंह ने कहा कि ऊर्जा क्षेत्र में आज 24 घंटे निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चत करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण की दिशा में साथ-साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि न तो हम पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों के स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग से समझौता कर सकते हैं और न ही इस मानवीय जरूरत को पूरा करने के लिए पर्यावरण को नजरअंदाज कर सकते हैं। आखिरकार दोनों ही मानव कल्याण के लिए अहम हैं। केंद्रीय मंत्री सिंह ने गुरुवार को रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में एनटीपीसी की ओर से आयोजित पॉवर प्लांट ओ एंड एम (ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस) कॉन्फ्रेंस 'आईपीएस- 2020' के उद्घाटन सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए ये बातें कही। एनटीपीसी की इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस की थीम ऑप्टिमाइजेशन ऑफ जनरेशन कॉस्ट एंड इंटिग्रेशन ऑफ रिन्यूएबल्स यानी परिस्थिति अनुकूल उत्पादन लागत व नवीकरीणीय का एकीकरण है। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। मंच पर केंद्रीय मंत्री सिंह के अलावा एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह, सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी अथॉरिटी (सीईए) के अध्यक्ष प्रकाश म्हास्के , एनटीपीसी के निदेशक (प्रचालन) प्रकाश तिवारी व केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय में संयुक्त सचिव विवेक कुमार देवांगन मौजूद थे। इस अवसर पर टेक्नो गैलेक्सी 2020 प्रदर्शनी भी आयोजित की जा रही है, जहां 42 से अधिक भारतीय व अंतर्राष्ट्रीय निर्माताओं के उत्पाद व तकनीकें भी प्रदर्शित की जायेंगी।

कार्बन उत्सर्जन में कमी का मतलब ये नहीं कि थर्मल पॉवर प्लांट बंद कर दिए जाए

केंद्रीय मंत्री सिंह ने दुनियाभर में कार्बन उत्सर्जन को लेकर किए जा रहे प्रयासों को लेकर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि अमेरिका जैसे विकसित देशों में लोगों का स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग भारत से ऊंचा है। विकसित देशों में पर कैपिटा इनकम अधिक है तो पर कैपिटा कंजंप्शन भी अधिक है। इसके बावजूद जब वैश्विक स्तर पर कार्बन उत्सर्जन में कमी की बात की जाती है तो हमसे भी अपेक्षा बढ़ जाती है। जबकि वैश्विक स्तर पर कुल कॉर्बन उत्सर्जन में भारत का हिस्सा 5 फीसदी ही है। सिंह ने कहा कि इस परिप्रेक्ष्य में हम अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करेंगे, लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि थर्मल पॉवर प्लांट को बंद कर दिया जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022 तक भारत ने 175 गीगा वाट नवीकरणीय ऊर्जा का लक्ष्य रखा है। इसके बाद 450 गीगावाट का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि राज्यों की विद्युत कंपनियों को भी कार्बन उत्सर्जन में कमी के साथ-साथ निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करनी होगी।

प्रतिस्पर्धा अन्य पॉवर प्लांट से नहीं, बल्कि उन देशों से जो कम दाम में मुहैया करा रहे बिजली

क्रेंदीय मंत्री सिंह ने एनटीपीसी के अधिकारी-कर्मचारियों का आह्वान करते हुए कहा कि एनटीपीसी की प्रतिस्पर्धा किसी दूसरे थर्मल पॉवर प्लांट से नहीं बल्कि उन देशों से होने चाहिए, जहां की विद्युत उत्पादन कंपनियों अपने उपभोक्ताओं को नवीकरणी ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त बिजली कम दरों पर उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने इस संदर्भ में कतर व दुबई में क्रमशः 1.09 रुपए व 1.08 रुपए प्रति यूनिट की दर से मिल रही सौर ऊर्जा से निर्मित बिजली का उदाहरण भी दिया। हालांकि उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी एनटीपीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना भी की।

जो कम नहीं करेंगे घाटा उन्हें अस्तित्व बचा पाने की चुनौती

सिंह ने कहा कि देश के कई डिस्कॉम घाटे में चल रहे हैं। एक अनुमान के मुताबिक ये कंपनियां 2 लाख करोड़ के घाटे में हैं। इसके बावजूद भी ये कंपनियां घाटे का कारणों का पता नहीं लगा पा रही हैं। यदि ऐसे ही चलते रहा तो ऐसी कंपनियों के सामने अपना अस्तित्व बचाए रखने की चुनौती आ जाएगी।

पब्लिक सेक्टर के उद्यमों को बचाए रखना जरूरी

क्रेंदीय मंत्री ने पब्लिक सेक्टर के उद्यमों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने अपनी वेदश यात्राओं का जिक्र कर कहा कि कई देशों में पब्लिक सेक्टर की बड़ी भागीदारी है। इसको बचाए रखना जरूरी है। जहां हालांकि उन्होंने यह भी कहा विद्युत की बढ़ती मांग के मद्देनजर निवेश की भी काफी जरूरत है।

मुफ्त बिजली पर बोले- यह राज्यों का अधिकार

कार्यक्रम से इतर पत्रकारों के सवालों के जवाब में आरके सिंह ने कहा कि मुफ्त बिजली देना राज्य सरकारों का अधिकार है। आखिरकार बिजली कंपनियों को भुगतान तो राज्य सरकारों को ही करना है। किसानों को सौर ऊर्जा संचालित पंपों को स्थापित करने में आने वाले ज्यादा खर्च को लेकर उन्होंने कहा कि कुसूम योजना के तहत किसानों को सोलर पंप लगाने के लिए 70 फीसदी सब्सिडी दी जा रही है।

क्लीनर-ग्रीनर एनर्जी के लिए कॉन्फ्रेंस अहम: देवांगन

केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय में संयुक्त सचिव विवेक कुमार देवांगन ने ऊर्जा क्षेत्र में एनटीपीसी द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ये कॉन्फ्रेंस क्लीनर व ग्रीनर एनर्जी के लक्ष्य को हासिल करने में बेहद अहम साबित होगी। देवांगन रायपुर के कलेक्टर भी रह चुके हैं। एनटीपीसी के निदेशक (प्रचालन) प्रकाश तिवारी ने अभार व्यक्त किया।

छग स्थित सिपथ प्लांट को ओवरऑल एक्सीलेंस अवार्ड

कार्यक्रम में एनटीपीसी के छत्तीसगढ़ स्थित सिपथ प्लांट को ओवरऑल एक्सीलेंस अवार्ड प्राप्त हुआ है। जबकि सतत सुधार श्रेणी में सिंगरौली प्लांट को पुरस्कार प्राप्त हुआ। केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिह्न भेंट किए ।

थर्मल से केमिकल पॉवर प्लांट की ओर बढ़ना होगा : गुरदीप सिंह

इस मौके पर एनटीपीसी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक गुरदीप सिंह ने जनरेशन कॉस्ट ऑप्टिमाइजेशन पर टिप्स दिए साथ ही कॉर्बन उत्सर्जन में कमी पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से फ्लाइ ऐश का इस्तेमाल रोड व पैविंग ब्लॉक बनाने में हो रहा है उसी प्रकार उत्सर्जित कॉर्बन डाइऑक्साइड को हाइड्रोजन के साथ मिलाकर हम केमिकल पॉवर प्लांट की ओर बढ़ सकते है। उन्होंने यह भी कहा कि अब एनटीपीसी के न्यू प्रोजेक्ट की फंडिंग भी इसी आधार पर होगी वह प्लांट कार्बन का कितना कम उत्सर्जन करता है। उन्होंने पॉवर प्लांट के लिए जल संरक्षण की अवधारणा पर भी प्रकाश डाला। सिंह ने जनरेशन कास्ट को अनुकूल बनाने के लिए मशीनरी के स्पेयर पार्ट की उपलब्धता व कोयले की क्वालिटी पर भी ध्यान देने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पॉवर जनरेशन के लिए अभी एक-दो दशक तक कोयले पर निर्भरता बनी रहेगी।

एकल अभियान को जनांदोलन बनाने के लिए परिवर्तन कुंभ: गोयल

देश के ग्रामीण, वनवासी और वंचित तबकों के 30 लाख से अधिक बच्चों को बुनियादी शिक्षा से भारत निर्माण में जुटे 'एकल अभियान' को जनांदोलन में बदलने के लिए लखनऊ में 16 से 18 फरवरी तक 'परिवर्तन कुंभ' और पर्यावरण सुधारने की दिशा में 'एक छात्र-एक पेड़' गोद लेने के कार्यक्रम की शुरुआत होगी।

लखनऊ (वार्ता)। भारत लोक शिक्षा परिषद के न्यासी और न्यास बोर्ड के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण गोयल ने गुरवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में परिवर्तन कुंभ की जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन 16 फरवरी को रमाबाई अंबेडकर मैदान में उत्तर भारत के 20 हजार गांवों से एक लाख से ज्यादा स्वराज सैनिक स्वराज सेनानी सम्मेलन के लिए एकत्रित होंगे। श्री गोयल ने बताया कि अगले दो दिनों में डॉ राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के डॉ अंबेडकर सभागार में परिवर्तन कुंभ की शुरुआत होगी जिसमें अगले पांच साल की कार्ययोजना पर मंथन के साथ ही गत पांच वर्षो में हासिल उपलब्धियों की समीक्षा की जायेगी। सामाजिक परिवर्तन की मिसाल 'एकल अभियान' का शुभारंभ 30 वर्ष पहले किया गया था। वर्ष 1989 में केवल एक विद्यालय से शुरू अब एकल विद्यालयों की संख्या एक लाख को पार कर गई है। उन्होंने बताया कि शिक्षित समाज निर्माण के साथ ही पर्यावरण को सुधारने की दिशा में लखनऊ कुंभ से 'एक छात्र-एक पेड़' गोद लेने के अभियान का आह्वान भी होगा। उन्होंने बताया कि अभियान का विस्तार अब 27 राज्यों के 360 जिलों में हो चुका है और एक लाख से अधिक एकल विद्यालय हैं। पिछले पांच वर्षों में एकल विद्यालयों की संख्या में करीब दोगुना बढ़ोतरी हुई है। इन विद्यालयों में 30 लाख से अधिक छात्रों को बुनियादी शिक्षा के साथ 'राष्ट्र धर्म सर्वोपरि' और संस्कारों की भी शिक्षा दी जाती है। बचपन से ही कंप्यूटर शिक्षा भी एकल अभियान की शिक्षा पद्धति का अहम हिस्सा है। अध्यक्ष ने बताया कि तीन दिन के इस आयोजन में लखनऊ महानगर में लघु भारत का दृश्य नजर आयेगा और देश भर के विभिन्न अंचलों में एकल अभियान के तहत चलाए जा रहे कुटीर उद्योगों का संजीव चित्रण करने लिए एक भव्य प्रदर्शन का आयोजन भी किया जायेगा जिसमें कुछ प्रमुख उत्पाद बिक्री के लिए भी उपलब्ध रहेंगे।

फिलहाल दूध के दाम बढ़ने की आशंका नहीं : क्रिसिल

नई दिल्ली (वार्ता)। साख निर्धारण एवं बाजार अध्ययन कंपनी क्रिसिल ने अगले वित्त वर्ष में अच्छे मानसून और दूध उत्पादन बढ़ने की संभावना के मद्देनजर दूध की कीमतों में फिलहाल वृद्धि नहीं होने की बात कही है। कंपनी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में दिसंबर तक दूध का उत्पादन छह प्रतिशत कम रहा तथा पूरे वित्त वर्ष के दौरान इसके पाँच से छह प्रतिशत के बीच घटकर करीब 17.6 करोड़ टन रहने का अनुमान है। उसने बताया कि पिछ्ले साल मई से दूध उत्पादन में कमी आने के कारण पहले नौ महीने में डेयरी कंपनियों का दूध का खरीद मूल्य 19 प्रतिशत बढ़ा। इस कारण उन्होंने दूध के खुदरा मूल्य तीन से चार प्रतिशत बढ़ा दिये। पहले जबरदस्त गर्मी, फिर मानसून के आने में देरी और बाद में ज्यादा बारिश से बाढ़ के कारण दुधारू पशुओं को सही चारा नहीं मिल पाया।। साथ पिछले साल मानसूनी बारिश दीर्घावधि औसत से 10 प्रतिशत ज्यादा होने के कारण जलाशयों में इस बार 10 साल के औसत से 41 प्रतिशत ज्यादा पानी उपलब्ध है।

व्यापर को बढ़ावा देने चार चिन्हारी पर किया फोकस

राजिम। माघी पुन्नी मेला में कृषि विभाग का स्टॉल किसानों को खासा प्रभावित कर रही है। गरियाबंद जिला द्वारा जीवंत कृषि प्रदर्शिनी मे नरवा, गरूवा, घुरवा, बाड़ी कार्यक्रम के अन्तर्गत नदी नाले के पानी को लघु सिंचाई बोल्डर चेक द्वारा संरक्षित कर कम पानी से होने वाली फसल गेहूँ, मक्का, चना, उड़द, मूंग एवं मुंगफली आदि पर फोकस किया गया है तथा धान के बदले ली जाने फसल के रूप मे जीवंत प्रदर्शित किया गया है। गोधन से प्राप्त गोबर एवं अपशिष्ट पदार्थ से वर्मीकम्पोस्ट, नाडेय कम्पोस्ट तैयार कर सम्पूर्ण जैविक उत्पाद को खेतो एवं बाड़ी मे उपयोग करने से होने वाले फायदे को दर्शाया गया हैं।

वहीं रासायनिक खाद के बदले जैविक खाद पर किसानों को उत्पादन के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी तथा स्वास्थ्य के लिए लाभदायक की जानकारी दी गई है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी फिंगेश्वर बीआर साहू एवं एईओ अक्षय भदोरिया ने बताया कि विकास प्रदर्शनी में पत्ता गोभी, बैगन, केला, मिर्च, पपीता, पालक के साथ ही जैविक खेती में चवलई भाजी, धनिया, कलमी मेथी, प्याज, के उत्पादन की मात्रा में इजाफा होता है। उन्होने बताया कि कृषि विभाग द्वारा किसानों के लिए अनेक योजनाएं आती जिससे किसान फायदा ले सकते है।

प्रदर्शनी | **राजिम माघी पुन्नी मेला में राज्य के कोसा उत्पाद पर लोगों को दी जाएगी जानकारी**

पूरी दुनिया में है छत्तीसगढ़ के कोसे की भारी मांग

नवप्रदेश संवाददाता

राजिम। माघी पुन्नी मेला में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने और जानकारी देने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाया है। ग्रामोद्योग रेशम प्रभाग विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में कोसा के बारे में जानकारी दी जा रही है। रेशम प्रभार के नोडल अधिकारी ए.डी.एस कोहलेकर, जी.पी. शर्मा के साथ किरवई के किसान गोविंद साहू और भेखराम साहू श्रद्धालुओं को कोसा उत्पादन की जानकारी उपलब्ध करा रहे हैं। कोसा कृषक गोविंद साहू ने बताया कि सी.एस.बी. या बी.एस.एम.टीसी. से तितली का अण्डा प्राप्त होता है। इस अण्डे को ट्रे मे रखकर

प्राकृतिक तरीके से प्रजनन कराके लार्वा यानि एक छोटा सा कृमि प्राप्त करते है। इस कृमि को हम कहवा, साजा, सरई, साल के वृक्ष के पत्तों में कृमि को डाल देते है। ये कृमि पत्ते को खाकर कीड़ा बन जाते है। वह कीड़ा अपने लार के माध्यम अपने चारो ओर आवरण तैयार करते जाते है। ऐसी स्थिति आती है कि उस आवरण के अन्दर बंद हो जाता है। इस तरह से प्राप्त फल कोसा कहलाता है। कोसा के अन्दर बंद कीड़ा प्यूपा बन जाता है। वही प्यूपा जो अनुकूल वातावरण में तितली बनकर बाहर आते है और कृषक इन्ही तितलियों का संग्रहण कर पुनः कोसा प्राप्त करने के लिये तितलियो से अण्डा प्राप्त करते है। उसी के साथ कोसे से रेशम बनाई जाती है। रेशम का बाजार में अच्छा मूल्य मिल जाता है। ये एक प्रकार का आधुनिक कृषि है जिसमें अधिक लाभ होती है।

छत्तीसगढ़ के कोसा की पूरी दुनिया में मिली है ख्याति

छत्तीसगढ़ का कोसा सिल्क पूरी दुनिया में अपने आरामदायक टेक्स्चर के लिए जाना जाता है। प्रदेश में विदेशी पर्यटकों के आगमन के साथ ही यहां की कोसा सिल्क साड़ियों के निर्यात में दिनों-दिन बढ़ोतरी हो रही है। राजिम माघी पुन्नी मेला के मौके पर लगाई गई प्रदर्शनी में कोसा सिल्क बनाने वाली तितलियों को भी रखा गया है। इन तितलियों को देखते ही कई लोग इनके बारे में और जानने की इच्छा जाहिर करते नजर आए तो कई लोगों ने इनकी तस्वीरें अपने कैमरे में कैद की।

क्या है कोसा की खासियत

कोसा सिल्क प्रदेश के कुछ जिले में मुख्य रूप से तैयार किया जाता है। यह बेहद मजबूत होता है और पूरी दुनिया में अपने नर्म टेक्स्चर के लिए जाना जाता है। यह सिल्क के सबसे शुद्ध प्रकारों में गिना जाता है। इसकी खासियत इसके रंग हैं। कोसा सिल्क प्राकृतिक रूप से हल्के गोल्डन रंग में मिलता है जिसे पलाश, लाख और गुलाब की पंखुडियों से बने रंगों से डाई किया जाता है।

सिर्फसाड़ी नहीं डिजाइनर आउटफिट्स भी होते हैं तैयार

पारंपरिक रूप से कोसा से सिर्फ साड़ियां बनाई जाती थीं लेकिन अब इससे लहंगे भी बनाए जाते हैं। विदेशों में कोसा सिल्क के कपड़ों से कई तरह के डिजाइनर वेस्टर्न आउटफिट्स भी तैयार किये जाते हैं।

महंगाई बढ़ने, औद्योगिक उत्पादन गिरने से शेयर बाजार फिसला

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक स्तर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही घरेलू स्तर पर इस वर्ष जनवरी में खुदरा महँगाई के बढ़कर छह वर्ष के उच्चतम स्तर पर पहुँचने और दिसंबर 2019 में औद्योगिक उत्पादन सूचकांक में गिरावट आने का असर गुरुवार को शेयर बाजार पर दिखा। इसके कारण बीएसई का सेंसेक्स 106 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 27 अंक उतर गया। बीएसई का सेंसेक्स 106.11 अंक उतरकर 41,459.79 अंक पर और एनएसई का निफ्टी 26.55 अंक फिसलकर 12,174.65 अंक पर रहा। बीएसई में दिग्गज कंपनियों की तुलना में मझौली कंपनियों में बिकवाली का दबाव कुछ कम रहा जिससे बीएसई का मिडकैप 0.01 प्रतिशत उतरकर 15,786.76 अंक पर रहा जबकि स्मॉलकैप 0.07 प्रतिशत चढ़कर 14,741.72 अंक पर पहुँच गया। बीएसई के अधिकांश समूह गिरावट में रहे जिसमें बैंकिंग में सबसे अधिक 0.94 प्रतिशत की कमी आयी। बढ़त में रहने वाले समूहों में स्वास्थ्य 1.06 प्रतिशत, आईटी 0.88 प्रतिशत, सीडी 0.95 प्रतिशत और टेक 0.81 प्रतिशत शामिल है। बीएसई में कुल 2,643 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिसमें से 1,424 लाल निशान में और 1,059 हरे निशान में रहीं जबकि 160 में कोई बदलाव नहीं हुआ। विदेशों से कमजोर संकेत मिले। अमेरिका के लगभग सभी प्रमुख सूचकांक हरे निशान में खुले।

राज्य में पहली बार एनएचआरसी की फुल और सिंगल बेंच बैठी

बैठक में एससीएसटी मामलों पर एसपी-कलेक्टर तलब

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग की शिकायतों के निराकरण के संबंध में आज जनसुनवाई की गई। इस दौरान सिंगल बेंच से लेकर फुल बेंच बैठी थी जिसमें महिला सदस्या ने बिलासपुर एसपी को जमकर घेरा। सालों पुराने केस में जांच की धीमी रफ्तार और एसटीएससी के एक केस में पीड़ित उस वर्ग का है कि नहीं यहीं जानने में गुजार दिया था। इसपर बेंच की सदस्या ने लताड़ लगाते हुए आईपीएस पर बरस पड़ीं। जनसुनवाई में कई तरह के प्रकरणों पर अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए यह कदम उठाया गया। आज गुरुवार 13 फरवरी को यहां सिविल लाइन स्थित न्यू सर्किट हाउस में कैम्प सीटिंग एवं जन सुनवाई आयोजित की गई। राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति एच.एल. दत्तू ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि मानवा अधिकार संरक्षण और आर्थिक सामाजिक योजनाओं के क्रियान्वयन में गहरा संबंध है। उन्होंने कहा कि मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए बुनियादी सुविधाओं के लिए ठोस कार्य धरातल पर दिखे।

आयोजन से ऐसा वातावरण निर्मित हो, जिससे सभी नागरिकों के मूलभूत अधिकारों का संरक्षण हो और वे संविधान में प्रदत्त मानव अधिकारों का उपभोग कर सके। उन्होंने बताया कि कैम्प सीटिंग के माध्यम से प्रभावितों को क्षतिपूर्ति राशि दिलाई जाती है। दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की अनुशंसा भी की जाती है। शिविरों के माध्यम से मानव अधिकार एक्ट 1993 के तहत मानव अधिकार हनन के प्रकरणों को सुनने और निराकृत करने का अवसर मिलता है। न्यायमूर्ति एच.एल. दत्तू ने मानव अधिकारों के संरक्षण के लिए बुनियादी सुविधाओं-शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, स्वच्छता के विकास पर विशेष जोर दिया। श्रीमती ज्योतिका कालरा एवं डा. डीएम मुले ने 13 अन्य महत्वपूर्ण मामलों में सुनवाई करते हुए आदिवासी एवं अनुसूचित जाति में शामिल महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया। उक्त जानकारी आज नवीन विश्रामगृह में आयोजित पत्रकारवार्ता में जयदीप गोविंद सचिव राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग ने दी। पत्रकारवार्ता में अध्यक्ष श्री दत्तू ने बताया कि 35 मामलों में सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को विशेष निर्देश दिए गए हैं। वहीं भूमि संबंधित मामले, क्षतिपूर्ति के मामले, एनटीपीसी में नौकरी संबंधी मामलों में राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 54 लाख रूपए की राशि में से 12 लाख 90 हजार की राशि वितरित करने के निर्देश राज्य सरकार को दिए गए। पत्रकारवार्ता में श्री गोविंद ने बताया कि संवेदनशील मामलों की समीक्षा की गई एवं लंबित प्रकरण की प्रकृति के आधार पर कार्यवाही करने के निर्देश राज्य पुलिस को दिया गया। उन्होंने बताया कि मानव अधिकार हनन की लड़ाई लंबी है, लेकिन आने वाली समस्याओं-लंबित समस्याओं का आयोग के अधिनियम के तहत समाधान भी है। पत्रकारवार्ता में अध्यक्ष श्री दत्तू ने कहा कि पेंशन संबंधी मामलों में पेंशनरों को मार्गदर्शन के नाम पर नहीं भटकाया जाएगा। पेंशन कैंप लगाकर सेवानिवृत्त अधिकारियों, कर्मियों की समस्याएं त्वरित गति से सुलझाने के निर्देश भी संबंधित विभागों के प्रमुखों को दिया गया है। आयोग की सदस्य ज्योतिका कालरा ने बताया कि सैप्टिक टैंक में सफाई के दौरान स्वच्छता कर्मियों की हुई मौत के मामलों में उनके परिजनों को प्रति मृतक 10 लाख रूपए की मुआवजा राशि दी गई है, वहीं एनटीपीसी में नौकरी न मिलने, भूमि संबंधी मामले , पुलिस के मामले आदि भी आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए गए। छत्तीसगढ़ शासन के एडीजी पवनदेव के मामले पर श्रीमती ज्योतिका ने कहा कि उक्त मामले में महिला सिपाही के अधिकारों के हनन के संबंध में कैट में चल रहे मामले पर राज्य शासन को महाधिवक्ता के माध्यम से अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त प्रकरण के बाद पदोन्नति के मामले में राज्य शासन को ही नीतिगत निर्णय लेना है। मानव अधिकार से संबंधित गतिविधियों का प्रचार-प्रसार हिन्दी और अंग्रेजी में किया जाता है। कैम्प सीटिंग के उद्घाटन अवसर पर राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की सदस्य श्रीमती ज्योतिका कालरा, सदस्य डॉ. डी.एम. मूले, राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष एम.पी. सिंघल, सदस्य गिरधारी लाल नायक, सेक्रेटरी जनरल डॉ. प्रभात सिंह, रजिस्ट्रार सूरजीत डे, एन.सी. सांखला, पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और जिलों के कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित थे।

जनसुनवाई में सिंगल और फुल बेंच ने लेटलतीफी पर लगाई लताड़

आयोग अध्यक्ष जस्टिस एचएल दत्तू ने यह दो बातें कह चौंकाया

मैं हिंदी समझता हूं, बोलने में सहज नहीं, पर सीख रहा हूं, मुझे खेद है

■ **अधिकार पर बोले, हां आज दांत शायद नहीं हैं पर उग रहे हैं**

रायपुर। एनएचआरसी की खुली जनसुनवाई के बाद फुल बेंच अपने अध्यक्ष जस्टिस एच एल दत्तू के साथ प्रेस से मुख़ातिब हुई। सवालों के शुरुआत में ही एनएचआरसी अध्यक्ष जस्टिस एच एल दत्तू ने प्रेस से विनम्रता से कहा मैं हिंदी समझता हूँ पर हिंदी कहने में सहज नहीं हूँ। हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा है, इसलिए मैं समझ बेहतर कर रहा हूं। हिंदी में सहजता से ना बोल पाने का मुझे खेद है। आयोग के अध्यक्ष जस्टिस दत्तू ने मानवाधिकार आयोग को दंत, नख विहीन शेर कहे जाने यानि कि कार्रवाई के अधिकारों पर किये सवाल सुनकर तपाक से उसी अंदाज में बयान दिया। कहा हमें फिलहाल अनुशंसा का तो अधिकार है पर राज्य या संस्था उसे माने यह बाध्यता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा हालाकि एनएचआरसी की सिफारिशों को माने जाने की दर अभी 99 फीसदी है। केंद्र सरकार से अधिकार को लेकर आग्रह किया गया है। मुस्कुराते हुए जस्टिस श्री दत्तू बोले हां, आज दांत शायद नहीं है पर धीरे धीरे उग रहे हैं।

एसीएस अमिताभ जैन ने कहा

छत्तीसगढ़ में पहली बार राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की फुल बेंच एवं सिंगल बेंच द्वारा एक साथ अनुसूचित जाति एवं जनजाति से संबंधित शिकायतों की खुली जनसुनवाई की जा रही है। इसका लाभ पीड़ित पक्षों को मिलेगा। राज्य में 32 प्रतिशत जनसंख्या अनुसूचित जनजाति की है। प्रदेश के 150 में से 85 विकासखण्ड अनुसूचित जनजाति के है। प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों में साप्ताहिक हाट बाजारों में चिकित्सकों की टीम द्वारा स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराई जा रही है। शहरी क्षेत्रों के स्लम एरिया में भी घर पहुंच चिकित्सा व्यवस्था मुहैया कराई जा रही है। वनांचल क्षेत्रों में मलेरिया नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाकर हर व्यक्ति की जांच कर उपचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा जिले में गरीबी रेखा का स्तर राष्ट्रीय स्तर के समकक्ष लाने के लिए विभिन्न विभागों के समन्वय से मिशन मोड पर काम कर रहे हैं।

मैट्स यूनिवर्सिटी कैंपस बन गया सड़कछाप लड़ाई का मैदान

छात्रों के दो गुटों में जमकर मारपीट, कई घायल

■ **पंडरी बस स्टैंड स्थित कैंपस में कई दिनों से चल रहा था तनाव**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। इस वक्त रायपुर से बड़ी खबर सामने आ रही है। मैट्स यूनिवर्सिटी के पंडरी कैंपस में हंगामा हुआ है। छात्रों के बीच जमकर मारपीट हुई है। इस मारपीट में कई छात्र घायल हो गए है। मारपीट का विडियो सोशल मिडिया वाट्सअप पर वायरल भी हो रहा है।

जानकारी के मुताबिक मारपीट की वजह यहां लगातार लंबे समय से एक गुट था जो छात्रों के ऊपर प्रभावित था। उनसे अपनी बात मनवाने के लिए छोटी छोटी बात पर उन्हें परेशान करने की कोशिश करता था। इसी बात को लेकर आपस में मारपीट हुआ है। इसके साथ ही बताया जा रहा है कि मारपीट में दो छात्रों का सिर फटा है। वही एक पीड़ित का नाम प्रखर झा बताया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन इस मामले को रफा दफा करने की कोशिश कर रहा है।

पीड़ित छात्र प्रखर झा

छात्रों का कहना है कि जब भी कोई विवाद होता है। प्रबंधन मामले को रफा दफा कर देता है। लेकिन हम इस बार इस मामले को थाने लेकर जाएंगे। छात्रों ने विवाद को दबाने का आरोप लगाया है। आपको बता दे इस मारपीट में घायल हुए छात्रों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में ले गए है। इलाज के पश्चात छात्रों से पूछताछ की जाएगी कि विवाद की विवाद की वजह क्या और थी। मारपीट की यह पहली घटना नही है इसके पहले भी इस तरह के कई मामले सामने आ चुके है। फिलहाल देवेन्द्र नगर पुलिस शिकायत दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

विवाह के 53 साल साथ जीये, एक साथ ही छोड़ दी दुनिया

'जो वादा किया, वो ऐसे निभा गए'

■ **मुंगेली में 90 साल के पति के दम तोड़ते ही 89 साल की पत्नी की सांसें भी थम गईं**

नवप्रदेश संवादाता

मुंगेली। आज के वक्त में प्यार तो दूर शादियां भी पल भर में टूट जाती हैं। ऐंसे में सबसे वयोवृध्द पति-पत्नी का 53 साल का साथ कुछ यूं छूटा कि नगर की हर जुबां पर अब उनकी चर्चा है। विवाह के बाद साथ जीने की कसमें तो सभी खाते हैं पर साथ मरता कोई नहीं। लेकिन, आपस में पति-पत्नी के अगाध प्रेम का किस्सा बन गए जिले के रामगोपाल तिवारी वार्ड निवासी 90 वर्षीय प्रतिष्ठित नागरिक भुखनलाल केशरवानी और उनकी पत्नी राधिका।

जानकारी के मुताबिक मंगलवार रात 10 बजे 90 वर्षीय भूखनलाल केशरवानी की मृत्यू हो गई। भरे-पूरे परिवार के मुखिया भूखन की मौत का शोक मनाया जा रहा था। तभी चंद ही घंटों में अपने पति का यूं साथ छोड़कर चले जाने से व्यथित 89 वर्षीया पत्नी राधिका इतनी दुखी हो गईं। पति के जाने का ऐसा सदमा पहुंचा कि वो भी रोते-बिलखते हुए एकदम से शांत हो गईं। जब सभी को अंदाजा हुआ और बच्चों व परिजनों ने राधिका को उठाना चाहा तब तक उनकी भी सांसें थम चुकि थीं।

खबर आग की तरह फैल गई और एक साथ दोनों जिस घर में 53 साल पवित्र बंधन में साथ रहे उनके बीच प्यार का ही नतीजा था कि वे इस दुनिया से गए भी तो साथ-साथ। पति वियोग में राधिका के जाने के बाद एक साथ ही दोनों की अर्थी भी साथ ही उठीं। बुधवार को पति-पत्नी दोनो की शव यात्रा एक साथ निकली और खर्राघाट स्थिति मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार सम्पन्न हुआ। जिसमें नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुक्तिधाम में भी इनके साथ-साथ मृत्यु होने की चर्चा चलती रही। राधिका के शरवानी-भुखनलाल केशरवानी, अशोक, किशोर, सुनील, अनिल, संजय ,विजय केशरवानी के माता-पिता थे।